ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:35 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 जून 2025
वर्ष 3, अंक 290, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



केरल तट के पास जहाज में आग लगी 14

एसबीआई चेयरमैन ने वित्तमंत्री को सौंपा लाभांश चेक 12

उत्साह



महाराष्ट्र के नागपुर में गांधी गेट पर छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस को चिह्नित करते हुए शिव राज्याभिषेक सोहाला मनाने के लिए जुलूस में भाग लेती महिलाएं। ● एजेंसी

# महाराष्ट्र में लोकल ट्रेन से गिरकर 4 की मौत, 9 घायल

## ठाणे में मुंब्रा स्टेशन के पास दो ट्रेनों के एक-दूसरे को पार करते समय हुआ हादसा

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह बेहद व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास उस समय घटी जब ट्रेन तीखे मोड़ पर एक-दूसरे को पार कर रही थीं।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि हादसे में मारे गए लोग दो ट्रेनों के पायदान पर यात्रा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी और दूसरी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि हादसा दो ट्रेन के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई।



परिजन को खोने पर बिलखती महिला।

पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में ले जाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन घटना के कारण की जांच कर रहा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे जीआरपी कांस्टेबल विकी मुखीयाद के रूप में हुई है। वहीं, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### अब मुंबई में लोकल ट्रेनों के दरवाजे होंगे स्वचालित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए सभी मौजूदा और नई लोकल ट्रेनों के डिब्बों में स्वचालित दरवाजे की सुविधा देने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में घटी भयावह घटना के बाद मंत्रालय ने मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजों की सुविधा देने का फैसला किया है।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये देगी। महाजन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी तथा उन्हें सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। घायलों को भी वित्तीय सहायता की जाएगी।

## एक नजर

### एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुए सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में सोमवार को पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश नहीं हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीबी ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं मनीष सिसोदिया और लोक निर्माण विभाग के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### मणिपुर में 55.52 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, 37 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन व्हाइट वेल विशेष अभियान में लगभग 55 .52 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ और नकदी जब्त करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पांच से सात जून के बीच अभियान चलाया गया था।

### ट्रेनिंग पूरी, नौसेना को मिले 18 पायलट

**अरक्कोणम।** आईएनएस राजाली स्थित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण स्कूल से एक महिला समेत नौसेना के 18 अधिकारियों ने पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया। इन अधिकारियों ने भारतीय नौसेना के एयर स्क्वाड्रन-561 में प्रशिक्षण स्कूल में अपने 22 सप्ताह लंबे गहन उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के सफल समापन पर एक प्रभावशाली 'पासिंग आउट परेड' में हिस्सा लिया। सब-लेफ्टिनेंट सिद्धि हेमंत दुबे ने प्रशिक्षण के सफल समापन पर भारतीय नौसेना की दूसरी महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनकर इतिहास रच दिया।

### वैष्णो देवी में सुरक्षा को बना एकीकृत कमांड सेंटर

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली वाले 'एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र' का उद्घाटन किया। उपराज्यपाल ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सही समय की निगरानी और भीड़ प्रबंधन को सक्षम करेगी।

# भारत ने बीते 11 वर्षों में विविध क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा : प्रधानमंत्री

## सरकार के तीसरे कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर कहा- सुशासन से आया यह बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। सोमवार को अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए एक लिंक में कहा गया है कि वर्तमान केंद्रीय मंत्रियों में से 60 प्रतिशत एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों से हैं। इस संदेश का उद्देश्य कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के खिलाफ काम करने के आरोपों के बीच उनकी सरकार की सामाजिक न्याय संबंधी साख को उजागर करना है। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में, हाशिए पर पड़े इन समूहों का यह अब तक का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है।



एक्स पर अपने पोस्ट में मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेज गति से, उचित अनुपात में और संवेदनशीलता के साथ पथ-प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। 'उज्ज्वला' हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

### स्वर्णाक्षरों में लिखे जाएंगे मोदी सरकार के कार्य : नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 साल के कार्यकाल को 'स्वर्ण अक्षरों' में लिखा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'गैर-जिम्मेदार' नेता करार दिया। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार की विदेश नीति की आलोचनाओं और ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष में भारत के लड़ाकू विमानों के मार गिराए जाने की आशंका जताए जाने के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह बेबुनियाद सवाल पूछकर गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।


# सोनम ने ही कराई थी भाड़े के हत्यारों से राजा रघुवंशी की हत्या

शिलांग/इंदौर/लखनऊ/झांसी, एजेंसी

मेघालय में हनीमून के दौरान इंदौर के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या में कथित रूप से उसकी पत्नी शामिल थी, जिसने भाड़े के हत्यारे बुलाए थे। मेघालय की डीजीपी आई नोंगरांग ने सोमवार को यह जानकारी दी। हालांकि, सोनम के पिता ने अपनी बेटी के बेगुनाह होने का दावा किया है जबकि राजा के भाई ने कहा कि सोनम को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

डीजीपी ने बताया कि राजा की पत्नी सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि रातभर की छापेमारी के बाद तीन अन्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीन लोगों में से दो मध्यप्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश के ललितपुर का निवासी है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि सोमवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। राजा (29) और उनकी पत्नी सोनम 23 मई को सोहरा इलाके के नोंगरियात गांव में एक होमस्टे से निकलने के कुछ घंटे बाद ही लापता हो गए थे। राजा का शव दो जून को गांव से 20 किलोमीटर दूर एक खाई में मिला था। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया और दो अन्य को इंदौर से पकड़ा।

डीजीपी नोंगरांग ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने खुलासा किया है कि सोनम ने रघुवंशी की हत्या के लिए उन्हें भाड़े पर बुलाया था। गिरफ्तार किया गया पहला व्यक्ति आकाश राजपूत (19) उत्तर प्रदेश के ललितपुर से था। दूसरा विशाल सिंह चौहान (22) और तीसरा राज सिंह कुशवाहा (21) मध्यप्रदेश के इंदौर से था। सोमवार को अपराह्न मध्यप्रदेश के सागर जिले से आनंद कुर्मी (23) को गिरफ्तार किया गया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि इंदौर के गोविंदनगर खारचा की निवासी सोनम रघुवंशी रात में वाराणसी-गाजीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित काशी ढाबा पर मिली।



- हनीमून के लिए मेघालय गए थे इंदौर के दंपती, पति की मिली थी लाश
- पांच आरोपी गिरफ्तार, सोनम को उप्र के गाजीपुर जिले से दबोचा गया

### सोनम के पिता ने कहा-मेरी बेटी बेगुनाह

वहीं, इंदौर में सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा कि मेरी बेटी बेगुनाह है। हम इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस मेरी बेटी के बारे में गलत बयान दे रही है। सनमाइका शीट के कारोबारी देवी सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी के खिलाफ मेघालय पुलिस के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उसने सुपारी देकर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या कराई थी।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में बारूदी सुरंग में विस्फोट से एएसपी की गई जान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक राज्य में पिछले 14 वर्ष में यह पहली बार है जब किसी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की मौत नक्सली घटना में हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक, एएसपी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल ग्वाला, जिले के कोंटा क्षेत्र में मिट्टी हटाने की एक मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना पर आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, चंद्राकर और ग्वाला घायल हो गए। तीनों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोंटा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गिरपुंजे ने दम तोड़ दिया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कोंटा क्षेत्र) आकाश राव गिरपुंजे की मौत पर दुख व्यक्त किया। बस्तर क्षेत्र के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि विस्फोट की सीधी चपेट में आने से गिरपुंजे को गंभीर चोटें आईं और उनके पैर कट गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



हमले में घायल पुलिस अधिकारी।

- नक्सलियों के हमले में डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

# स्वास्थ्य योजनाओं में 9.94 करोड़ का फर्जी भुगतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। इसका खुलासा विभागीय जांच में हुआ। 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को फर्जी तरीके से 9,94,13,386 रुपये का भुगतान किया गया। यह भुगतान 6239 दावों के संबंध में किया गया है।

जांच में सामने आया कि यह सारे भुगतान इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी और कम्प्रीहेन्सिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के अधिकारियों के लॉगिन से किया गया है। हकीकत सामने आने पर संबंधित योजनाओं के स्टेट नोडल अधिकारी डा. बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डॉ. बृजेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक इन योजनाओं के लाभार्थियों के उपचार के दावे प्रस्तुत करने के बाद भुगतान किए जाने की राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं प्रबंधित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था है। जो दावे पोर्टल पर आते हैं, उनकी शुरुआती स्तर पर स्टेट एजेंसी साचीज द्वारा निविदा के माध्यम से चयनित इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) द्वारा ऑन लाइन संस्तुति पोर्टल पर ही साचीज को भेजा जाता है। इसकी जांच मेडिकल ऑडिटर लॉगिन पर करने के बाद लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त को भेजे जाने की व्यवस्था है। लेखाधिकारी व प्रबंधक वित्त की संस्तुति के बाद साचीज के सीईओ द्वारा अनुमोदन कर संबंधित बैंक के जरिए अस्पताल को ऑनलाइन भुगतान के लिए भेजा जाता है।



- 22 दिन में 39 अस्पतालों को किया 9.94 करोड़ का भुगतान
- आयुष्मान भारत, पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में गड़बड़ी

### आधी रात को 6239 मामलों में किया भुगतान

दावों की ऑन लाइन प्रोसेसिंग कई स्तरों पर जांची गई तो पता चला कि इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी, लेखाधिकारी, प्रबंधक वित्त साचीज और मुख्य कार्यपालक अधिकारी साचीज की लॉगिन से आधी रात को भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी के मुताबिक 1 से 22 मई के बीच 39 अस्पतालों को 9 .94 करोड़ रुपये का अनियमित भुगतान किया गया। इन अस्पतालों ने 6239 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक स्टेट नोडल अधिकारी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। साइबर क्राइम सेल की टीम के साथ मिलकर मामले की जांच की जा रही है।

# गर्मी ने किया बेहाल, पारा 45° पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सोमवार को भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। झुलसा देने वाली धूप ने खूब परेशान किया। लखनऊ में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा और झांसी सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ी गर्मी के कारण बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। 8 जून की रात बिजली की मांग 30,161 मेगावाट रही।

बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली एनसीआर के जिले प्रचंड गर्मी के साथ लू की भी चपेट में रहे। मौसम विभाग ने 10 जून के लिए प्रदेश के आगरा, झांसी, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा व ललितपुर में भीषण गर्मी के साथ लू चलने का 'आरेंज अलर्ट' जारी किया है। दक्षिणी व पश्चिमी यूपी के लगभग 14 जिलों में रातें सामान्य से ज्यादा गर्म रहने के आसार हैं। पश्चिमी यूपी और एनसीआर के लगभग 25 जिलों के लिए लू का 'यलो अलर्ट' जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार राजधानी में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है।



- बिजली की मांग भी 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची
- प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहे झांसी और आगरा जिले

### और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के अनुसार 10 जून तक मौसम शुष्क बने रहने, गर्म सतही पछुआ हवा चलने और ऊपरी क्षोभमंडल के प्रतिचक्रवात के संयुक्त प्रभाव से तापमान में 2-3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। ऐसे में 11 जून तक बुंदेलखंड, विंध्य आदि क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। 11 जून के बाद बंगाल की खाड़ी से उठी नमी से पूर्वांचल व अन्य हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर शुरू होने की संभावना है।

# 22 हजार करोड़ से गांवों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

## 10.5 हजार करोड़ की केंद्रीय और 11.5 हजार करोड़ की राज्य की योजनाओं से संवारे जाएंगे गांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार केंद्र और राज्य की योजनाओं से 22 हजार करोड़ रुपये खर्च करके गांवों का कायाकल्प करेगी। इस अभियान में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता, रोजगार, आवास और जलनिकासी जैसी जरूरी सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना में कोई भी गांव अछूता न रहने का सख्त निर्देश दिया है।

योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के चहुंमुखी विकास के लिए बड़े अभियान पर काम कर रही है। इसमें 10 हजार 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय योजनाएं और लगभग 11 हजार 500 करोड़ रुपये की राज्य योजनाएं शामिल हैं। इनके माध्यम से गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास के लिहाज से अछूता न रहने पाए।

स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसके लिए 2 हजार करोड़ रुपये विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत खर्च किए जाएंगे। इस धनराशि से शौचालय निर्माण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्वच्छता समितियों का सशक्तिकरण और जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।



- 2 हजार करोड़ से स्वच्छ भारत मिशन को मिलेगी रफ्तार, सीएम का निर्देश कोई भी गांव अछूता न रहे

### 1 हजार करोड़ से अधिक की वित्तीय स्वीकृति

ग्रामीण विकास योजना के तहत अब तक 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। इसके अलावा शुरुआती चरण में लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरुआत भी कर दी गई है। इसमें सड़क निर्माण, जलनिकासी, पंचायत भवनों का निर्माण, सामुदायिक शौचालय और पेयजल आपूर्ति जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।

### ग्रामीणों को मिले हर आवश्यक सुविधा: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि एक-एक गांव को विकसित किया जाए, जहां ग्रामीणों को हर आवश्यक सुविधा सुलभ हो। उन्होंने इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी है।

# टप्पेबाजी कर नकदी व जेवरात चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

## टप्पेबाजी किये गये जेवरात बरामद, टप्पेबाज महिलाओं के चार साथी मौके से हुए फरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलांस व थाना गुरसहायगंज पुलिस ने थाना गुरसहायगंज व थाना तिर्वा क्षेत्र में हुई दो टप्पेबाजी, चोरी की घटनाओं के मामले से संबंधित 03 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात व एक कार मिली है।

प्रभारी निरीक्षक थाना गुरसहायगंज के नेतृत्व में एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने टप्पेवाजी व चोरी करने वाली 03 महिला आरोपियों मीना पत्नी करन सिंह, मुस्कान पुत्री करन सिंह निवासीगण बनपोई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रुखाबाद, खुशबू पत्नी जितेन्द्र निवासी ग्राम मीरावली थाना छायसा जनपद बल्लभगढ़ को थाना गुरसहायगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम डुडवा बुजुर्ग अन्डरपास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी किये गये माल व घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया गया। इन्होंने 21 अप्रैल को पीडिता अखिलेश कुमारी पुत्री सत्य प्रकाश पत्नी अभिषेक सिंह निवासी ग्राम गपचरियापुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज से नकदी व जेवरात चोरी किये थे।


पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते एसपी, एएसपी व सीओ सिटी पुलिस की गिरफ्त में महिला टप्पेवाज। अमृत विचार

इसी तरह 25 मई को पीडिता विनीता यादव पत्नी शिवदीप सिंह निवासी ग्राम नगला दलजीत सिंह थाना मोहम्मदाबाद जनपद फर्रूखाबाद से गुरसहायगंज तिराहा से टेम्पो में बैठकर थैले से जेवरात व नकदी पार की थी। एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार व सीओ सिटी अभिषेक प्रताप सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस की पूछताछ में पकड़ी गई महिलाओं ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर गांधी चौराहा थाना तिर्वा व गुरसहायगंज रामगंज तिराहा से टेंम्पो में बैठी महिला को बातों में उलझा कर उनके बैग से आभूषण व रुपये चोरी कर लेती। अब तक कई महिलाओं से टप्पेवाजी कर चुकी हैं। यह सभी किआ कार से कन्नौज जिले में आते। यहां टप्पेवाजी करते। कार चालक जीतन बहेलिया पुत्र निरंजन बहेलिया, उमा बहेलिया पत्नी जीतन बहेलिया, करन सिंह पुत्र मूलचन्द्र निवासी बनपोई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रुखाबाद व रोशनी सैनी पुत्री महेश सैनी निवासी पकरिया टोला थाना व जनपद कन्नौज फरार हैं। बरामद जेवरात गुरसहायगंज बेचने के लिये आते समय गिरफ्तार कर लिया गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे कोतवाली गुरसहायगंज, दरोगा दीपक कुमार, सिपाही प्रशान्त बालियान, अमन सिंह, मोनू, नीरज, दीपान्शु, विनय कुमार, सतेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, महिला सिपाही मनीषा, राखी कोतवाली गुरसहायगंज। निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस टीम, हेड सिपाही अजय चाहर, दुष्यंत यादव, शिवराज यादव, शुभम गुर्जर, शुभम बालियान, दीपक व एसओजी प्रभारी कमल भाटी के साथ टीम के हेड सिपाही सुधीर कुमार, तेज प्रताप सिंह, मनोज कुमार, रविन्द्र यादव, विकास अग्रहरि, मनीष सिंह, यगन चौधरी, गौरव कुमार शामिल रहे।

# सम्मान निधि के आवेदन में फार्मर रजिस्ट्री जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने फैमिली आईडी बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए
- कलेक्ट्रेट कक्ष में अधिकारियों की बैठक की

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट कक्ष में फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बैठक की। कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों और भू-मालिकों के लिये महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जो उन्हें अपनी भूमि के अधिकारों और हितों की रक्षा करने में मदद करता हैं।

इस योजना के तहत भूमि के अधिकारों की रक्षा एवं कृषि ऋण और सब्सिडी प्राप्त करने में मदद तथा भूमि के उपयोग की जानकारी व भूमि संबंधित विवादों का समाधान के साथ ही किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। डीएम ने कहा कि किसान सम्मान निधि का नवीन आवेदन करते समय फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य हैं इसलिये फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में गति लायी जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल 77,263 फैमिली आईडी बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 44.42 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हुआ है। कहा कि तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर किए गए आवेदनों की समीक्षा में पाया गया कि तहसील स्तर पर आवेदनों की संख्या में बढोत्तरी नहीं हो रही है। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि इसका प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे लोगों में जागरुकता लायी जा सके। फैमिली आईडी कार्ड बनाये जाने के कार्य में गति दिखनी चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### महिला को दपती ने पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव नेरा निवासी पूजा पत्नी नरेद्र ने गांव के ही निवासी विनोद पुत्र राम कृपाल व उसकी पत्नी रुबी के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 06 जून को शाम करीव 06 बजे वह अपने गर के दरवाजे पर थी उसी समय उक्त लोग गाली गलौज करते हुए आये रोकने पर उससे मारपीट करने लगे। इससे उसके चोट आई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सार-संक्षेप


मरीजों को फल बांटते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### मरीजों में फल बांट कर मनाया सेवा संकल्प दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मरीजों में फल बांट कर मनाया गया। उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं जिला मंत्री राजीव दुबे ने अन्य पदाधिकारियों के साथ सौ शैया अस्पताल पहुंच कर मरीजों में फल बांटे। जिला मंत्री ने कहा व्यापारी दिवस के मौके पर वह सरकार से मांग करते हैं कि शिक्षक, मजदूर, बाल दिवस की तरह व्यापारी के सम्मान सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए देश में राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए। शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र से जिस प्रकार विधान परिषद सदस्य चुने जाने का संवैधानिक अधिकार शिक्षकों एवं स्नातकों को है उसी प्रकार पंजीकृत व्यापारियों से व्यापारी को चुनकर विधान परिषद भेजने का अधिकार प्राप्त हो। देश एवं प्रदेश में वरिष्ठ व्यापारी पेंशन योजना लागू हो। इस मौके पर रामानंद वर्मा, नरेश वर्मा, दिलीप गुप्ता, अटल बिहारी दुबे, देवराज त्रिपाठी, पवित्र प्रताप सिंह, अनुज दुबे, अंकित चौहान, हिमांशु दुबे, संदीप आदि उपस्थित रहे।

### पारिवारिक विवाद को लेकर युवक को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पारिवारिक विवाद को लेकर आरोपियों ने युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम तिगड़ा निवासी गुलाब सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि परिवार के ही तीन लोगों ने पारिवारिक विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर जाकर उसके साथ गाली गलौज कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी में अतिरिक्त दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खाड़ेदेवर निवासी काजल पुत्री सुग्रीव ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका विवाह 18 अप्रैल 2024 को पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना देवघर के अंतर्गत ग्राम योगा निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति, ससुर, सास, जेठ और अन्य ससुरालली जन अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये, मोटरसाइकिल और एक सोने की चेन की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घर कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उक्त लोगों ने उसे बेघर भी कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दूसरी शादी करने वाले शाखा प्रबंधक पर दहेज का केस दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही मारपीट का भी आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के सिकरोरी बांगर गांव निवासी मिथलेश कुमारी पुत्री सुरेश चंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने दूसरी शादी कस्बे के दुर्गानगर निवासी रंजीत सिंह पुत्र मंगल सिंह के साथ 10 दिसंबर 2023 में की थी। परिजनों ने सामर्थ्य के हिसाब से खूब दान-दहेज दिया था। रंजीत सिंह के पहली पत्नी से दो बच्चे भी थे। पहली पत्नी का स्वर्गवास हो चुका था। रंजीत सिंह बैंक ऑफ इंडिया में शाखा प्रबंधक पद पर तैनात हैं और आगरा में रहते हैं। शादी के कुछ दिनों बाद ही वह मारपीट करने लगे। अतिरिक्त दहेज में 2 लाख रुपये और लाने की मांग करने लगा। जब मांग पूरी नहीं हुई तो 25 दिसंबर 2023 को घर से निकाल दिया। जब से वह अपने पिता के घर पर रह रही है।

### बिजली कटौती को लेकर भाकियू स्वराज ने सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र में हो रही लगातार विद्युत कटौती को लेकर भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के कार्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया। समस्या के निदान को लेकर एसडीओ से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। सोमवार को नगर पंचायत समधन सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय में एसडीओ बृजेश कुमार से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 20 से 22 घंटे विद्युत आपूर्ति का आदेश जारी किया गया है। विद्युत विभाग के कारण स्थानीय लोगों को 7 से 8 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। कटौती के कारण किसानों की फसलें सूख रही है। जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने समस्या के निस्तारण की आश्वासन दिया।

## एक नजर

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर युवक ने घर के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। सोमवार की शाम 6.30 बजे नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी आदेश कुमार के 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक चौरसिया ने घर के कमरे में पंखे में लटक कर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी होते ही आस-पड़ोस के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। अभिषेक की एक बहन और एक भाई है। परिजनों ने बताया कि वह केरल में प्राइवेट नौकरी करता था। कुछ दिनों पूर्व घर पर आया हुआ था।

### उधार दिये रुपये मांगे तो पीटा

**कन्नौज।** हरदोई जनपद के थाना बिलग्राम गांव बिन्नी निवासी धनदेवी पत्नी रावेंद्र ने सदर कोतवाली के सलेमपुर तारा गांव निवासी लकी पुत्र राम लडैते के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि वह 07 जून को सलेमपुर तारा गांव आई। जहां उसने लकी को दिये गये उधार रुपये की मांग की। इसी बात से नाराज लकी ने गली गलौज करते हुए उस की पिटाई करदी। जान से मारदेने की धमकी दी।

### 150 अध्यापकों का जिले के अंदर पारस्परिक तबादला

**कन्नौज।** बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतः जनपदीय पारस्परिक तबादले की सूची जारी हो गई। प्रदेश में 4636 जोड़ों को इसका लाभ मिला है जिसमें कन्नौज जनपद के महज 75 जोड़े ही शामिल हैं। हालांकि इसके सापेक्ष अंतरजनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण में 109 जोड़ों को लाभ मिला है। बेसिक शिक्षा परिषद के निदेशक प्रताप सिंह बघेल व सचिव सुरेंद्र तिवारी के हस्ताक्षर की सूची शिक्षकों के व्हाट्सएप ग्रुप पर सोमवार की शाम वायरल हो गई।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# पुत्री के हत्यारोपियों को सजा दिलाने के लिए भटक रहा पिता

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- दिल्ली में नशीली दवा खिला कर पुत्री से किया था दुष्कर्म
- सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मामला

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का पीड़ित अपनी पुत्री से दुष्कर्म करने वाले गांव के ही दो आरोपियों को सजा दिलाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है पर उसे न्याय नहीं मिल रहा है। वह गंगा तट पर दफन पुत्री के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग कर रहा है। इसके लिए वह एसपी से लेकर सीओ व कोतवाली प्रभारी से फरियाद लगा चुका है। उसकी फरियाद को रद्दी की टोकरी में डाला जा रहा है।

एक गांव की युवती दिल्ली में रहती थी। गांव के ही दो युवक भी दिल्ली में दूसरे स्थान पर रहते हैं। पीड़ित पिता के अनुसार बेटी के कमरे में गांव के दोनों युवक पहुंचे और उसे नशीली दवा खिला कर पुत्री से दुष्कर्म किया। इसके बाद पुत्री की हालत खराब हो गई। बाद में पुत्री गांव आ गई तो उसका इलाज कराया। हालत खराब होती गई तो कानपुर ले गए जहां इलाज चला पर उसकी मौत हो गई। पुत्री ने पिता को सारी घटना बताई थी। लोकलाज के चलते वह शांत रहा पर पुत्री की मौत हो जाने के बाद उसने गांव के दोनों युवकों को सजा दिलाने के लिए प्रयास किया। मौत के बाद पुत्री के शव को गंगा तट पर दफन कर दिया। आरोप है कि दोनों युवकों की ओर से धमकी दी जा रहीं हैं। एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी युवकों पर कार्रवाई की मांग की मांग हुई पर न्याय नहीं मिला। अब पुत्री के शव को गंगा तट से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। इस मांग को लेकर वह नियमित किसी न किसी अधिकारी को शिकायती पत्र दे रहा है पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सोमवार को उसने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर कन्नौज में फिर फरियाद की है।

# कसावा चौकी बनी धन उगाही का अड्डा: अमित राजपूत

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक की। समस्याओं पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की। साथ ही आरोप लगाया कि कसावा पुलिस चौकी में उगाही की जाती है।

भानू संगठन के कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित राजपूत ने कहा जनपद के सरकारी हॉस्पिटलों में अच्छा इलाज नहीं हो रहा और अस्पतालों के बाहर लोग घूम कर जांचों का रुपये लेते हैं। बाहर से जांच करवाई जाती है। निजी दुकानों से दवा लाने की राय दी जाती है इस मामले में सरकारी हॉस्पिटल का स्टाफ मिला हुआ है। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र की कसावा चौकी को वसूली की मशीन बना रखा है। फर्जी तरीके से लोगों को पकड़ कर नाजायज दबाव बनाया जाता है और जो रुपये दे देते हैं उन्हें छोड़ दिया जाता है। जो नहीं देते उन्हें मुकदमा लिखने की धमकी दी जाती है। जिला उपाध्यक्ष पंकज भदौरिया पर भी इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में गलत कार्रवाई और नाजायज परेशान किया जा रहा है।


बैठक में मौजूद भाकियू भानू गुट के लोग। अमृत विचार

- भाकियू भानु ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा

विधि प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता सचिन शाक्य ने बताया कि जिले में कई फर्जी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर बच्चों से नाजायज फीस ले रहे हैं। फर्जी प्रमाण पत्र भी बनाए जा रहे हैं। बिना डिग्री के टीचर बच्चों को पढ़ाते हैं इसकी जांच होनी चाहिए। इनमें अग्नि सुरक्षा के मानक भी पूरे नहीं है। बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों को गर्मी में बिजली नहीं मिल पर रही है। फसलों को नुकसान हो रहा है। इसको लेकर विशाल आंदोलन किया जाएगा। खाद व बीज के नाम पर ज्यादा रुपया लिया जाता है। नकली खाद-बीज जिले भर में बेचा जाता है। इस मौके पर आरपी ठाकुर राष्ट्रीय सचिव, प्रणव सक्सेना जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ मौजूद रहे।

# डंपर पोल तोड़ते हुए डिवाइडर में फंसा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** अनियंत्रित डंपर बिजली पोल तोड़ते हुए डिवाइडर के बीच में फंस गया। चालक परिचालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे वाहन मालिक ने क्रेन बुलाकर उसे निकालने का प्रयास किया, पर वह निकल नहीं सका।

कस्बा के तमोली मंदिर से सीएचसी तक बने सड़क पर डिवाइडर पर रविवार की देर रात कन्नौज की तरफ से तेज गति से आ रहे डंपर चालक ने गौर नहीं किया। इससे चालक ने सड़क के बीच में बने डिवाइडर पर खड़ा बिजली पोल को तोड़ते हुए अपना वाहन चढ़ा दिया। जब डिवाइडर कुछ चौड़ा आ गया तो डंपर उसमे फंस गया। उसके बाद चालक-परिचालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे वाहन मालिक ने डिवाइडर में फंसे डंपर को क्रेन के माध्यम से निकलवाने का प्रयास शुरू किया। सुबह से लेकर शाम तक क्रेन डिवाइडर में फंसे डंपर को बाहर निकालने का प्रयास करती रही पर सफलता नहीं मिली।


डिवाइडर में फंसे डंपर को निकालती क्रेन। अमृत विचार

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** बाजार से सामान लेकर बाइक से घर जा रहा छात्र को डंपर ने टक्कर मार दी। इससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सकरावा थाना क्षेत्र के गांव सराय भागवल निवासी आलोक पुत्र रंजन लाल दिवाकर अपने चचेरे भाई मुकेश पुत्र सुभाष चंद्र के साथ सैरिख बाजार से सामान लेकर घर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक सौरिख मैनपुरी मार्ग पर कबीरपुर गांव के सामने पहुंची तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे आलोक की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं बाइक चालक मुकेश बाल बाल बच गया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आलोक की मां सुधा देवी का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। आलोक नगला सहोरा स्थित विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ता था। वह तीन भाइयों व एक बहन में सबसे छोटा था। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# बच्चों ने दीं लोक नृत्य गायन की प्रस्तुतियां

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में चल रहा समर कैंप

**अमृत विचार।** हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में 21 मई से चल रहे समर कैंप में योगासन के बाद बच्चों ने लोक नृत्य, लोक गायन समूह गान की शानदार प्रस्तुतियां दी।

उन्होंने पारंपरिक लोक नृत्य और गायन की समृद्ध परंपरा और इसके सांस्कृतिक महत्व को समझाया। कहा, समर कैंप का उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। योग सत्र में श्याम सिंह यादव ने प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास कराया। जिसने छात्रों में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। अजय चौरसिया के मार्ग दर्शन में आयोजित लोक नृत्य और गायन के कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने समूह गान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्थानीय लोक संस्कृति को जीवंत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि लोक नृत्य और गायन हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। यह न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि हमारी जड़ों से जोड़े रखने का माध्यम भी है। उन्होंने छात्रों को ऐसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उन्होंने बताया 10 जून यानी आज पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन होगा।

**चेतावनी** जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला का हाल लेने सौ शैय्या पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष

# अस्पताल प्रशासन की मनमानी पर रोष

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- सीएमएस के साथ बैठक कर बाहर की दवाएं व जांचें लिखने पर चर्चा

**अमृत विचार।** कानपुर देहात के बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ग्राम वन खंडेश्वर मंदिर में किसान महापंचायत में शामिल होने जा रहे भारतीय किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला का हालचाल लेने पहुंचे। साथ ही सीएमएस के साथ बैठक कर अस्पताल के चिकित्सकों की मनमानी के खिलाफ रोष जताया।

भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष राजा शुक्ला कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। सौ शैय्या अस्पताल में हालचाल लेने के साथ ही सभागार में मीटिंग हुई। सीएमएस सुनील कुमार से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अस्पताल में जो भी डॉक्टर हैं वह कमीशन को लेकर मरीजों को ज्यादातर बाहर से दवाइयां और जांचे लिख कर लूट मार कर रहे हैं। ड्यूटी समय पर नहीं कर रहे हैं। कुछ डॉक्टर ऐसे हैं जो अपनी दो से तीन दिन ड्यूटी करके घर चले जाते हैं या कुछ डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल चला रहे हैं। यह पूरी तरह से गलत है। जबकि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी बगैर छुट्टी लिए गृह जनपद नहीं छोड़ सकता, फिर भी कुछ डॉक्टर ऐसे हैं जो 2 से 3 दिन ड्यूटी करके गृह जनपद से बाहर भी ज्यादातर चले जाते हैं। आने वाले समय में अस्पतालों में मरीजों की अधिक संख्या बढ़ेगी, उसको कैसे मैनेज किया जाएगा। उन्होंने सीएमएस को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही इन समस्याओं का निस्तारण नही किया गया तो भारतीय किसान यूनियन किसान धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा या तो मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।


सीएमएस से बात करते भाकियू किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटि बस मेरा नाम लक्ष्मीकांत मिश्रा दर्ज हो गया है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज में मेरा सही व वास्तविक नाम ललित मोहन यादव है यह उपरोक्त दोनों नाम मेरे हैं **ललित मोहन यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव निवासी ग्राम चांदीपुर, मखुवापुर, कमलापुर सिधौली उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

मैं **मोईन उल्ला पुत्र आविद उल्ला खान निवासी ग्राम इटरौर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी,** मै अपने पुत्र जावेद अहमद को गलत संगत मे पड़ने के कारण उनसे संबंध विच्छेद करता हूँ, और मै अपनी सभी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य मे अपने किसी भी कृत्य मे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं NASIBULLAH S/O AMANULLAAH KHAN निवासी लालगंज सीतारामपुर ग्रांट गोंडा का रहने वाला हूं अब मैं अपना नाम बदलकर NASIBULLAH AMANULLAH KHAN रख लिया है अब मुझे भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

मैनें अपने पुत्र देवेंद्र कुमार व पुत्रवधू सरिता कुमारी के गलत अचारण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये कार्यो से मुझे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **कमलेश कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी – भरतपुर, कखावतू, औरैया**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रश्मी रायतानी पुत्री गोवर्धन दास रायतानी जिला – गोण्डा का विवाह उपरांत श्रीमती रश्मी साधवानी पत्नी पंकज कुमार साधवानी पुत्री गोवर्धन दास साधवानी नाम हो गया है दोनों उक्त नाम एक ही महिला का है यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो उक्त के संबंध में मेरी शाखा पंजाब नेशनल बैंक शाखा केशवपुर पहाड़वा जिला गोण्डा पर एक सप्ताह में संपर्क करें । **द्वारा शाखा प्रबंधक , पंजाब नेशनल बैंक, शाखा केशवपुर पहाड़वा, जिला गोण्डा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **रजनी देवी शुक्ला पत्नी स्व0 चन्द्रकेतु शुक्ला नि0 एल0पी0 2561 महर्षि नगर लखपेडाबाग तह0 नवाबगंज जिला बाराबंकी** दिनांक 17–11–2020 को तहसील नवाबगंज में अपने प्लाट सं0 289 की खतौनी लेने गयी थी और अपने साथ प्लाट के रजिस्ट्री के पेपर अपने बैग में रखकर ले गयी थी। जो गिरकर वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मै शिव कुमार सिंह पुत्र स्व. गुरू प्रसाद सिंह निवासी 592/3बी /127,गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ हूँ। मेरा वास्तविक नाम शिव कुमार सिंह है। जन्म तिथि 28/8/ 1954 है। जो पैन एवं आधार कार्ड पर अंकित है। यही वास्तविक नाम है। जबकि शैक्षाणिक अभिलेखों एवं पासपोर्ट सं0 एम 9294219 में शिव कुमार अंकित हो गया है। **शिव कुमार सिंह–592 /3बी /127, गोपाल नगर, तेलीबाग लखनऊ**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

मंगलवार को धूप खिलेगी। आसमान साफ रहने व गर्म हवाएं चलने का अनुमान है। तापमान में बढ़ोत्तरी रहेगी।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 42.0° | 29.5° |
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 05 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# हत्या में कार्रवाई न होने पर गश खाकर गिरी महिला

## प्रचंड गर्मी की परवाह किए बिना 103 फरियादियों ने दर्ज कराईं शिकायतें, डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के कछपुरा गांव की कई महिलाओं ने तहसील में पहुंच कर आपबीती बताई। रो-रोकर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार से शिकायत कर बताया कि 26 मई को मोहित कुमार जो शटरिंग का काम करता था उसका शव कटैया पुल के पास पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर थानाध्यक्ष को तहरीर दी पर पुलिस ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

सोमवार को गांव से आईं महिलाओं ने रो रोकर हत्या के मामले में अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। सोमवार को जब यह वाक्या हुआ तो मोहित कुमार की मां रोते-रोते गश खाकर गिर गई। जिसे देखकर अन्य महिलाओं ने पानी डाला और उसे होश में लाए। दूसरी ओर प्रचंड गर्मी की परवाह किए बिना संपूर्ण समाधान दिवस में 103 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुए समाधान दिवस में कुल 6 मामलों का निस्तारण मौके पर किर दिया गया।



तहसील तिर्वा में रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार



तहसील परिसर में बिना व्हील चेयर के पहुंचा कचाटीपुर निवासी दिव्यांग सतीश।

### फोटो खिंची तो दिव्यांग को मिली व्हील चेयर

**तिर्वा।** आवास के लिए शिकायत लेकर पहुंचे दिव्यांग को काफी देर तक व्हील चेयर नहीं मिली। मीडिया की ओर से फोटो खींचने के बाद कर्मचारियों ने आनन-फानन में व्यवस्था की। थाना इंदरगढ़ इलाके के कचाटीपुर गांव निवासी दिव्यांग सतीश पुत्र रामचंद्र ने बताया कि उसे आवास नहीं मिला है। इसके लिए वह अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।

संपूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, पैमाइश, अवैध निर्माण, राशन समेत कई प्रकार के मामले पहुंचे। डीएम ने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। गुणवत्ता का विशेष ध्यान दें और प्रत्येक दशा में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए।



तिर्वा में शिकायतें सुनते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार।

### कन्नौज में राजस्व के 4 मामले निपटे

● **कन्नौज।** सीडीओ राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 मामले आए जिसमें राजस्व के 4 का निस्तारण किया गया। राजस्व के 15, पुलिस के 17, पूर्ति व चकबंदी के 2-2 और विकास विभाग का 1 प्रकरण आया।

### छिबरामऊ में 128 शिकायतों में 11 का हुआ निस्तारण

● **छिबरामऊ।** संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की। कुल 128 शिकायतें आईं जिसमें पुलिस के साथ लेखपालों की टीम बना कर मौके पर भेजी गई, जिसमें 11 मामलों का निस्तारण हुआ। तहसील सभागार में राजस्व की 82, पुलिस की 22, विकास की 12, पूर्ति की 2, चकबंदी, पीडब्ल्यूडी की 2-2, ईओ, सीएमओ व बिजली की 1-1 शिकायतें आईं। जिसमें राजस्व की 8, पुलिस की 2 तथा ईओ की 1 शिकायत का निस्तारण करा दिया गया। इस मौके पर सीओ सुरेश कुमार मौजूद रहे।

# फर्जी निस्तारण में अव्वल है कन्नौज पुलिस !

● सदर तहसील क्षेत्र के 37 प्रकरण पकड़े गए, डीएम ने भेजा कड़ा पत्र

● एसडीएम बोलीं, मौके पर भी जाएं अधिकारी और निस्तारण में लगाएं फोटो

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शिकायतों के फर्जी निस्तारण में पुलिस को महारथ हासिल है। मोबाइल पर न तो फरियादियों से बात की जाती है और न ही मौके पर अधिकारी-कर्मी पहुंचते हैं। मनचाही रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया जाता है। जब पीड़ितों से फीडबैक लिया जाता है तो उसकी कलई खुलती है। ऐसे ही 37 प्रकरण तहसील सदर क्षेत्र के पकड़े गए हैं जिसमें डीएम ने कड़ी चिट्ठी लिखी है।

सोमवार को तहसील सदर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का समापन होने के बाद एसडीएम नवनीता राय ने अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा, जो भी शिकायतें तहसील, थाना, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व जनता दरबार में आती हैं उनके निस्तारण में गंभीरता बरती जाए। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फीड बैक लिया जाता है। 37 लोगों ने कहा है कि न तो मौके पर कोई जांच करने आया और न ही उनका पक्ष लिया गया लेकिन मामले निस्तारित कर दिए गए। एसडीएम ने कहा कि डीएम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और पत्र भेजकर नाराजगी जताई है। यह कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी और संबंधित विभागों को भी लिखा जाएगा। एसडीएम ने कहा कि मामले का निस्तारण हो या न हो लेकिन मौके की फोटो जरूर खींच लें उसे आख्या में लगाएं कि संबंधित अधिकारी या कर्मी मौके पर गया लेकिन निस्तारण नहीं हो सका। बताया गया है कि पुलिस विभाग ने 16 प्रकरणों का निस्तारण बिना मौके पर जाए और बात किए बगैर ही कर दिया। इसी तरह ग्राम्य विकास यानि विकास खंडों की ओर से 2, चकबंदी के 5, माध्यमिक शिक्षा का 1, बिजली के 2, नगर पालिका का 1, डीपीआरओ के 2, सब रजिस्ट्रार का 1 व पीडब्ल्यूडी का 1 मामला बिना फरियादी से बात किए निस्तारित हुए जिससे वह असंतुष्ट हैं।

## एक नजर

### यश दुबे, डॉ. रवींद्र शुक्ल को मिली जिम्मेदारी

**कन्नौज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फर्रुखाबाद में चल रहे कानपुर प्रांत के चार दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन हो गया। इसमें कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एवं महत्वपूर्ण घोषणाएं हुईं। बताया गया है कि 5 से 8 जून तक चले कि कार्यक्रम में प्रमुख दायित्वों की घोषणा हुई जिसमें कन्नौज के यश दुबे को विभाग संयोजक, डॉ. रवींद्र शुक्ल को जिला प्रमुख, संकल्प सिंह परमार को जिला संयोजक, दिव्यांशु तिवारी को जिला सह संयोजक एवं जिला संगठन मंत्री के दायित्व की घोषणा पुन: शुभम विद्यार्थी की हुई।

### मकान निर्माण के लिए दिए रुपये ठेकेदार ने हड़पे

**कन्नौज।** मकान निर्माण के लिए ठेकेदार को दिए रुपये उसने हड़प लिए। निर्माण न होने पर उसने एसडीएम सदर से शिकायत की है। सदर कोतवाली के मोहल्ला ताजपुर नौकास विनोद दीक्षित अस्पताल के सामने निवासी अविनाश चंद्र शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा ने तहसील में शिकायती पत्र देकर कहा कि उसने अपने मकान का निर्माण, लेंटर, बिजली फिटिंग, पानी फिटिंग कराने के लिए ठेका सूरज प्रसाद निवासी मोहल्ला सरायबहादुर को दिया था। 55 रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से कार्य तय हुआ था। एडवांस में 1,88,270 रुपए दिए थे। बाकी का हिसाब काम के बाद में करने की बात कही थी। इसके बाद काम शुरू किया पर श्रमिक लगा कर काम पूरा नहीं किया। यही नहीं मजदूरों को भी रुपये नहीं दिए। अब मजदूर उससे रुपये मांग रहे हैं। जब ठेकेदार से कहा कि उसका काम पूरा करो तो धमकी देने लगा। यही नहीं ठेकेदार ने उसकी 8 बोरी सीमेंट व अन्य सामान चोरी कर लिया।

# 4 इंस्पेक्टर समेत 16 दरोगाओं का किया गया तबादला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी ने देर रात चार इंसपेक्टर समेत 16 दरोगा के स्थानांतरण कर दिये हैं।

एसपी विनोद कुमार ने प्रभारी मॉनीटरिंग सेल के प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह को प्रभारी सम्मन सेल का अतिरिक्त चार्ज दिया है। इसी तरह अतिरिक्त निरीक्षक वृजमोहन पाल को कोतवाली कन्नौज से इसी पद पर कोतवाली छिबरामऊ भेजा है। पुलिस लाइन से इंसपेक्टर चंद्र प्रकाश तिवारी को अतिरिक्त निरीक्षक कोतवाली गुरसहायगंज भेजा है। गुरसहायगंज के अतिरिक्त निरीक्षक रहे शैलेंद्र सिंह को इसी पद पर कन्नौज कोतवाली भेजा है। इसी तरह दरोगा में दिनेशचंद्र को चौकी प्रभारी तालग्राम के अलावा वरिष्ट उप निरीक्षक तालग्राम का चार्ज दिया है। थाना तिर्वा से राम कृपाल चौधरी को पचौर चौकी का चार्ज दिया गया। पचोर चौकी प्रभारी राम जी लाल तिवारी को चौकी प्रभारी जहानगंज रोड छिबरामऊ भेजा है। पुलिस लाइन से सुरेश कुमार चतुर्वेदी को मण्डी चौकी छिबरामऊ भेजा गया। चौकी प्रभारी चिरैयागंज कोतवाली कन्नौज से रावेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी वहबलपुर छिबरामऊ का चार्ज दिया गया। कोतवाली कन्नौज से प्रदीप कुमार तिवारी को नौरंगपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया। नौरंगपुर चौकी प्रभारी रहे राज कुमार पटवा को पुलिस लाइन भेजा गया। चौकी प्रभारी चपुन्ना राधा मोहन शर्मा को चौकी प्रभारी अहेर तिर्वा भेजा गया। पुलिस लाइन से राधा कृष्ण पाण्डेय को चौकी प्रभारी चिरैयागंज कोतवाली कन्नौज भेजा गया। पुलिस लाइन से वृजेश यादव को चपुन्ना चौकी का प्रभारी बनाया गया। कोतवाली कन्नौज से नन्द लाल को थाना ठठिया। प्रभारी सम्मन सेल अरुण कुमार को फिर से एसपी का पीआरओ बनाया गया है।

## बाइक दीवार से टकराई पिता-पुत्र घायल

**छिबरामऊ।** सौरिख रोड पर कल्यानपुर को जाने वाली रोड के सामने रविवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर स्कूल की दीवार से टकरा गई। इसमें बाइक पर सवार पिता-पुत्र घायल हो गये।

फर्रूखाबाद जिले के जहानगंज थाना के गांव इस्मालपुर के रहने वाले अलवर सिंह अपने बेटे के साथ बाइक से रविवार को सकरावा जा रहे थे। तभी सौरिख रोड पर कल्यानपुर को जाने वाले रोड के सामने अंकुर इंटरनेशनल स्कूल की दीवार में अनियंत्रित होकर टकरा गई। इससे बाइक सवार पिता- पुत्र दोनों घायल हो गये। पिता की हालत देख बेटा बेसुध हो गया।

हादसा देख राहगीरों के साथ आस -पास के लोगों की भीड़ लग गई। यहां लोगों ने बेटे को समझाते हुए होश में लाने का प्रयास किया। इसके साथ ही बेटे ने घटना के बावत परिवार के साथ एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।




## समर कैंप

### जीआईसी उमर्दा व श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ में हुए कार्यक्रम

# मजहब ऐसा चलाया जाए, इंसान को इंसान बनाया जाए



राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा में हारमोनियम बजातीं छात्राएं व मौजूद प्रधानाचार्य।



विशुनगढ़ में छात्रा को पुरस्कृत करते प्रबंधक संजीव खंडेलवाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, आज समाप्त हो जाएगा स्कूलों में समर कैंप

**अमृत विचार।** परिषदीय व माध्यमिक स्कूलों में समर कैंप चल रहा है। इसमें कई तरह के कार्यक्रम हो रहे हैं। विद्यार्थियों को भी जानकारियां दी जा रहीं हैं। राजकीय इंटर कॉलेज, उमर्दा में विद्यार्थियों ने कवि नीरज का वाचन किया। कहा, 'अब तो मजहब भी ऐसा चलाया जाए, जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए'।

सोमवार को विद्यालयों में लोकनृत्य, लोकगायन, लोक कला व समूह गायन हुआ। विद्यार्थियों ने टीम बनाकर हारमोनियम, ढोलक व अन्य वाद्य यंत्रों के साथ 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत की प्रस्तुति की। इसके बाद भजन 'मेरे आसुओं से भींगे साड़ी, आ जाओ कृष्ण मुरारी' की सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। वरिष्ठ प्रवक्ता महेश सिंह यादव ने दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर शिवांशु बाबू, आकाश, अमन, शिवचंद्र उपस्थित रहे। दूसरी ओर श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ में प्रबंधक संजीव खंडेलवाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन कर मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कहा, समर कैंप नए अनुभवों का खजाना है जिसमें कई तरह की गतिविधियां होती हैं। समर कैंप प्रभारी अनुज द्विवेदी ने योग अभ्यास कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्याम किशोर त्रिपाठी, शिक्षक कमलेश कुमार व विनीत पाल मौजूद रहे। विद्यार्थियों को भोजन व स्वल्पाहार कराया गया।

# बारातियों पर हमला कर महिलाओं से जेवर लूटे

## बोलेरो सवार लोगों ने जमकर की मारपीट, पुलिस मामले की जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- ओवरटेक की मामूली बात को लेकर एक बड़ी घटना हो गई
- हमलावरों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और मारपीट की

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम झसी निवासी सत्यनारायण की पुत्री की बारात सोमवार रात थाना औछा (जनपद मैनपुरी) से मोहम्मदाबाद होते हुए जा रही थी। लेकिन मोहम्मदाबाद में स्थित केंद्रीय जवाहर नवोदय विद्यालय के पास ओवरटेक की मामूली बात को लेकर एक बड़ी घटना हो गई।

बारात में शामिल एक ईको गाड़ी ने ग्राम मौधा की एक सफेद बोलेरो को ओवरटेक किया, जिससे नाराज बलेरो सवारों ने अपने गांव मौधा में मंदिर के पास रास्ता रोककर ईको गाड़ी को घेर लिया। इसके बाद 5-6 अज्ञात हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित आकाश जोशी पुत्र कुंदन जोशी निवासी थाना औछा, जनपद मैनपुरी ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में तहरीर दी है कि जब वह अपने भतीजे की बारात में ईको गाड़ी से ग्राम झसी जा रहे थे, तभी यह घटना हुई।

हमलावरों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और बाल पकड़कर बाहर खींचकर जमकर मारपीट की। पीड़ित की जेब से तीन हजार रुपये नकद, एक सोने की चेन और ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया गया। इतना ही नहीं गाड़ी में बैठी पीड़ित की मौसी से अभद्रता करते हुए उनके कान के सोने के कुंडल भी छीन लिए गए। वहीं गाड़ी में मौजूद अन्य बाराती अनिल और सत्यप्रकाश को भी पीटा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटनाओं मे 10 घायल, तीन की हालत गंभीर

**कायमगंज ।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन की हालत गंभीर है।

थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव सिलसंडा निवासी दिवारी लाल (23) कायमगंज नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी राजू (40) जनपद एटा के थाना नयागांव क्षेत्र के निवासी मान सिंह (35) व भूरे (45) जनपद मैनपुरी के लालूपुरा निवासी विद्याराम (75) कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी विशेश्वर का 8 वर्षीय पुत्र अनूप व कामिनी (18) जनपद कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के गांव पारापुर तनिक खेड़ा निवासी विनीत (23) कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव नरदोली निवासी भगवान सिंह (29) व सुरेन्द्र (21) गंभीर घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव दरौरा पुल के पास सोमवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

कन्नौज के कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र के गांव तिलोकापुर निवासी राकेश कुमार पुत्र करोड़ीलाल गांव के ही निवासी दिलेराम पाल की माताजी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कमालगंज थाना क्षेत्र के सिंघीरामपुर गंगा घाट आए थे। अंतिम संस्कार के बाद वह सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जब वह दरौरा काली नदी पुल के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार और लापरवाह बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ही पलों में मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर टक्कर मारने वाला बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला। राहगीरों ने राकेश के मोबाइल से उनके परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद अंतिम संस्कार में शामिल अन्य ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल राकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचाया, जहां डॉ. मानसिंह वर्मा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राकेश कुमार की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी पुष्पा देवी, बेटियां पूनम व आरती और बेटे अरुण व अवनीश का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के अनुसार राकेश की दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, वहीं बड़े बेटे अवनीश का भी विवाह हो चुका है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 10 हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- 73-73 हजार रुपयों का जुर्माना लगाया गया है
- 23 जुलाई 2023 को धारदार हथियार से हुई थी हत्या

अमृत विचार। चर्चित पिता पुत्र हत्याकांड के 10 आरोपियों को दोषी करार कर अपर जिला जज ईसी एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश तरुण कुमार ने साक्ष्य और गवाहों की सुनवाई के बाद आजीवन कारावास की सजा देकर 73-73 हजार रुपयों का जुर्माना लगाया है। इस मौकेल पर की लोग मौजूद रहे।

मालूम हो कि कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम सरह में 23 जुलाई 2023 को ब्रजनंदन एवं उनके बेटे चंदन की धारदार हथियारों से हमला करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गांव के प्रधान रामवीर एवं सुखपाल के पुत्रों अरविंद, गोविंद, गोपाल, समर सिंह उर्फ समरे अनिरुद्ध उर्फ बौखा सरविंद एवं महेंद्र सिंह शिवेंद्र सिंह व धीरेंद्र सिंह के विरुद्ध पिता व भाई की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 23 जुलाई को बृजनंदन व उनका बेटा चंदन गांव की दुकान पर बैठे थे उसी समय आरोपी रंगदारी वसूलने के लिए दुकान पर गया था, रंगदारी न दिए जाने पर अभियुक्तों ने गडासा कुल्हाड़ी एवं तलवार से पिता पुत्र को घायल किया और बाद में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी थी। मुकदमा दर्ज होने के बादपुलिस ने अनिरुद्ध को तमंचा सहित गिरफ्तार किया था। बाद में विवेचना के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा जिस पर सुनवाई हुई। 10 को आजीवन कारावास के अलावा अदालत ने अनिरुद्ध को 2 साल की सजा देकर 10 हजार का जुर्माना किया है।

# आम आदमी का जीना हो गया मुश्किल: भाकियू

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिला अध्यक्ष ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया है जिसमें कहा है कि जनपद में सरकार की छवि खराब करने के उद्देश्य से कई विभाग किसान विरोधी गतिविधियों में संलिप्प्त हैं तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिए हुए हैं। इससे गरीब, मजदूर, किसान, आम जनमानस का जीना मुश्किल सा हो गया है तथा विभिन्न प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही हैं।

जनपद फर्रुखाबाद में किसानों को निजी कार्य (भराव) के लिए मिट्टी डलवाने के लिए खनन अधिकारी कार्यालय के सैकड़ों चक्कर लगाने पड़ते हैं। परमिशन होने के बाद भी प्रति ट्रैक्टर ट्राली पर 3000 रुपए रिश्वत के तौर पर लिए जाते हैं। खनन माफियाओं को खनन अधिकारियों द्वारा खुली



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान नेता।

छूट प्रदान की गई है 1000 से अधिक ट्रैक्टर व 500 से अधिक डंपर अवैध खनन करते हैं जिनसे 12000 रुपए प्रति माह प्रति ट्राली व 40 हजार रुपए प्रति माह प्रति डंपर खनन अधिकारी के सहयोगी द्वारा वसूले जाते हैं। मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम जिला प्रशासन द्वारा धज्जियां उड़ाई जाती हैं साथ ही ईंट भट्ठा मालिकों से भी खनन विभाग द्वारा अवैध वसूली की जाती है इन सभी समस्याओं का निस्तारण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनपद फर्रुखाबाद में हो रहे अवैध खनन पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि खनन अधिकारी व उनके सहयोगी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद में काली नदी पुल से लेकर पांचाल घाट गंगा नदी पुल होते हुए रामगंगा नदी से बरेली तक जाने वाला मानक विहीन बने बरेली इटावा मार्ग एन एच ए आई 730 सी की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि एनएचएआई 730 सी के किनारे बना नाला जो की पूरा क्षतिग्रस्त है की जांच कराई जाए। मानक विभिन्न बने पूरे हाईवे में करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच हो तथा करोड़ों रुपए के घोटाले में संलिप्त एनएचएआई पीडी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।


भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) के समस्त कार्यकर्ताओं को उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के जिला प्रशासन द्वारा ससम्मान वरीयता दी जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप अधिकारी खुलेआम लूट मचाये हैं। पेट्रोल व डीजल कम बेचने के लिए प्रति पेट्रोल पंप से 1000 रुपए लिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लापरवाही वरती जाती है जिसमें सरकारी जिला अस्पताल एवं सीएससी, पीएससी पर मरीज को समय से इलाज नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 7 सूत्रीय मांगों का निस्तारण करते हुए शीघ्र कार्रवाई कराने की मांग की है।

# ब्राह्मण महासभा ने ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार ।** सोमवार को अ भा ब्राह्मण महासभा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में नियम विरुद्ध संचालित हो रहे वाहनो पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

बालू व गिटटी परिवहन में लगे ज्यादातर ट्रक अपनी नम्बर प्लेट को ढककर सड़क पर अत्यधिक गति से दौड़ते हैं। इस वजह से तमाम हादसे हो रहे है और इनकी नम्बर प्लेट ढकी होने की वजह से इनकी पहचान भी नहीं हो पाती है। इसी के चलते सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राजू पाठक की अगुआई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि विगत कुछ माह से बालू गिट्टी परिवहन मे लगे डंपरों में नम्बर प्लेट ढकी रहती है और वह प्रशासनिक कार्यवाही से बचने के लिए बेतहाशा सड़कों पर फर्राटा भरते हैं, जिसकी



उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ज्ञापन देते महासभा के सदस्य।

वजह से हादसे भी बढ़े हैं।

उनकी माने तो ऐसा कोई भी दिन नही जाता जब कोई हादसा ना होता हो। इस दौरान मौजूद ब्रजगोपाल द्विवेदी ने कहा कि गत दिनों नगर निवासी अभिषेक दीक्षित तथा शिवांक पाण्डेय को ऐसे ही ट्रको ने टक्कर मारी थी तो उससे कुछ दिनों पूर्व जोल्हूपुर हमीरपुर रोड पर चतेला निवासी इन्जीनियर युवक की मौत ट्रक की टक्कर से हो चुकी है लेकिन ज्यादातर मामलों में नम्बर प्लेट ढके हुए डंपर पाए गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार तिवारी ने कहा कि ऐसे वाहनों के खिलाफ प्रशासन को अभियान चलाना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं मे कमी लाई जा सके। इस मौके पर नीलाभ शुक्ला, आदित्य नगाईच, कपिल बाबा, चँकी सैनी, हिमांशु सविता, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## समर कैम्प में बच्चों ने जमकर की मस्ती

**जालौन ।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में विगत 26 मई से चल रहे समर कैम्प का विभिन्न प्रकार के क्रिया कलापों के साथ समापन हुआ।

समर कैंप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉ. वेद प्रकाश शर्मा ने बच्चों को हीट वेव से बचने के सुझाव दिए। कहा कि दोपहर में बाहर खेलने से बचें, ठंडक में रहें, दिन में इंडोर गेम्स खेलें। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. बृजेंद्र दुबे ने जंक फूड के नुकसान बताएं एवं पौष्टिक आहार लेने का सुझाव दिया। कहा कि जंक फूड खाने से मोटापा बढ़ता है और शरीर तंदरुस्त नहीं रहता है। 26 मई से प्रारंभ समर कैंप में बच्चों को तैराकी, कराटे, कला, इंग्लिश स्पीकिंग, क्राफ्ट के बौद्धिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त घुड़सवारी, मूवी, डांस, संगीत वादन, आइसक्रीम पार्टी सहित मनोरंजन के विभिन्न कार्यक्रम शामिल किए गए।

# विधायक ने जन औषधि केंद्र का सीएचसी में किया उद्घाटन

संवाददाता, कालपी जालौन

- प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खुलने से सबको मिलेंगी सस्ती दवाएं

**अमृत विचार।** सोमवार को सीएचसी कालपी में स्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा फीता काट कर उदघाटन किया गया। उन्होंने कहा कि मरीजों के हितों के लिए केंद्र में सस्ती दवा उपलब्ध होने लगेंगी। इससे सभी मरीजों राहत मिलेगी।

चिकित्सालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुये क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की स्थापना की गई है। इससे जनता को गुणवत्ता युक्त दवाइयां सस्ते दामों में मिलने लगेंगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत जन औषधि केंद्र में उच्च गुणवत्ता वाली जेनरिक दवाइयों के दाम बाजार मूल से काफी कम होते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन करते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार चक ने शासन की महात्वाकांक्षी योजना की खूबियां बता कर लोगों को जागरूक किया और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को शुरू करने की पहल का स्वागत किया।

जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ समारोह में विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी, डॉक्टर रोहित कुमार, डॉ हरचरण सिंह, ममता देवी, किरण राठौर, आशुतोष मिश्रा, राजू पाठक, आदित्य दुवे, सलीम अंसारी रमेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप



राज्य मंत्री की क्षतिग्रस्त गाड़ी । ● अमृत विचार

### राज्य मंत्री की गाड़ी नीलगाय से टकराई, बाल-बाल बचीं

**फर्रुखाबाद ।** बाबा नीब करोरी के दर्शन के लिए जा रहीं प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की गाड़ी नीलगाय से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में राज्य मंत्री बाल बाल बच गईं। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी सोमवार दोपहर एक दुर्घटना में बाल–बाल बच गईं, जब उनकी गाड़ी ग्राम नगला मिढ़ई के पास एक नीलगाय से टकरा गई। मंत्री उस समय नीब करोरी में दर्शन के लिए जा रही थीं। हादसे में मंत्री को कोई चोट नहीं आई, लेकिन उनकी गाड़ी को काफी क्षति पहुंची है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद मंत्री रजनी तिवारी दूसरी गाड़ी से नीब करोरी पहुंचीं और बाबा नीमकरोरी के दर्शन किए।

### रोजगार मेले में 56 के सापेक्ष 35 का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में शिक्षुता मेला का आयोजन किया गया जिसमे 5 कंपनी द्वारा प्रतिभाग किया गया। रिक्तियां 75 के सापेक्ष मेला 56 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। मेला में 56 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 35 अभ्यर्थियों का शिशिक्षु प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया। नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद 4, पी के कोल्ड स्टोरेज एक, नवभारत कोल्ड स्टोरेज 02, ग्रुप किशन कुमार 03 का चयन किया गया। विजन इंडिया सर्विस प्रा. लि. के लिए 24 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका फाइनल सलेक्शन विजन इंडिया कासगंज के कार्यालय में शुक्रवार को किया जायेगा। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रुप से ब्रजेश कुमार कार्यदेशक, रंजीत कुमार सुमन अप्रेंटिस प्रभारी, सुनील कुमार प्लेसमेंट प्रभारी, जितेंद्र सिंह, राजकिशोर महतो एवं समस्त स्टाफ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मौजूद रहा।

### किशोरी लापता, मां ने जताई अपहरण की आशंका

**फर्रुखाबाद ।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री 4 जून की शाम करीब 6 बजे बाजार गई थी, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला। महिला ने आशंका जताई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी पुत्री को बहला–फुसलाकर ले गया है। इस मामले में मोहम्मदाबाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है और जांच में जुटी हुई।

### तमंचा सहित एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद ।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नवाबगंज पुलिस ने एक व्यक्ति को 12 बोर के अवैध तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया। विवरण के अनुसार नवाबगंज पुलिस ने रामगुलाम पुत्र श्री कृष्ण निवासी करनपुर थाना नवाबगंज को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। वह उसके पास से एक 12 बोर का अवैध तमंचा बरामद कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया है।

### उच्च शिक्षा राज्य मंत्री प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हुईं शामिल

**फर्रुखाबाद ।** प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी शिव शक्ति महाकाल मंदिर में भगवान बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें बजरंगबली की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। इंदौर के राजा रघुवंशी की उसकी नवविवाहित पत्नी द्वारा मेघालय में हत्या कराए जाने के मामले पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि जिन परिस्थितियों में घटनाक्रम हुई है वह बहुत ही दुखद है ऐसी घटनाएं समाज में स्वीकार योग्य नहीं है, ऐसी घटना करने वालों की कैसी परवरिश रही होगी कैसे संस्कार रहे होंगे यह सोचने वाली बात है, इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। अयोध्या राम मंदिर में राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा होने के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बरसों से इच्छा थी कौन सा दिन होगा जब राम लला अपने मंदिर में विराजमान होंगे, अब यह कार्य पूर्ण हुआ है, अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनने से टूरिज्म बड़ा है, जिससे राजस्व की भी बढ़ोतरी हो रही है।

### समाधान दिवस की शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें

**फर्रुखाबाद ।** तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कायमगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण करें इसमें किसी भी तरीके की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया जिसमे कुल 29 शिकायतें आईं। 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सीडीपीओ के बदले मे संपूर्ण समाधान दिवस मे आई सुपर वाइजर पूनम को लताड़ लगाते हुए आगे से होने वाले संपूर्ण समाधान दिवसों मे अधिकारियों को ही भेजने के निर्देश दिए। पूनम पत्नी राम मोहन निवासी शेराखर ने राशन कार्ड मे नाम कटवाने, भागवत सहाय निवासी करनपुर घाट ने जमीन की फर्जी विरासत बनवाकर कब्जा करने, सुनील निवासी बकसपुर ने यूकेलिप्टस के पेड़ कटवाने, सुनील निवासी नगलाहूशा ने खाद के गड्ढ कब्जा मुक्त कराने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया। आज का संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम की अध्यक्षता मे आयोजित होना था। सदर तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस ऑफिसर्स क्लब में उप जिलाधिकारी रजनीकांत पांडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

### बूथ स्तर तक पार्टी को करना है मजबूत

**फर्रुखाबाद ।** समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा के प्रभारी फिरोजाबाद से आये पूर्व एमएलसी दिलीप यादव ने महानगर के अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के आवास पर पहुंचकर महानगर के समस्त पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 2027 में हमें समाजवादी पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनानी है जिसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को बूथ बूथ पहुंच कर पार्टी को मजबूत करना है एवं नए वोट बनवाने हैं और गलत वोट कटवाने हैं। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता पार्टी व अखिलेश यादव को मजबूत करने के लिए संकल्पित हैं और इसी संकल्प को याद रखते हुए हमें 2027 में अखिलेश यादव को मजबूत करते हुए मुख्यमंत्री बनाना है। बैठक में बीना शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, कुलदीप भारद्वाज, यूनुस अंसारी, रजत क्रांतिकारी, खुर्शीद अहमद, प्रवेश कटियार आदि मौजूद रहे।

**समाधान दिवस** 34 शिकायतों में मात्र सात का मौके पर हुआ निस्तारण, शेष शिकायतें जल्द निस्तारित हों : जिलाधिकारी

# साहब ! खोदकर छोड़ दी गईं गांव की गलियां, हो रही परेशानी

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान महज 34 शिकायते दर्ज हुईं, जिसमे से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। यहां पर मौजूद जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिये।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस के दौरान नगर के मोहल्ला रामचबूतरा निवासिनी शान्ति देवी ने पड़ोसियो द्वारा बनाए गए गड्ढे से घर में जलभराव होने की शिकायत



शिकायत सुनते जिलाधकारी।

दर्ज कराई। तो वहीं देवकली प्रधान बाल सिंह ने नमामि गँगे द्वारा गांव की गलिया खोदकर छोड़ देने की शिकायत की। इसके अलावा अधिवक्ता रामकुमार तिवारी ने जोल्हूपुर मोड़ पर जलनिकास की व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही अधिवक्ता देवेन्द्र श्रीवास्तव ने यमुना घाटों को सही कराए जाने का जिलाधिकारी से अनुरोध किया। इस दौरान सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास, सीएमओ एनडी शर्मा, डीएफओ प्रदीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, एसडीएम सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी, एसडीओ वन विभाग प्रीति यादव, उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज यादव, खण्ड विकास अधिकारी महेवा संदीप कुमार, कदौरा अरूण सिंह, वन रेंजर संजय कुमार यादव सहित सभी विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे।

**मंडलायुक्त व डीआइजी ने भी सुनीं लोगों की समस्याएं:** उरई : तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआइजी भी पहुंचे और फरियादियों की शिकायतों को सुना। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे व डीआइजी केशव कुमार चौधरी सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर अचानक माधौगढ़ तहसील पहुंच गये। उन्होंने तहसील में बैठे फारियादियों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त बीते दिनों से लंबित चल रही शिकायतों का निस्तारण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और शीघ्र निस्तारण के निर्देश एसडीएम को दिये। संपूर्ण समाधान दिवस पर 32 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा उन्होंने शिकायत रजिस्टर में अंकित फरियादियों के फोन नंबर से बात कराकर शिकायतों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, कालपी जालौन

- शहरी क्षेत्र के साथ - साथ अब गांवों में भी पहुंचे बंदरों के झुंड
- लोगों ने छतों पर जाना छोड़ा साथ ही बंद रखते हैं दरवाजे

**अमृत विचार।** बन्दरों का आतंक अब ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया है। हालांकि अभी उनका उपद्रव सिर्फ आधा दर्जन गांवों तक ही सीमित है। अगर जल्द ही प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो नगर की तरह यहां भी लोगों को परेशानी होने लगेगी।

नगर में बन्दरों का आतंक किसी से छिपा नहीं है। उनकी बढ़ती आबादी यहां के निवासियों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। आलम यह है कि लोग घरों की छतों पर नही पहुंच पा रहे हैं इतना ही नहीं वह घर के दरवाजे भी खुले नहीं छोड़ पा रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उनके हमले से है जिसमे प्रतिदिन लगभग 40 लोगो को अपना शिकार बना रहे हैं, जिसका आंकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रजिस्टर में उपलब्ध है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता के अनुसार 1 जून से अब तक 2 सैकड़ा से अधिक लोगों को एंटी रेबीज के इन्जक्शन लगाए जा चुके हैं। इतना ही बन्दरों के हमलों में नगर मे कई लोगो की जान भी जा चुकी है। हालांकि समस्या से निजात पाने के लिए जनता ने कई बार प्रशासनिक जिम्मेदारों से भी बन्दरों की संख्या कम कराए जाने की मांग की है लेकिन वन विभाग के साथ पालिका परिषद ने भी बन्दरों को पकड़ने में हाथ खड़े कर दिए थे, जिसके चलते नगर की जनता ने भी उन्ही के बीच रहना सीख लिया है। आलम यह है कि छौंक, जोल्हूपुर ऊसरगाँव, के साथ बन्दरों के झुण्ड अब बैरई, महेवा और मगरौल में भी दिखने लगे हैं, जिससे नगर की तरह यहां के भी ग्रामीणो की मुसीबत बढ़ने लगी है। सोमवार को बन्दरो ने बैरई गांव निवासी राघवेंद्र सिंह के पुत्र सक्षम तथा विवेक अवस्थी की पुत्री आस्था को काट लिया है।

उनकी माने तो बन्दरों का एक झुण्ड उनके गांव में मौजूद है, जो मौका देख हमलावर हो जाते हैं। महेवा निवासी प्रदीप सिंह, चरन सिंह, दीपू आदि की माने तो बन्दरों की संख्या उनके यहां भी बढ़ रही है। वहीं उसरगाँव निवासी विजय सिंह, बल्लू सिंह जितेन्द्र तिवारी के अनुसार उनके गांव में बन्दरों की संख्या अच्छी खासी है। जोल्हूपुर में तो उनके आतंक का आलम यह है कि सड़क से गांव की तरफ जाने वाले लोग खाद्य सामग्री प्लासटिक बैग में अकेले नहीं ले जा सकते हैं।

# चलती डीसीएम और टेंट की दुकान में लगी आग

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चलती डीसीएम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सैंफई थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की रात्रि को आम से लदी चलती डीसीएम में भीषण आग लग गई। यह हादसा किलोमीटर संख्या 102+350 आरएचएस पर हुआ। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक डीसीएम व उसमें लदा माल जलकर राख हो गया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से गुजरात कच्चे आम लेकर जा रही डीसीएम में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। गाड़ी चालक आदेश कुमार पुत्र मनीष कुमार ने समझदारी दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही



डीसीएम में लगी आग बुझाता दमकल कर्मी।

- आग से डीसीएम मे लदा आम जलकर हुआ राख,दमकल विभाग ने आग बुझाई

मिनटों में पूरी डीसीएम धू-धू कर जल उठी। गाड़ी के साथ-साथ उसमें लदा हुआ पूरा माल भी राख हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सैफई से दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत कार्यों के दौरान गश्ती दल 7, एसएसडी गाड़ी संख्या 4, एटलस रिकवरी टीम, थाना सैफई पुलिस, डायल 112 व सुरक्षा अधिकारी आर.पी. पांडेय मौके पर मौजूद रहे। रात के समय तेज़ ट्रैफिक के बावजूद प्रशासन ने यातायात को रोके बिना। मौके पर पर्याप्त सेफ्टी बैरियर और दूरी सुनिश्चित कर राहत कार्य अंजाम दिए गए। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन वाहन और लाखों का माल जलकर खाक हो गया। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है।

### टेंट की दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख

**बसरेहर ।** बसरेहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे में सोमवार आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक तीन मंजिला इमारत के बेसमेंट स्थित टेंट के गोदाम में धुआं उठता देखा गया। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसने आग को बुझाया। इसके अलावा ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोगों को भी सुरक्षित निकाला गया। आग लगने से टेंट का सारा सामान जल गया। आग लगने से करीब नौ लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। यह मकान नगला रामसुख के अशोक यादव का है। मकान के बेसमेंट में टेंट का सामान भरा था जबकि ऊपरी मंजिल पर किराएदार रह रहे है। सोमवार की सुबह इमारत की दूसरी मंजिल पर रह रहे किराएदार ने जब बेसमेंट से धुआं निकलते देखा तो तुरंत मकान मालिक को सूचना दी। मकान मालिक द्वारा तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग को बुझा लिया गया जिससे आग ऊपर की मंजिलों तक नहीं पहुंच पाई और बड़ा हादसा टल गया। बेसमेंट में टेंट हाउस का सामान टेंट, कुर्सियां, पाइप, फाइबर के पंडाल और अन्य सजावटी वस्तुएं रखी हुई थीं जो पूरी तरह से जल गईं। आग से लगभग 9 लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन पुलिस और फायर विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने भी दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया। एफएसएसओ सनद कुमार पटेल, एलएफएम शिवराज सिंह, एफएसडी सुभाष चंद्र, एफएम, विनय कुमार, भूपेंद्र चौधरी, राहुल निर्मल, देवेंद्र प्रताप सिंह, आशुतोष कुमार, रूप सिंह, कृष्णेन्द्र कुमार आदि मौके पर मौजूद रहे।

## कंपनी गार्डन में ओपन जिम के उपकरण लगाएं

**इटावा।** जनपद में सबसे प्राचीन कंपनी गार्डन डॉ. राम मनोहर लोहिया पर्यावरणीय उद्यान एंव पार्क में जनपद के बच्चों, युवा, महिलाओं, नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए ओपन जिम उपकरण की आवश्यकता है, जबकि जनपद के कई पार्कों और स्कूलों के मैदान में ओपन जिम खुले हुए है।

कंपनी गार्डन पार्क में ओपन जिम की आवश्यकता को लेकर जिला समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने कहा कि जनपद के सबसे प्राचीन कंपनी गार्डन पार्क में घूमने के लिए पक्का ट्रैक के साथ ही बच्चों के लिए झूले आदि भी लगे हुए है। लेकिन अभी तक ओपन जिम क्यों नही लगाया गया जबकि इसकी महती आवश्यकता महसूस की जा रही है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर ओपन जि के उपकरण लगाये जायें।

# पंखे का तार लगाते समय करंट से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** थाना सहसो क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ाकासदा में बीती रात्रि शादी के मौके पर पंखे का तार लगाते समय एक महिला को करंट लग गया। उसे बचाने गई भतीजे की पत्नी की करंट लगने से मौत हो गई। इससे शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

अवधेश की बारात औरैया जिले के थाना सहायल गई थी। घर में रुकी महिलाएं शादी की तैयारियों में व्यस्त थीं। गर्मी अधिक होने के कारण ममिया सास रीना 24 वर्ष पत्नी प्रदीप निवासी लालपुरा बकेवर ने पंखे का तार लगाने का प्रयास किया। इस दौरान उसे करंट लग गया। रीना को करंट लगता देख सपना 21 वर्ष सुनील कुमार निवासी गढ़ा कासदा भरेह उसे बचाने दौड़ी इससे सपना भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों महिलाओं को तुरंत सीएचसी राजपुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने सपना को मृत घोषित कर दिया वहीं रीना को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतका सपना के पति सुनील कुमार ने बताया कि वह बारात में गए हुए थे। उनकी पत्नी सपना की मौत से शादी का मातम छा गया।

### युवक ने फांसी लगा कर दी जान

**इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत गनेशपुर गांव निवासी विमल 27 वर्ष पुत्र सतेंद्र सिंह ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर थाना चौबिया पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## अन्ना गोवंश से टकरा कर तीन लोग घायल, रेफर

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर अन्ना गोवंश से टकराकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पीजीआई भेज दिया गया।

पहली दुर्घटना गांव भीखनपुर के पास हुई जहां बाइक सवार गोवंश से टकरा गया जिससे वह घायल हो गया। क्षेत्र के गांव नगला अगनू निवासी 30 वर्षीय अभिषेक अपनी बाइक से जा रहा था तभी बाइक के सामने अचानक अन्ना जानवर आ गया। बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं दूसरी घटना क्षेत्र के कीरतपुर गांव के पास स्थित एक ढाबे के सामने घटी। यहां सड़क पार कर रहे अन्ना गोवंश के झुंड से बाइक सवार टकरा गया, जिससे बाइक पर सवार वीरेंद्र सिंह (25 वर्ष), निवासी खाक़ा बाग, और उनके फुफेरे भाई पप्पू (55 वर्ष), निवासी मानिकपुर विशु, थाना इकदिल के साथ बाइक से कचौरा घाट जा रहे थे। दोनों झुंड में फंसकर बाइक सहित गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घटनाओं में घायल तीनों लोगों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने तीनों को सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया।

# जलभराव से त्रस्त लोगों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** शहर के भरथना चौराहा स्थित गणेश कॉलोनी में लंबे समय से व्याप्त जलभराव की समस्या ने उग्र रूप ले लिया। यहां पर बारिश का पानी घरों और प्लॉटों को तालाब में तब्दील कर देता है। जलभराव से नाराज कॉलोनी वासियों ने इटावा-भरथना मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि कॉलोनी में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। हर बारिश के बाद यहां के हालात बदतर हो जाते हैं। लोगों की शिकायतों पर वर्षों से कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। इस बार मंडी के पास बन रहे नए नाले की निकासी भी इसी ओर मोड़ दी गई है, जिससे पानी और अधिक भर रहा है। इससे नाराज लोगों ने



जलभराव से नाराज प्रदर्शन करतीं कालोनी की महिलाएं। अमृत विचार

- जलभराव की समस्या से गणेश कॉलोनी के लोगों में आक्रोश
- भरथना रोड पर लगाया जाम और जमकर की नारेबाजी
- नगर पालिका ने अस्थाई तौर पर नाले की खोदाई शुरू कराई
- वर्षों से की जा रही शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

भरथना इटावा रोड पर जाम लगा दिया । जाम लगने की सूचना पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग स्थायी समाधान की मांग पर अड़े रहे। हालात बिगड़ते देख नगर पालिका परिषद इटावा के अधिशासी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और तत्काल जेसीबी मंगवाकर अस्थाई तौर पर नाले की खुदाई शुरू करवाई।

अधिशासी अधिकारी त्रिपाठी ने बताया कि जलभराव की गंभीरता को देखते हुए राहत के लिए अस्थाई खुदाई कराई जा रही है। जल्द ही गणेश कॉलोनी में स्थायी नाले का निर्माण भी शुरू कराया जाएगा। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो अगला विरोध प्रदर्शन और उग्र रूप ले सकता है। फिलहाल पानी की निकासी के बाद जनजीवन सामान्य हो सकेगा। लेकिन बारिश के अगले दौर से पहले स्थायी समाधान की उम्मीद सबके मन में है।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में दंपती सहित दो मासूम बच्चे गंभीर घायल

**जसवंतनगर।** हाईवे पर रविवार की रात मॉर्डन तहसील के सामने एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। रविवार रात को लरखोर गांव निवासी इमाम खान (36) अपनी पत्नी परवीन (30), बेटी आलिया (8) और बेटे अयूम (10) के साथ बाइक से इटावा से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे मॉर्डन तहसील गेट के पास पहुंचे, एक तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से चारों लोग सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलो को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### हवलदार बृजमोहन का रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत

**इटावा।** पहलगाम हमला होने के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक आतंकवादियों पर कहर बरपाने वाले हवलदार बृजमोहन का मुरी एक्सप्रेस द्वारा इटावा रेलवे स्टेशन आने पर भारतीय पूर्व सैनिक लीग के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह एवं समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल ने अपनी टीम के साथ उनका जोशीला स्वागत किया। स्वागत करने में सूबेदार कृपाल सिंह यादव, रामदास यादव, नाथू सिंह यादव जय राम अवनीश यादव आदि मौजूद रहे।

### ब्रेक फेल होने से डंपर पलटा, बड़ा हादसा बचा

**भरथना।** इटावा-कन्नौज हाईवे पर कोतवाली से कुछ ही दूरी पर ब्रेक फेल होने से मिटटी लदा डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। आस-पास कोई वाहन या व्यक्ति के न होने से बड़ा हादसा होने से बच गया। ड्राइवर संजू ने बताया छोला मंदिर के पास मिट्टी डालने जा रहा था। कोतवाली के पास डंपर को मोड़ते समय ब्रेक फेल हो गए, जिससे डंपर सड़क किनारे पलट गया। डंपर पलटने से पहले ड्राइवर और हेल्पर ने कूदकर अपनी जान बचाई।

### डॉ.सैफ ने भरथना सीएचसी अधीक्षक का लिया चार्ज

**भरथना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अधीक्षक के पद पर कार्यरत डॉ. अमित दीक्षित का भारत सरकार द्वारा संचालित एमएलबी मेडीकल कॉलेज झांसी में सोनोलॉजिस्ट के पद पर चयन होने पर सहकर्मियों ने उन्हें विदाई दी। वहीं नवागन्तुक अधीक्षक सैफ ने अपना चार्ज ग्रहण किया। भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित विदाई कार्यक्रम के दौरान नवागन्तुक अधीक्षक सैफ व अमित दीक्षित ने एक-दूसरे को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत सम्मान किया। सैफ ने अमित दीक्षित से अपना चार्ज ग्रहण किया । अमित दीक्षित का सहकर्मियों ने माल्यार्पण, पट्टिका व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत करते हुए विदाई की। विदाई समारोह के दौरान जितेन्द्र बाजपेई, ललित राजपूत, प्रभात श्रीवास्तव, रवि राजपूत,मनोज कुमार सक्सेना, गौरव तिवारी, अनूप वर्मा, अमित चौधरी, राजेश तिवारी, विक्रम, आलोक यादव, सुधांशू आदि रहे।

### अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दो लोग घायल

**ऊसराहार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार रात 12 बजे औरेया से कुदरैल की तरफ जा रही बाइक नगला दुली के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक सवार हमीरपुर मोहदा के रहने वाले 55 वर्षीय मुन्ना लाल व राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा व एक्सप्रेसवे चौकी पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया और परिजनों को हादसे की सूचना पुलिस को दी।

### व्यापार मंडल ने शर्बत वितरित किया

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के जन्मदिवस पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बंसल गुट के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने साई मंदिर पक्का तालाब पर भीषण गर्मी से बचने के लिए ठंडा मीठा शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक संतोष पटेल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, वैश्य एकता परिषद के जिला अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, जिला प्रवक्ता इक़रार अहमद, लल्लू वारसी, यामीन चौधरी आदि रहे।

### शिक्षक नेता की ताई के निधन पर जताया शोक

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र महेवा के ग्राम शेरपुर निवासी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी की वयोवृद्ध 97 वर्षीय ताई इंद्रवती पत्नी पं. शिवदत्त त्रिपाठी पूर्व प्रधानाध्यापक का आज रात्रि निधन हो गया । श्री त्रिपाठी के शुभचिंतकों ने शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। शोक जताने वालों में प्रमुख रूप से संजय त्रिपाठी,भानु प्रकाश अवस्थी,बलराज चतुर्वेदी,अतुल शुक्ला, राजू तिवारी, शिवजी पाण्डेय, अनन्त अवस्थी,गिरीश तिवारी सहित कई लोग शामिल है।

## श्रीकृष्ण की बाल लीला सनुकर श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**महेवा।** कस्बा के प्राचीन सिद्धनाथ महाराज मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक आचार्य भगवान दास त्रिपाठी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीला का वर्णन किया। पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, गोवर्धन पूजा,माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का वर्णन किया गया।

जीव के कल्याण के विषय में प्रकाश डालते हुए महंत जी ने बताया कि हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। जबकि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग में ऐसा नहीं था। इस अवसर पर परीक्षित चंद्रावती देवी , राजीव चौधरी, ममता ,अनीता , अभिषेक ,आर्यन ,हार्दिक आदि लोग व्यवस्थाओं में लगे है।

# राजस्व गांव पुरैला को नये सर्किल रेट सूची में शामिल करने की उठाई मांग

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पुरैला को सर्किल रेट सूची में शामिल न किए जाने को लेकर क्षेत्रीय किसानों में जबरदस्त रोष है। किसानों ने तहसीलदिवस में शिकायत की, कि राजस्व गांव पुरैला को भी नई सर्किल रेट सूची में सम्मिलित किया जाए। किसानों का कहना है कि जब तहसील क्षेत्र के अन्य गांवों की सर्किल रेट बढ़ाई गई है, तो विकासशील ग्राम पुरैला को सूची से बाहर रखना न केवल अनुचित है बल्कि शासन की राजस्व हानि का कारण भी है। साथ ही कहा हम लोग इसका विरोध करते हैं।

शिकायत में कहा गया है कि गांव में डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज और चार निजी स्कूल संचालित हैं और यहां की भूमि अत्यंत उपजाऊ है जहां गेहूं, आलू, लहसुन, मक्का, धान, अरहर, मूंग जैसी कई फसलें होती हैं। साथ ही यह गांव जनपद मार्ग से जुड़ा हुआ है और गंगा एक्सप्रेसवे और आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला लिंक



तहसील में सर्किल रेट बढ़ाने की मांग करते किसान। अमृत विचार

- किसानों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम से की मांग
- अभी 2018 की सूची के आधार पर मिल रहा है मुआवजा

एक्सप्रेसवे गांव के पूर्व की ओर से गुजर रहा है। जिससे गांव की करीब 22 हेक्टेयर जमीन एक्सप्रेसवे में जानी है जिसका सर्किल रेट न बढ़ाए जाने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

किसानों ने बताया कि 2018 की सूची के आधार पर जो रेट लागू किया गया था, वह अब वर्तमान बाजार मूल्य से काफी कम है, जिससे उन्हें जमीन की बिक्री पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नई सर्किल रेट सूची 2025 में ग्राम पुरैला को तत्काल प्रभाव से शामिल किया जाए ताकि समानता बनी रहे और किसानों को उनकी जमीन का सही मूल्य मिल सके। अन्यथा हम आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

# घर से दूर घायलावस्था में मिली महिला, मौत

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वैसौली भानपुर में सोमवार को चार बच्चों की मां अपने घर से गायब हो गई। खोज बीन करने पर गांव से आधा किलो मीटर पर गुजरी सेंगर नदी के निकट एक खेत में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उनके शरीर पर चोटों के निशान भी थे। परिजन उन्हें को इलाज के लिए सीसचसी ले गए जहां उपचार के बाद डाक्टरों ने उन्हें घर भेज दिया लेकिन थोड़ी ही देर बाद उनकी मौत हो गई।

बिहारी लाल दिवाकर की 55 वर्षीय पत्नी शांति देवी सोमवार की सुबह अपने घर से गायब मिली। परिजनों ने उनकी खोजबीन की बाद में वह अचेतावस्था में गांव से थोड़ी दूरी पर पड़ी मिली। परिजन उनका उपचार कराने के बाद घर ले गए जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर सीओ अतुल प्रधान, क्राइम इंस्पेक्टर अरिमर्दन सिंह,उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के बड़े बेटे रवि कुमार ने बताया कि उसकी मां बीती रात्रि 11 बजे घर पर सोई हुईं थीं, सुबह करीब 4 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी नैन्सी ने उन्हें बताया कि दादी अपनी चारपाई पर नहीं है। जिसपर परिजन ग्रामीणों के साथ मां की खोज बीन में जुट गए। गांव के पास से गुजरी सेंगर नदी के समीप एक खेत में उसकी मां मारपीट से गम्भीर घायल अचेत अवस्था में पड़ी मिली थी,जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार कर मां को घर भेज दिया लेकिन घर पहुंचते ही मां की मौत हो गई। हालत में सुधार होने पर मां ने उसे गांव के एक नामजद युवक पर मारपीट कर घायल करने की घटना का खुलासा किया है,जिसका वीडियो सार्वजनिक है। खेत में बकरियां चली जाने के कारण युवक उनसे रंजिश मानता था। घटना का मां ने खुद खुलासा किया है।

उफ! ये गर्मी — सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बिजली कटौती ने लोगों को रुलाया

# पारा @44,आसमान से बरसी आग

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जून के महीने में तापमान लगातार बढ़ता चला जा रहा है। सोमवार को तो अधिकतम तापमान 44 डिग्री पर पहुंच गया। हालत यह रही कि गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। सोमवार को सुबह से धीरे-धीरे तापमान बढ़ता गया पर दोपहर 2 बजे तापमान बढ़कर 44 डिग्री तक पहुंच गया। भीषण गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल रहा। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा वहीं घरों से बाहर वही लोग निकले जिन्हें बहुत जरूरी कार्य था।

पिछले कई दिनों से गर्मी पडे रही है। सोमवार को तापमान में बढोत्तरी होने से सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। जिन्हे बहुत जरूरी काम था वही अपने घरों से बाहर निकले। सोमवार को आम दिनों की तरह बाजारों में दुकानें तो खुली लेकिन ग्राहक नहीं पहुंचे। दुकानदार इंतजार करते रहे लेकिन ग्राहक वहां नहीं पहुंचे । लोग घरों में या फिर कार्यालय में बैठकर गर्मी से बचने के प्रयास करते रहे। तापमान के 44 डिग्री पर पहुचने क कारण कूलर पंखा भी जबाब दे रहे है। वही



भीषण गर्मी के चलते सिर ढक कर जाती महिला। अमृत विचार

- कूलर, पंखा और एसी भी हुए फेल, तड़पे लोग
- अत्यधिक जरूरी काम वाले लोग ही घरों से निकले

भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली भी परेशान कर रही है। दोपहर को गर्मी के कारण कई जगह फाल्ट हुए, जिससे बिजली चली गई । मैनपुरी फाटक के दो फीडर पर मरम्मत का काम होने के कारण बिजली सप्लाई 8 घंटे के लिए बंद रही ।इससे करीब एक दर्जन मोहल्ले प्रभावित हुए। इन मोहल्लो में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रही जिसके कारण उन्हें पूरा दिन गर्मी में बिताना पड़ा।

इसके अलावा रात के समय फ्रेंड्स कालोनी बिजली घर से सम्बंधित मोहल्लों में रात के समय बिजली की कटौती रही जिस कारण लोगों को सडकों पर टहलकर रात गुजारनी पडी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

## बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन कल

**ताखा।** किसान सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष नाथूराम यादव ने बताया कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के तहत आने वाले 42 जिलों जिनमें इटावा भी शामिल है कि निजीकरण की कार्रवाई सरकार द्वारा चलाई जा रही है। राज्य सरकार ने बिजली के बिलों में 30 फीसदी वृद्धि का भी ऐलान कर दिया। स्मार्ट/प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। मोबाइल फोन और टेलीविजन की तरह उपभोक्ता समयांतर्गत अपना कनेक्शन रिचार्ज नहीं कर पता है तो कनेक्शन स्वतः कट जाएगा। दोबारा कनेक्शन रिचार्ज करने के लिए 10रुपया देकर पंजीकरण करना होगा और 50 रुपया जुर्माना देना होगा। उन्होने कहा कि इन सब चीजों के विरोध में 11 जून को प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने 11 जून को होने वाले प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

# डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील चकरनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 81 शिकायतें आई जिसमें तीन का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला अधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जवाबदेह लोगों के



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व एसएसपी।

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 81 शिकायतें, 3 हुईं निस्तारित

विरुद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील चकरनगर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया । संपूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया, क्षेत्राधिकारी चकरनगर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड परिसर में शौचालय न पीने का पानी

## भगवान भरोसे रोडवेज की व्यवस्थाएं, मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार**। यहां के रोडवेज बस स्टैंड की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही है। स्टैंड परिसर में पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। न ही यहां शौचालय की समुचित व्यवस्था है। एक आधाअधूरा टॉयलेट बना है, उसमें भी टिन लगा रखी है।

ऐसे में यहां आने वाले यात्रियों को असुविधा हो रही है। भीषण गर्मी के दौरान रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। बताया कि बस स्टैंड पर वाटर कूलर और आरओ मशीनें खराब हैं, जिससे उन्हें पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं। रोडवेज परिसर में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यात्रियों की सुविधा के लिए बनी टोटी खुद दो बूंद पानी के लिए तरस रही है।

रोडवेज परिसर में एक मात्र इंडिया मार्का हैंडपंप से दूषित जल निकल रहा है। यात्री बूंद-बूंद शुद्ध जल के लिए तरस रहे हैं। यात्री रामलाल, सुरेंद्र, अजीत कुमार, सुरेंद्र कुमार ने बताया कि नल गंदा पानी दे रहा है। आसपास दूसरी व्यवस्था न होने से लोगों को पेयजल की किल्लत है। प्यास से निजात के लिए किसी दुकान पर जाना पड़ रहा है। मजबूरन नींबू पानी खरीदना पड़ रहा है या महंगे दामों में पानी की बोतलें लेनी पड़ती है।

सोमवार को अमृत विचार टीम ने शहर की स्थिति देखी तो कई जगहों पर हैंडपंप सूखे पड़े मिले। रोडवेज में एक हैंडपंप लगा है, दूसरा हैंडपंप खराब पड़ा है। जबकि इस मार्ग से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। इसके अलावा जिला अस्पताल में आरओ वाटर कूलर लगाया गया था, जो लंबे समय से खराब पड़ा है। ऐसे में तीमारदारों को गर्मी के बीच पानी लेने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।


आधा अधूरा पड़ा टॉयलेट।

### बोले लोग


औरैया का रोडवेज स्टैंड वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से अछूता है। जनप्रतिनिधियों की ओर से अगर कोई ठोक कदम उठाया जाता तो आज स्टैंड की सूरत बदली हुई होती।

–ऋषभ गुप्ता, युवा नेता।


अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते रोडवेज बस स्टैंड की व्यवस्थाएं अधूरी हैं। खास तौर से शौचालय न होने की वजह से महिला यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

– उत्पल दुबे छात्र नेता।

### बोले जिम्मेदार

रोडवेज स्टैंड में शौचालय बनाये जाने के लिए एआरएम से बात करके प्रस्ताव बनाया जाएगा। इसके अलावा पीने के पानी की व्यवस्था किये जाने के लिए वाटर कूलर दो-तीन दिन में लगवा दिया जाएगा।

– अनूप गुप्ता, चेयरमैन।

### शौचालय की नहीं व्यवस्था

- रोडवेज स्टैंड पर प्रतिदिन 600-700 यात्रियों का आना-जाना होता है। यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहीं यात्रियों के लिए शौचालय तक नहीं बना हुआ है। कई बार लोगों ने शौचालय बनवाये जाने की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

## प्रशासन की सीख धूप से बचें

**औरैया**। अपर जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनहित में लू प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की है।

एडीएम महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि लू व हीटवेव से बचाव हेतु घर से बाहर निकलते समय गमछा, टोपी, चश्मा एवं छाते का प्रयोग करें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें तथा कड़ी धूप से बचें। पर्याप्त मात्रा में तरल पेय पदार्थ जैसे छांछ, लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू का पानी एवं आम के पने का सेवन करें। प्यास की इच्छा न होने पर भी पानी बार-बार पीएं। यात्रा करते समय पानी हमेशा साथ में रखें। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। खाना बनाते समय खिड़की, दरवाजे एवं रात को खिड़कियां खुली रखें।

# आधुनिक शौचालय का सांसद ने फीता काट कर किया लोकार्पण

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार**। कस्बे में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के तहत नया आकांक्षी शौचालय (आधुनिक शौचालय) का निर्माण किया गया है। राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य ने शिलालेख का अनावरण और फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। मोहल्ला नवीन बस्ती पूर्वी में स्थित इस आधुनिक शौचालय में विशेष सुविधाएं दी गई हैं। महिलाओं के लिए 4 शौचालय और एक टॉयलेट है। पुरुषों के लिए 4 शौचालय और 6 टॉयलेट बनाए गए हैं। दिव्यांगों के लिए एक विशेष शौचालय की व्यवस्था की गई है। शौचालय परिसर में हैंड ड्रायर, सैनिटरी पैड, सैनिटरी पैड डिस्पोजल और फीडबैक मशीन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। नगर पंचायत के चेयरमैन आदर्श कुमार मिश्रा ने सांसद को राम मंदिर का चित्र और गदा भेंट की। अधिशासी अधिकारी ने उन्हें बुके भेंट किया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी रामआसरे कमल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर, ब्लाक प्रमुख शरद राना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष वर्मा और सभासद अशोक चौहान सहित अन्य सभासद मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद सांसद ने परिसर में पौधरोपण भी किया।


आधुनिक शौचालय का लोकार्पण करतीं राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य। अमृत विचार

## 10 मिनट बंद रही क्रॉसिंग, लगा जाम

**अछल्दा, औरैया**। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की कस्बा स्थित 13-बी क्रॉसिंग पर मरम्मत कार्य के चलते इमरजेंसी बूम लगा दिया गया। इससे वाहन चालकों के साथ ही पैदल निकलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोनों तरफ बाहनों की लंबी कतार लग गई।

दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सोमबार को 13-बी क्रॉसिंग पर सुबह 10:30 मिनट पर इमरजेंसी बूम लगाकर दक्षिणी बूम में मरम्मत कार्य किया गया। रेलवे कर्मी ने करीब 10 मिनट के अंदर मरम्मत कार्य किया गया। उसके बाद रेलकर्मी ने फाटक को खोलकर चेक किया गया। 13-बी फाटक बंद रहने से पैदल निकलने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। फाटक से लेकर लंबा जाम लग गया। 10 मिनट बाद फाटक खुलने के बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली।


रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार



बैंकों की चेकिंग करते पुलिसकर्मी, महिलाओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# बैंकों की चेकिंग कर परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार**। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर.शंकर के निर्देशन में सोमवार को सभी थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाली बैंक शाखाओं में चेकिंग की। उन्होंने बैंक में लगे अलार्म को चेक किया। गार्ड को निर्देश दिये कि शाखा के अंदर आने-जाने वाले व्यक्तियों पर नजर रखी जाए। साथ ही संदिग्धों पर पूरी तरह से नजर रखें और किसी भी संदिग्ध की सूचना पर पुलिस को सूचित करें।

### महिला कानून के बारे में किया जागरूक

- **औरैया**। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा प्रमुख स्कूलों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, पार्क आदि पर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर – 1090, 1076, 112 तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया।

## अधर्म बढ़ने पर अवतार लेते हैं भगवान

**अयाना**। अयाना में चल रही शिव महापुराण की कथा में सोमवार को आचार्य सुशील कुमार शुक्ला ने रामेश्वर शिवलिंग के निर्माण की कथा सुनाई। कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ा तब तब भगवान ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर पृथ्वी की रक्षा की।

भगवान शिव ने रावण व उसके परिवार को राक्षस योनि से मुक्ति दिलाने का वरदान दिया था। प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध करने से पहले समुद्र किनारे एक मुट्ठी रेत से रामेश्वर शिवलिंग का निर्माण कर पूजा की थी। इसके अलावा आचार्य ने श्रोताओं को 12 ज्योतिर्लिंग व उनकी पूजा का महत्व भी समझाया। इस मौके पर विश्राम सिंह सेंगर, अरविंद भदौरिया, बृजभान सिंह भदौरिया, छत्रपाल सिंह मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान के पति ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, रुरुगंज, औरैया

- सैफई ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा

**अमृत विचार**। रुरुगंज क्षेत्र के गांव कटरा निवासी किसान ने रविवार रात जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ी और परिजन उसे लेकर बिधूना सीएचसी गए। जहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया, सैफई जाते समय रास्ते में ही किसान ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन में चीत्कार मच गई।

बिधूना कोतवाली के रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुसमरा की पूर्व प्रधान कमला देवी के पति गांव कटरा निवासी 65 वर्षीय सुरेश चंद्र दोहरे खेती किसानी का कार्य करते थे। किसी बात को लेकर रविवार रात को घर पर जहरीला पदार्थ निगल लिया था, स्वजन रुरुगंज में एक डॉक्टर के पास ले गए थे, जहां से बिधूना सीएचसी भेज दिया गया था, गंभीर हालत में बिधूना से सैफई स्थित आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय रेफर किया गया, जहां ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। शव लेकर स्वजन घर पहुंचे तो चीत्कार मच गई। सुरेश चंद्र के दो बेटे है, बड़ा बेटा जितेंद्र दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में जबकि दूसरा बेटा विक्रम सिंह अर्धसैनिक बल में तैनात है।

दोनों बेटों के घर पहुंचने पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूर्व प्रधान के पति की मौत की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ उनके घर के आसपास लग गई। चौकी इंचार्ज अजय प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, परंतु कारण पता नहीं चल सका है।

## चूहा मारने की दवाई खाने वाले युवक की थमीं सासें

संवाददाता, रुरुगंज, औरैया

**अमृत विचार**। थाना क्षेत्र के गांव कुदरकोट में एक युवक ने चूहा मारने वाली दवा खा ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गये। जहां सैफई में उपचार के दौरान मौत हो गई।

गांव कुदरकोट निवासी रामजीत कुमार कमल के 20 वर्षीय पुत्र ब्रजेंद्र ने रविवार दोपहर चूहा मारने की दवा खा ली थी। जिससे कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर बिधूना सीएचसी गए थे। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे सैफई स्थित आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान रात में ब्रजेंद्र की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजन सहित गांव में चीत्कार मच गई। सुबह शव लेकर परिजन गांव कुदरकोट पहुंचे, जहां मां मिथलेश कुमारी, पिता रामजीत कमल व पांचो भाइयों एवं दोनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सोमवार दोपहर गांव में ही मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ब्रजेंद्र शनिवार को ही दिल्ली से घर वापस आया था। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया मामले की जानकारी मिली है, युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार**। महंत सहज्जानन्द महाराज की यादगार में कस्बा फफूंद के मोहल्ला बाबा का पुर्वा स्थित अस्तल धाम मंदिर से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की कथा पंडाल से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा के दौरान पुरुष-महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ निकली। जिसमें भक्त देवी देवताओं के गगनवेदी जयकारे लगा रहे थे।

कथा पंडाल से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा शुरू हुई गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं व कन्याये पीत वस्त्र घरण कर मंगलगीत गाती हुई चल रही थी। कलश यात्रा मोहत्ला केशरवानी तिहारा, चमनगंज से ख्यालीदास आश्रम पर पहुंची। जहां पर पूजा-अर्चना की गई। यहां से कलश यात्रा धीरे-धीरे चलकर टाकीज रोड होती हुई महावीर धाम पर पहुंची। जहां पर पूजा-अर्चना के बाद कटरा मनेपुर स्थित दुर्गा मन्दिर पर पहुंची। जहां पर पूजा-अर्चना की गई।

यहां से कायस्थान भराव, ऊचा टीला, मोतीपुर, ताहरपुर, अछल्दा चौराहा होती हुई शिव मंदिर होते हुए बड़ी माता मंदिर पर पहुंची। जहां पर पूजा अर्चना की गई। यहां से वापस आ कर कथा पंडाल में आकर समाप्त हो गई। कथा का रसपान आचार्य पंडित अर्पण तिवारी करायेंगे।


सिर पर कलश लेकर जातीं युवतियां व महिलाएं। अमृत विचार

## दवा लेकर आ रहे युवक की संदिग्ध हालात में गई जान

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)

- परिजनों के साथ सैफई से दवाई लेकर आ रहा था

**अमृत विचार**। कुदरकोट के राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज के पास रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन मौत का कारण नहीं जान पाए है। मृतक परिजनों के साथ सैफई स्थित आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय से दवाई लेकर वापस घर आ रहा था।

कुदरकोट गांव निवासी गया प्रकाश का 32 वर्षीय बेटा सुरेंद्र कुमार सोमवार सुबह अपनी पत्नी रेखा व दोनों भाई सचिन और संतोष के साथ ऑटो से सैफई स्थित आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में अपनी दवाई लेने गया था। वापसी आते समय दोपहर करीब एक बजे इटावा जनपद के चौपला गांव में सुरेंद्र को अचानक गर्मी लगी, स्वजनों ने ऑटो रोक लिया। इसी दौरान अचानक सुरेंद्र कुमार की मौत हो गई। स्वजन ऑटो से शव लेकर घर पहुंचे तो चीत्कार मच गई। पिता ज्ञानप्रकाश, माता राधा रानी, दोनो भाई व दोनो बहिनो और दोनों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था। संतोष की मौत की खबर सुनकर लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ लग गई। देर शाम को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

### सार-संक्षेप


फीता काटकर शुभारंभ करते रज्जन लाल शर्मा। अमृत विचार

#### जगम्मनपूर्व ने बिहारी एल्विन को 35 रनों से हराया

**फफूंद, औरैया**। फफूंद टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट की तरफ महावीरधाम मंदिर के पास के मैदान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि रज्जन लाल शर्मा ने फीता काटकर उद्‌घाटन किया। मैच जगम्मनपूर्व बनाम बिहारी एल्विन फफूंद क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। जो जगम्मनपूर्व ने 95 रन बनाए का का लक्ष्य दिया। वहीं, बिहारी एल्विन टीम 70 रन पर आउट हो गई। जगम्मनपूर्व ने 35 रन से विजय हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता है। बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है। खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है और खिलाड़ियों के बीच वही जोश और अपनापन महसूस करता हूं।खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती देता है, बल्कि अच्छे इंसान बनने की नींव भी रखता है .उन्होंने आयोजन समिति का भी हौसला बढ़ाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कही।


तिरंगा यात्रा के दौरान शामिल लोग। अमृत विचार

#### रामलीला मैदान से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**बिधूना, औरैया**। नगर में ऑपरेशन सिन्दूर के तहत राज्यसभा सांसद एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के नेतृत्व में सोमवार को नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर बाई पास से नदी तिराहा होती हुई नगर पंचायत कार्यालय, लोहामंडी मेन मार्केट, दुर्गा मंदिर, फीडर रोड़ होती हुई नगर के मुख्य भगतसिंह चौराहा होती हुई पुन: रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई। वहां पर राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने आपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। तिरंगा यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने बंदे मातरम, भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर नगर के वातावरण के गुंजायमान कर दिया। सांसद गीता शाक्य पैदल चलने के साथ खुली कार पर भी सवार नजर आयीं। यात्रा के दौरान लोगों ने नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, जिला प्रभारी आनन्द सिंह बैस के अलावा ब्लाक प्रमुख अछल्दा शरद सिंह राना, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बिधूना आदर्श ठाकुर, जिला महामंत्री धीरेन्द्र सिंह गौर, लाल सिंह सेंगर, सर्वेश भदौरिया पुनीत सेंगर, संदीप शाक्य मंडल अध्यक्ष बिधूना, आशीष वर्मा, शैलेंद्र भदौरिया आदि मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस | बिधूना, औरैया व अजीतमल तहसील में अधिकारियों ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

# 222 में से 12 शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार**। जिले की तीनों तहसीलों में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बिधूना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में 222 में से एक दर्जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में राज्य सभा सांसद गीता शाक्य व भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कहा। शेर सिंह पुत्र बनवारी लाल निवासी अनेसो ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि भाग संख्या 20/20 साधु उर्फ बनवारी लाल बनाम रामचरण की पत्रावली पर अपर आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर के आदेश 25 अप्रैल 2023 व 09 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में पत्रावली पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी और न ही उसे ऑनलाइन किया जा रहा है। पत्रावली को ऑनलाइन कराते हुए न्यायालय में सुनवाई हेतु पत्रावली तलब कराई जाएं। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिधूना को निर्देशित किया कि पत्रावली को तलब कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बाबूराम पुत्र सरदार निवासी जागूपुर बिधूना ने खेत पर कब्जा दिलाए जाने हेतु प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके द्वारा जागूपुर मौजा में खसरा संख्या 295 में 0.162 हेक्टेयर रकबा 20 नवंबर 2024 को क्रय कर खतौनी में नाम अंकित करा लिया था। उसको क्रय किए गए भाग पर कब्जा दिलाया जाए। डीएम ने उप जिलाधिकारी बिधूना को निर्देश दिए कि मामले का संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई करें। सुरेंद्र कुमार पुत्र स्व. नन्हऊ प्रसाद निवासी बरकसी ने बताया कि उसकी भूमि पर गांव के ही कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उसके द्वारा कब्जा छोड़ देने के लिए उनसे कहा गया, जिस पर वह सभी गाली- गलौज करने लगे और लड़ाई-झगड़ा करने पर अमादा हो जाते हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि प्राप्त मामलों का संज्ञान लेकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी बिधूना गरिमा सोनकिया, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश सिंह, तहसीलदार जितेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी पी पुनीत सिंह, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।


शिकायतें सुनते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व एसपी अभिजीत आर शंकर।

## खुदाई के बाद गड्ढे भरना भूली बीएसएनएल

**अछल्दा, औरैया**। कस्बा स्थित मुख्य बाजार में बिछाई जा रही बीएसएनएल की केबल लोगों के लिए आफत बन गई है। हालात यह है की केबल लाइन के लिए खुदाई करने के बाद बीएसएनएल कंपनी गड्ढे भरना भुल गई है, जो की लोगों के लिए एक महीने से परेशानी का सबब है। दरअसल लाइन बिछाने के लिए जगह-जगह सड़क के किनारे रास्तों को खोद दिया गया है। वहीं, दुकानदारों का धंधा भी चौपट हो गया हैं। सबसे बुरा हाल तो नहर बाजार का है, जहां का मार्ग पहले से तंग है ऊपर से सड़क सकरी है। खुदाई के बाद आवाजाही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नहर बाजार में आने वाले राहगीरों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है।

## एक नजर

### कीट नियंत्रण योजनाओं के लिए 20 करोड़ 96 लाख जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि क्षेत्र में कीट व रोग नियंत्रण योजनाओं के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ 96 लाख रुपये का बजट जारी किया है। विशेष सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने बजट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि इस बजट में न केवल आउट सोर्सिंग सेवाओं में आवश्यकतानुसार कर्मियों को वेतन दिया जा सकेगा, बल्कि विभिन्न मदों के लिए प्रावधानित बजट के अनुसार व्यय किया जाएगा।

### शाहजहांपुर की 14 सीएचसी में लगेंगे अग्निशमन संयंत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर नए अग्निशमन संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव आनन्द कुमार राय ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 14 सीएचसी में न केवल अग्निशमन संसाधन जुटाने को तीन करोड़ 41 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए, बल्कि सोमवार को एक करोड़ 33 लाख 61 हजार रुपये की दूसरी किश्त जारी कर शीघ्र क्रियान्यवन करने के निर्देश दिए हैं। इन 14 सीएचसी में भावलखेड़ा, ददरौल, कांट, मदनापुर, पुवायां, बंडा, सिधौली, तिलहर, निगोही, मिरानपुर कटरा, जयतीपुर, जलालाबाद, अल्हागंज एवं जरियनपुर शामिल हैं।

### ट्रॉमा-2 से मिलेगी मरीजों को राहत, शिलान्यास अगले माह

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के लिए ट्रॉमा-2 के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है अगले माह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ट्रॉमा का शिलान्यास करेंगे। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में 400 से अधिक बेड हैं। यहां कई प्रदेश से गंभीर मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों का काफी दबाव है। इसकी वजह से काफी मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आज गिनाएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 21 तक चलेगा 11 वर्षों पर केंद्रित प्रदेशव्यापी अभियान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 जून से मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। 21 जून तक विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण जैसे विषय शामिल हैं। जिलों में प्रदर्शनियां, प्रबुद्ध समागम और डिजिटल प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि मंडलों में संकल्प सभाएं और शक्ति केंद्रों पर चौपालों में आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे।

पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कांफ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष समेत सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय पर बोलेंगे। इसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिता 'बदलता भारत मेरा अनुभव' विषय पर कराई जाएगी।

# ड्रोन सर्वेक्षण से बनेगा शहरों का नक्शा, बेहतर होगा भू रिकॉर्ड


## सर्वेक्षण के बाद मिलेगी शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी, कम होंगे भूमि विवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र सरकार की टीम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक
- भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब सभी शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण से नया नक्शा बनेगा। इससे भू-रिकॉर्ड बेहतर होने के साथ शहरी क्षेत्रों में भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी सामने आएगी, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी। भूमि विवाद कम होंगे और भूमि खरीद व बिक्री में धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

सोमवार को राजस्व परिषद में ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी और संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने राजस्व विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रोन



सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। कहा गया कि वर्तमान में प्रदेश में 22.27 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास कर रही है। वर्ष 2031 तक 40 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। इसलिए सटीक व सुलभ भूमि रिकार्ड प्रणाली की जरूरत है। अभी तक शहरी क्षेत्रों के जो भी नक्शे हैं, वह टैक्स प्रणाली के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। ड्रोन सर्वेक्षण के बाद सभी शहरों का नक्शा तैयार किया जाएगा, इससे भूमि का मालिकाना अधिकार को लेकर स्पष्टता आएगी।

केंद्रीय टीम ने जिन शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण किया जाना है, वहां के नोडल अधिकारियों के साथ भी बैठक की। बैठक में राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद व राहत आयुक्त भानु गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वेक्षण पूरा करने पर मिलेगी 10 करोड़ प्रोत्साहन राशि

भूमि संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव कुनाल सत्यार्थी ने बताया कि एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए कराए जाने वाले सर्वेक्षण के जरिए सभी शहरों व कालोनियों के नक्शों की जियो-रेफरेंसिंग (वास्तविक दुनिया के भौगोलिक निर्देशांकों को डिजिटल मानचित्र या छवि के साथ जोड़ने की प्रक्रिया) पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने वाले नगरीय निकायों को 10 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। देशभर में 4,912 शहरों में ड्रोन सर्वेक्षण करवाने का लक्ष्य रखा गया है।

### डीआइएलआरएमपी के तहत होंगे सर्वेक्षण

डिजिटल इंडिया भूमि रिकार्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआइएलआरएमपी) के तहत होने वाले इस सर्वेक्षण के जरिए शहरी क्षेत्रों का क्षेत्रफल, वर्तमान वास्तविक स्थिति तथा भूमि की उपलब्धता की सटीक जानकारी एकत्र की जाएगी। साथ ही शहरी क्षेत्रों में स्थित कालोनियों का भी नक्शा तैयार किया जाएगा। पहले चरण में टांडा, नवाबगंज, अनूपशहर, चित्रकूट धाम, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, चुनार, पूरनपुर व तिलहर का ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। पिछले साल 2 सितंबर को केंद्रीय भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों की टीम ने लखनऊ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में ड्रोन सर्वेक्षण को लेकर प्रशिक्षण भी दिया था।

# दिव्यांगों को आरक्षण के लिए पद चिन्हित

## विभिन्न विभागों में श्रेणियों के साथ किया गया पदों का पुनर्चिन्हांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दिव्यांगों को अब नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, न्याय विभाग, सचिवालय प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग में भी चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। इन विभागों द्वारा किए गए पदों के चिन्हांकन में श्रेणियां चिन्हित न करने ये यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इनमें श्रेणियों सहित पदों का पुनर्चिन्हांकन कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के लिए लोक सेवाओं में चार प्रतिशत



पदों के क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था कर रखी है। इसमें रिक्तियों का एक-एक प्रतिशत खंड क, ख व ग में और एक प्रतिशत खंड घ व ड में आरक्षित किया गया है। अब विशेषज्ञ समिति द्वारा किए पुनर्चिन्हांकन में नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग (लघु सिंचाई विभाग) में समूह के तहत अधिशासी अभियंता, समूह ख में सहायक अभियंता और समूह ग में अवर अभियंता, बोरिंग टेक्नीशियन, सहायक बोरिंग टेक्नीशियन और अमीन के पद चिन्हित किए गए हैं।

पंचायती राज विभाग (राज्य निर्वाचन आयोग) में समूह ग के तहत कनिष्ठ सहायक व समूह घ के पद, न्याय विभाग (डॉ. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज) में समूह ग के तहत सहायक लेखाकार, आशूलिपिक, कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर सहायक (ग्रेड ए) के पद चिन्हित किए गए हैं।

सचिवालय प्रशासन विभाग में समूह ख के तहत अनुभाग अधिकारी (लेखा) और ग्राम विकास विभाग (दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान लखनऊ) में समूह ग के तहत शोध सहयुक्त के पद का पुनर्चिन्हांकन किया गया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से इन पदों पर नियुक्तियों की कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### इन श्रेणियों के दिव्यांग आएंगे पात्रता में

दृष्टिहीनता और कम दृष्टि, बधिर और श्रवण शक्ति हास, प्रमस्तिष्कीय अंग घात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण, बौद्धिक निशक्तता, विशिष्ट अधिगम निशक्तता और मानसिक निशक्तता।

# शाह से मिले योगी, जल्द घोषित होगा नया प्रदेश अध्यक्ष

## सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर हुई चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृहमंत्री के साथ पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के अचानक सोमवार को दोपहर बाद दिल्ली दौरे से सरकार और संगठन में फेरबदल को लेकर राजनीतिक अटकलें शुरू हो गईं। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक में पुलिस भर्ती नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाने के साथ नए प्रदेश अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा हुई। शाह के 15 जून के दौरे के साथ संगठन के मुखिया का एलान भी हो सकता है। बैठक के बाद योगी लखनऊ लौटने के लिए हिंडन एयरपोर्ट रवाना हो गए।

दिल्ली दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह के बीच सोमवार को तकरीबन 35 मिनट तक बैठक चली। गृहमंत्री 15 जून को लखनऊ आएंगे, वे यहां समारोहपूर्वक 60 हजार से अधिक नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ यूपी में प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हुई। योगी और अमित शाह की इस बैठक में यूपी भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। सहमति बनी कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव और 2026 के पंचायत चुनावों को देखते हुए प्रदेश में नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द करेगी।



दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करते मुख्यमंत्री योगी।

### भाजपा अध्यक्ष के लिए इन नामों पर चर्चा

राज्य में भाजपा अध्यक्ष के लिए जहां ओबीसी वर्ग पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह और केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का नाम चर्चा में है, वहीं दलित वर्ग से विद्यासागर सोनकर, और विनोद सोनकर के साथ सपा का जोरदार जवाब देने और युवाओं में बेहद लोकप्रिय समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण का नाम भी काफी चर्चा में है। ब्राह्मण चेहरे में पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का नाम सामने आ रहा है।

### नए प्रदेश अध्यक्ष के एलान में देरी से संगठन सुस्त

हाल यह है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में देरी से युवा मोर्चा, दलित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा समेत अनुषांगिक संगठन सुस्त दिख रहे हैं। ऐसे में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी पर भी असर पड़ रहा है। अभी 28 जिलाध्यक्षों के नाम भी घोषित नहीं हो पाए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष भी अपनी टीम नहीं बना सके हैं।

# सरकार सवाल पूछने से रोकती है : अखिलेश




लखनऊ एक होटल में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व एमएलसी कांति सिंह व पार्टी सांसद डॉ. एसपी सिंह।

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा हमारे अंदर रोशनी पैदा करती है। शिक्षा से ज्ञान मिलता है और ज्ञान से जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं, लेकिन यह सरकार सवाल करने से रोकती है। शिक्षा को महंगा कर रही है और रूढ़िवादी सरकार के मंत्री आपस में ही खींचतान कर रहे हैं। ये आरोप सोमवार को पूर्व एमएलसी कांति सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन करने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लगाए। पूर्व एमएलसी कांति सिंह लखनऊ पब्लिक स्कूल व कॉलेज के संस्थापक और सपा सांसद डॉ. एसपी सिंह की पत्नी हैं। उनके जीवन पर आधारित छूना है आसमां पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम लखनऊ के ताज होटल में आयोजित किया गया था। इसमें सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि रूढ़िवादी लोग शिक्षा के खिलाफ हैं और इस पर नियंत्रण करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा शोषण नहीं, पोषण करती हैं।

# महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मंगलवार को महाराजा सुहेलदेव का विजयोत्सव मनाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में रहेंगे। वे यहां चित्तौरा के समीप स्थापित की गई महाराजा सुहेलदेव की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करेंगे। साथ ही जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची कांस्य यह प्रतिमा पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित की गई थी। इसका निर्माण उप्र संस्कृति विभाग के राज्य ललित कला अकादमी द्वारा कराया गया है। इसे सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पद्मश्री रामसुतार, रामसुतार आर्ट क्रिएशन्स प्रालि. द्वारा बनाया गया है।

# औद्योगिक क्षेत्रों में भी शुरू होगी दीदी की रसोई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत गठित एसएलसीसी की हुई पहली बैठक

**अमृत विचार :** स्कूलों के साथ अब औद्योगिक क्षेत्रों में भी 'दीदी की रसोई' शुरू होगी। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इसके विस्तार के लिए निर्देश दिये। मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में लखपति दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 'दीदी की रसोई' के समान प्रेरणा कैंटीन को स्कूलों के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। बैठक में यूपीएसआरएलएम की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि अब तक 17.09 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 7 लाख 17 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। 5 लाख 74 हजार एसएचजी को सामुदायिक निवेश निधि दी गई। 7 लाख 26 हजार को बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया। 49,800 दीदियों को एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) से जोड़ा जा रहा है।

## धर्म दर्शन

# 21वीं सदी पर भी थी कबीर की दृष्टि



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

समाजसुधारक संत कवि कबीर जन्मे थे तो 16 शताब्दी में लेकिन उनकी नजर थी 21वीं सदी पर भी थी। जब वे दोहा 'कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सब की खैर, ना काहू से दोस्ती नहिं किसी से बैर' लिख रहे थे तो वे जानते थे कि अर्थवादी और भौतिकता के चलते समाज में संवेदनशून्यता की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और पूरी दुनियां अर्थ की होड़ में गुटों में विभक्त हो जाएगी तब भारी संकटों के कारण गुट निरपेक्ष आन्दोलन के बिना लोक कल्याण नहीं होगा। कबीर की यह पंक्तियां संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की ओर इशारा करती हैं कि कोई ऐसा व्यक्ति या संगठन हो जो मानव-कल्याण को महत्ता दे। प्रकारांतर से कबीर अपनी स्थिति 'ना काहु से दोस्ती ना काहु से बैर' के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ की निरपेक्षता पर जोर देते है ताकि कहीं ऐसा न हो कि भौतिकता की होड़ में मनुष्य जानवर बन जाए। कबीर के एक दूसरे दोहे 'सांई से सब होत है बंदे ते कछु नाहिं, राई से पर्वत करे पर्वत राई माहि' में भी वे सांई शब्द प्रयोग करते हुए व्यक्ति में आदर्शो एवं संस्कारों की विशिष्टता का एहसास करा रहे है क्योंकि संरक्षण देने वाला ही सांई (मालिक) हो सकता है जबकि वंदे शब्द के माध्यम से निरन्तर वन्दगी, जी-हुजूरी, खुशामदी तथा दूसरों के बल पर जीवन जीने वालों से किसी उपलब्धि की आशा नहीं की जा सकती। इस दोहे में कबीर के वनस्पतिशास्त्र का ज्ञाता होना भी झलकता है। कबीर 'वंदा' नाम के उस पेड़ से परिचित दिखते है जो परजीवी है और आसपास के पेड़ों का खुराक लेकर बढ़ता है। यहां कबीर दूसरों का हक छीनने की कोशिशों पर कटाक्ष कर रहे हैं।

इस तरह के लोग ठाठ-बाट से भले जीते हैं पर समाज मे कुछ ऐसा बड़ा या नया काम नहीं कर सकते कि जमाना उनके पीछे चले या उन्हें लंबे दिनों तक याद करे। इसी दोहे में आगे कबीर का आधुनिक हाईटेक दुनियां का अनुमान शत प्रतिशत खरा है। हाईटेक युग मे राई जैसे पेन ड्राइव (चिप) में विशाल दुनियां के साथ अंतरिक्ष तक को समेट लेने की तकनीक सामने है। संत कबीर का भौतिकता पर भी कटाक्ष इस दोहे के जरिए देखा जा सकता है जिसमें वे लिखते है कि 'काकर पाथर जोड़ के मस्जिद दई बनाय, ता चढ़ी मुल्ला बाग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय'। यहां भौतिकता (आलीशान पत्थर के भवनों) के बल पर सम्मान पाने की कोशिशों पर व्यंग्य परिलक्षित होता है। मानवीय गुणों से हीन व्यक्ति येन-केन-प्रकारेण धन कमाकर और भौतिक उपकरणों के बल पर श्रेष्ठ बन रहा है। संत कवियों में गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में अनेक प्रसंगों में इस तरह की प्रवृत्तियों को रेखांकित किया है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सन्त कबीर ने अपने तीसरे नेत्र से आने वाले समय को देख लिया था। जाहिर है कि कबीर सचाई के बल पर जीवन मे तप किया जिसके चलते वें भगवान शंकर की तरह त्रिनेत्रधारी हो गए।


## वर्ग पहेली- 457

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।



### वर्ग पहेली -456 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## सुडोकू -4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 3 | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | 6 | | 3 |
| | | | 8 | 9 | | | | 5 |
| 8 | | 1 | | | 3 | 5 | 2 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | 2 | 4 | 5 | | | 8 | | 7 |
| 1 | | | | 4 | 5 | | | |
| 7 | | 6 | | | | 3 | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 1 | |

### सुडोकू - 3 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी-11.35 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 06 .02 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** – आज विवादों से दूर रहें वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। अपनी गलतियों को स्वीकार कर उसमें सुधार कर लेना हितकर होगा। स्वार्थी प्रवृत्ति के मित्रों के कारण आपको परेशानी होगी। आज यात्रा करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत कुछ खराब हो सकती है।

**वृष** – आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहने वाला है। घरेलू उलझनों से आपको छुटकारा मिलेगा। योजनाबद्ध तरीके से आप सभी काम करेंगे। व्यवसाय में आपको अचानक धन लाभ प्राप्त होगा। किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत करने के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन** – आज आपकी कार्यशैली से लोग बहुत प्रसन्न रहेंगे। लंबे समय से चली आ रही कोई समस्या दूर होगी। काम की अधिकता के बावजूद आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। अपने सहकर्मियों पर विश्वास बनाये रखें। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। लेकिन आप अपनी लापरवाही से उन अवसरों को खो सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आज थोड़ा गंभीरता दिखाना आवश्यक है। व्यर्थ की यात्राओं में आपका समय व्यर्थ हो सकता है।

**सिंह** – आज आप दिखावे में अधिक धन खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप जल्दी में काम समेटने की कोशिश कर सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपके प्रति सम्मान का भाव रखेगा। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। शुभचिन्तकों का निरादर न करें।

**कन्या** – आज किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में अत्यन्त वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को कठिन समस्याओं का हल मिलेगा।

**तुला** – आज कार्यस्थल में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। करियर को लेकर योजना बनाने के लिए बुजुर्गों से सलाह ले सकते हैं। आज आप गृहकार्यों में अत्यन्त व्यस्त रहेंगे। व्यवसाय में कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज आप लगन और उत्साह से काम करेंगे। गूढ़ विद्याओं में आप रुचि लेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अनुशासन का अत्यधिक ध्यान रखेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। मानसिक शान्ति के लिए आप कुछ समय अकेले में बिताना चाहेंगे।

**धनु** – आज किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में किसी कारण झगड़ा हो सकता है। बच्चों को सिरदर्द की समस्या हो सकती है। महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी समस्या होने की संभावना है। आज आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज शेयर मार्केट से आपको बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आपकी मनोकामना की पूर्ति होगी। प्रिय मित्रों के साथ आप समय बिताना चाहेंगे। धन का लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**कुंभ** – आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। तकनीक संबंधी कार्यों में आपको धन लाभ मिलेगा। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आपको लाभ होगा।

**मीन** – आज व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। मित्रों के माध्यम से आपको शुभ सूचना मिल सकती है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। गैरकानूनी कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्ठा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# खतरनाक मोड़ पर युद्ध

तीन साल से ज्यादा समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। रूस ने युद्ध के दौरान एक रात में अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया जिसके तहत बमबारी के लिए 479 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हमले में 24 घंटे में 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत की खबर है। साथ ही रूस ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दिए गए 26 अब्राम्स टैंकों को नष्ट कर दिया। अब्राम्स अमेरिका का मुख्य युद्धक टैंक है। हवाई हमला दोनों देशों के सैनिकों के शवों की अदला-बदली के बीच हुआ है, जिससे नए सिरे से शांति वार्ता की संभावनाओं पर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुस का कहना है कि ये हमले यूक्रेन द्वारा पिछले आठ दिनों से किए जा रहे लगातार हमलों के जवाब में किए गए हैं। इन हमलों में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, तुला में एक केमिकल प्लांट, मास्को में एक लुब्रिकेंट कंपनी का गोदाम, और नोवगोरोद में एक ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने भी क्रीमिया पर कब्ज़े की तैयारी शुरू कर दी है जिससे युद्ध और भीषण होने की आशंका बढ़ गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस आम लोगों को निशाना बना रहा है। यह युद्ध अब केवल यूक्रेन का नहीं, मानवता का युद्ध है।

अमेरिका, यूरोप और पूरी दुनिया को अब निर्णायक दबाव बनाना होगा। निर्णायक कार्यवाही का समय है केवल समर्थन से युद्ध नहीं रुकेगा। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2022 से अब तक रूस-यूक्रेन के हजारों नागरिक मारे गए, लाखों लोग विस्थापित हुए। इससे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अगर रूस लड़ाई के मैदान में तेजी दिखा रहा है, तो यूक्रेन भी दिलेर बना हुआ है। वैसे भी रूस ने इस कार्रवाई को अपने बमवर्षकों पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों का प्रतिशोध बताया। अभी तक ट्रंप की शांति कायम करने की कोशिशों में बहुत कम प्रगति हुई है। लेकिन उन्हें हार नहीं माननी चाहिए। मतभेदों को कम करने और एक स्थायी युद्धविराम की दिशा में काम करने में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर जंग जारी रही, तो दोनों पक्षों का नुकसान और भी बढ़ जाएगा। यूक्रेन कमज़ोर हवाई सुरक्षा, जनशक्ति के गहरे संकट और अमेरिकी समर्थन को लेकर अनिश्चितता से जूझ रहा है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध ने देश को अस्थिर कर दिया है, पश्चिम को अलग-थलग कर दिया है और विश्व भर में युद्ध ने आर्थिक असुरक्षा को बढ़ावा दिया है।

# इंजीनियरिंग के आकाश पर भारत का परचम



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई।

भारत के सबसे दुर्गम और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक, जम्मू-कश्मीर का रियासी जिला, इसी रियासी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक चिनाब ब्रिज का उद्घाटन किया गया, जिससे भारत के सबसे कठिन रेलवे प्रोजेक्ट 'उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक' (यूएसबीआरएल) का सबसे जटिल और निर्णायक भाग पूरा हो गया। यह परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण परियोजना मानी जाती है।

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था। चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा लेकिन अब इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बनने से लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे।

चिनाब नदी पर बना चिनाब रेलवे ब्रिज न केवल एक तकनीकी चमत्कार है बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, राष्ट्रीय संकल्प और कूटनीतिक दूरदृष्टि का भी प्रतीक बन गया है। यह पुल अब वैश्विक पटल पर भारत की उपलब्धियों का जीवंत प्रमाण है क्योंकि यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। यह पुल न केवल भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है बल्कि यह देश की विकास यात्रा में एक युगांतरकारी मील का पत्थर भी है। चिनाब ब्रिज चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जो एफिल टॉवर (324 मीटर) से 35 मीटर अधिक ऊंचा है। इसकी कुल लंबाई 1315 मीटर है और मुख्य आर्क का फैलाव 467 मीटर है। यह पुल आर्क ब्रिज तकनीक पर आधारित है, जिसमें स्टील की दो विशाल कमानी संरचनाओं को नदी के दोनों किनारों पर बनाए गए

अभी तक जम्मू-कश्मीर जाने वाली ट्रेनें श्रीनगर तक नहीं, जम्मू तवी तक ही जाने की सुविधा देती थी, उसके आगे या तो लोगों को सड़क मार्ग के जरिए श्रीनगर तक का 350 किलोमीटर का रास्ता तय करना होता था या हवाई मार्ग का सहारा लेना पड़ता था। ठंड के मौसम में बर्फबारी के बाद सड़क मार्ग के बंद होने का खतरा पैदा हो जाता था।

एंकरों से जोड़कर मध्य में स्थिर किया गया है। यह तकनीक इतनी जटिल थी कि इसे अंजाम देने में दुनियाभर के विशेषज्ञों की मदद लेनी पड़ी।

इस ब्रिज की संरचना में 63 मिलीमीटर मोटी स्टील प्लेट्स का इस्तेमाल किया गया है, जो ब्लास्ट-प्रूफ हैं और सामरिक दृष्टि से अत्यधिक मजबूत हैं। इस ब्रिज का डिजाइन इस तरह से किया गया है कि यह 8 रिक्टर स्केल तक के भूकंप और 260 किलोमीटर प्रतिघंटा की अत्यधिक तेज रफ्तार वाली हवाओं को भी सहन कर सकता है। यह पुल यूरोपीय मानक सीईएन श्रेणी का पालन करता है, जो विश्व की सबसे कठिन इंजीनियरिंग परियोजनाओं के मानकों में से एक है। इस ब्रिज का निर्माण कार्य वर्ष 2004 में शुरू हुआ था किंतु भूगर्भीय जटिलताओं, प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवाद जनित बाधाओं के कारण यह कार्य कई बार रुका और डिजाइन में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ी। वर्ष 2008 में फिर से इसकी इंजीनियरिंग संरचना पर पुनर्विचार किया गया और नवीनतम तकनीकों का सहारा लेते हुए इसे दोबारा आरंभ किया गया।

इस परियोजना की कुल लागत अब तक 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है, जिसमें केवल चिनाब ब्रिज पर ही लगभग 1,486 करोड़ रुपये का खर्च आया है। इसके निर्माण में 28,660 मीट्रिक टन स्टील का उपयोग हुआ है और 10 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक खुदाई का कार्य किया गया है। पुल की संरचना तैयार करने में कुल मिलाकर 17 स्टील के खंभों का सहारा लिया गया है। चिनाब ब्रिज के निर्माण में कई अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। इसमें केबल क्रेन प्रणाली का उपयोग किया गया। यह विश्व की सबसे ऊंची केबल क्रेन प्रणाली थी, जो 3000 फीट की ऊंचाई पर कार्य कर सकती थी। इसके अलावा जियोटेक्निकल रडार सिस्टम और स्ट्रेस मॉनिटरिंग तकनीक इस्तेमाल की गई, जो पुल की संरचनात्मक स्थिरता की निगरानी के लिए स्थापित की गईं। पूरे पुल पर ऐसी सेंसर प्रणाली लगाई गई है जो मौसम, कंपन और बाह्य आघातों की निगरानी करती है। पुल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि के लिए 700 से अधिक 'ब्लास्ट लोड टेस्टिंग और वाइब्रेशन एनालिसिस' किए गए।

इस परियोजना में भारत की एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर, कोंकण रेलवे, डीआरडीओ और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता का भी सहयोग लिया गया। जर्मनी की लियोनहार्ट एंड्रा, कनाडा की डब्ल्यूएसपी तथा डेनमार्क और दक्षिण कोरिया की इंजीनियरिंग कंपनियों ने भी इस चुनौतीपूर्ण कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इतिहास की दृष्टि से देखें तो जम्मू-कश्मीर में रेलवे नेटवर्क स्थापित करने के प्रयास 19वीं सदी में शुरू हुए थे। 1897 में जम्मू से सियालकोट (अब पाकिस्तान) तक पहली रेललाइन बनी, जो 1947 के विभाजन के बाद समाप्त हो गई। 1975 में पठानकोट-जम्मू लाइन शुरू हुई और 1983 में जम्मू-उधमपुर परियोजना शुरू की गई, जिसे पूरा करने में दो दशक लगे। 1994 में यूएसबीआरएल परियोजना की घोषणा हुई और 1995 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। तब से लेकर अब तक 20 से अधिक सुरंगें और 158 पुल इस परियोजना के अंतर्गत बनाए जा चुके हैं। इनमें बनिहाल सुरंग (पीर पंजाल) की लंबाई 11.2 किमी है, जो देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

पुल के निर्माण में भौगोलिक और पर्यावरणीय चुनौतियां अत्यधिक जटिल थी। चिनाब नदी के किनारों पर गहरी खाइयों, चट्टानी भूगर्भीय परिस्थितियों और खराब मौसम ने कार्य को अत्यंत जोखिमपूर्ण बना दिया था। 1.1 लाख मीट्रिक टन स्टील का ऑर्डर दिया गया और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर जांच की गई। इस पुल की विशेषता यह है कि इसमें तापमान परिवर्तन को सहने के लिए थर्मल एक्सपेंशन की सुविधा है। इसके साथ ही इसमें विशेष ग्रोव और एंटी-बकल प्लेट्स का प्रयोग किया गया ताकि वातावरणीय प्रभाव से संरचना को क्षति न पहुंचे। चिनाब ब्रिज केवल एक संरचना नहीं है, यह भारत की सुरक्षा रणनीति का भी अभिन्न हिस्सा है। एलओसी के निकट होने के कारण यह पुल सेना को सीमांत क्षेत्रों में त्वरित और निर्बाध आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और सैनिकों की तैनाती में सहायता प्रदान करेगा और आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाइयों के लिए यह पुल एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह पुल कश्मीर घाटी को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ने का माध्यम बनता है। इससे सेब, अखरोट, हस्तशिल्प, कागज और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के मुख्य महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता से कश्मीर की दूरी रेल मार्ग से कम हो जाएगी। इस परियोजना में पर्यावरणीय दृष्टिकोण से विशेष सावधानी बरती गई है। सुरंगों के निर्माण में 'एनएटीएम' (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड) जैसी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तकनीकों का उपयोग किया गया। वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की रक्षा हेतु कई कदम उठाए गए। हरियाली की बहाली और निर्माण स्थलों के पास पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन कर उपयुक्त कदम उठाए गए। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह केवल एक पुल नहीं बल्कि कश्मीर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत प्रयास है। इससे वहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक समरसता को मजबूती मिलेगी और एक नया युग आरंभ होगा। चिनाब ब्रिज अब न केवल इंजीनियरिंग का आश्चर्य है बल्कि यह भारत के आत्मविश्वास, दृढ़संकल्प और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# मिलावट: मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिली मूंगफली, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं। और मज़े की बात देखिए- इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है -कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में "शुद्धता" अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। "100 प्रतिशत शुद्ध" लिख देने से चीज़ें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

बच्चों की टॉफियों में लेड की मात्रा, आटे में चूना, हल्दी में सिंथेटिक रंग-ये सिर्फ स्वास्थ्य के सवाल नहीं हैं, ये समाज के नैतिक पतन की निशानियां हैं। और अफ़सोस ये है कि इस मिलावट पर सिर्फ दुकानदारों या कंपनियों की जिम्मेदारी नहीं बनती, हमारे सहनशील समाज की भी बनती है जो सब कुछ जानते हुए चुप रहता है। जो "चलता है" वाली मानसिकता में जीता है, और धीरे-धीरे मरता है।

मिलावट सिर्फ़ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक-राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है-बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ-इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट- हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूंगफली में 5 प्रतिशथ पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियांजानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को "फ्रेश" लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है - क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

इस मिलावटी माहौल में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो ईमानदारी से काम कर रहे हैं। जो अपने खेत में जैविक खेती करते हैं, जो बिना मिलावट के मिठाई बनाते हैं, जो दूध में पानी नहीं मिलाते। लेकिन इनका संघर्ष बहुत कठिन है। उपभोक्ता इन्हें महंगा कहकर छोड़ देता है, और सरकार इन्हें सहयोग की बजाय नियमों में उलझा देती है। ऐसे में सच बोलना और सही बेचना दोनों ही एक किस्म की 'क्रांति' बन गए हैं। समाज की जड़ों में घुसी मिलावट को रोकने के लिए सिर्फ कड़े कानून ही नहीं, एक सांस्कृतिक आंदोलन की ज़रूरत है। हमें बच्चों को सिखाना होगा कि सच्चाई ही सबसे बड़ा व्यापार है। हमें उपभोक्ता के रूप में सजग होना होगा, सवाल पूछने होंगे, जांच करनी होगी, और सबसे जरूरी- अपने ज़मीर से समझौता नहीं करना होगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति के 11 साल



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं।

किसी भी राष्ट्र की विदेशनीति को प्रभावित करना अथवा अपने अनुकूल बनाना आसान नहीं होता। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्ष के कालखंड में यह कारनामा कर दिखाया है। सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की बात करें तो उन्होंने अपने 11 वर्ष के कालखंड में दोनों देशों के बीच सामरिक-आर्थिक और भू-रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। गौर करें तो अमेरिका-भारत रक्षा सौदे का बजट जो पिछले एक दशक में 2008 तक शून्य था वह आज 2025 में बढ़कर तकरीबन 22 बिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है। अगर दोनों देशों के बीच इसी तरह सामरिक सामंजस्य और भरोसा बना रहा तो वर्ष 2030 तक दोनों देशों के बीच रक्षा सौदा 30 बिलियन डॉलर के पार पहुंच सकता है।

दुनिया के ताकतवर देशों में शुमार रुस की बात करें तो अमेरिका की लाख मनाही के बावजूद रुस ने भारत को एस-400 एयर डिफेंस मिसस्टम की आपूर्ति करके रेखांकित कर दिया कि दोनों देश सदाबहार साथी हैं और किसी के दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। रक्षा समझौतों के अलावा दोनों देश रेलवे, फर्टिलाइजर, अतंर्राष्ट्रीय संस्थानों में सहयोग, आतंकवाद व नशीली पदार्थों के खिलाफ साझा जंग और सौर व नाभिकीय उर्जा का शांतिपूर्वक उपयोग जैसे अन्य मसलों पर भी साथ-साथ हैं। रिश्तों की प्रगाढ़ता और मोदी-पुतिन केमेस्ट्री की चमक का ही असर है कि दोनों देश एकस्वर में आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

अमेरिका और रुस की तरह भारत-फ्रांस संबंध भी नए शिखर पर है। दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हो चुके हैं। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने को तैयार हैं। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्टेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी साथ-साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित कर चुके हैं कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रुप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमत हैं।

भारत और आस्टेलिया के संबंधों की बात करें तो भले ही दोनों देश भौगोलिक रुप से दूर हैं लेकिन ऐतिहासिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। आस्टेलिया के संसद से भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता पारित हो चुका है। इस समझौते से कपड़ा, चमड़ा, फर्नीचर, आभुषण और मशीनरी सहित भारत का तकरीबन 6000 से अधिक उत्पाद आस्टेलियाई बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंचने लगा है। भारतीय नागरिकों के लिए वीजा आसान हो गया है। मौजूदा समय में आस्टेलिया के निर्यात का छठा सबसे बड़ा गंतव्य-स्थान भारत ही है, जिसमें कोयला, सोना एवं शिक्षा जैसी सेवाएं शामिल है। दोनों देश व्यापक ज्ञान भागीदारी के सृजन हेतु भी काम कर रहे हैं जिसमें प्राथमिक स्कूल से विश्वविद्यालय स्तर तक की शिक्षा में संयुक्त सहयोग परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य शामिल है। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर मुहर लगाते हुए टेड व इन्वेस्टमेंट, डिफेंस व सिक्योरिटी, एजुकेशन एंड इनोवेशन तथा साइंस एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के साथ भी रिश्ते मजबूत किए है दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर था, वह आज बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है।

आज भारत का मध्य एशियाई देशों से व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। इसी तरह भारत-यूएई रिश्ते भी तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। गत वर्ष संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की 'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देशों मसलन नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, मॉरीशस, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के साथ-साथ आसियान, बिम्सटेक, सार्क, जी-20, जी-7 जैसे वैश्विक संगठनों से भी रिश्ते मजबूत बनाए हुए हैं।

## सोशल फोरम

# जनतांत्रिक बहस



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बहस शुरू होते ही संवादी को भक्त या अंधभक्त अथवा वामी या सिकुलर घोषित कर देने पर तथ्याधारित, स्वस्थ और तार्किक बहस के लिए स्पेस खत्म हो जाता है। बहस तो मुद्दों-मुद्दों पर ही हो सकती है, बहस करने वाले व्यक्ति के वैचारिक रुझान, उसकी योग्यता-अयोग्यता या नीयत और चरित्र पर नहीं। इसे बहस नहीं, 'तू तू मैं मैं' कहते हैं।

पहली बात तो यह कि कौन किसको पूरी तरह जानता है या जान सकता है? ऐसे में किसी व्यक्ति को हमेशा के लिए भक्त, अंधभक्त अथवा वामी, सिकुलर ब्रैंड करके बहस और आलोचना का रास्ता तो ब्रैंड करने वाला ही बंद कर देता है।

यदि कोई खुले दिमाग का व्यक्ति किसी तनहा मुद्दे पर अपनी ईमानदार समझ से गुणावगुण के आधार पर किसी पक्ष का समर्थन या विरोध कर रहा हो और सिर्फ उसी नाते उसे भक्त या वामी घोषित कर दिया जाए तो क्या होगा? वह ढुलमुल प्रकृति का हुआ तो प्रतिक्रिया में संभावना यही रहती है कि वह वस्तुतः अंधभक्त/घोर वामी बनने की ओर प्रवृत्त हो जाए। ऐसे में संवादी का लक्ष्य पूरा होने के बजाय विपक्ष के ध्रुवीकरण से और भी खंडित हो जाएगा। नीयत आभ्यंतर होती है। अभी तक ऐसा कोई यंत्र ईजाद नहीं हुआ जो किसी की नीयत का अक्स ले सके। किसी की नीयत साफ़ है या खोटी, यह हमारा अपना अनुमान होता है जिस पर हमारी अपनी प्रतीतियों और विचारों की छाया न हो, मानवीय धरातल पर असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। किन्तु हमें अपने से भिन्न विचार वाले व्यक्ति के कथ्य को तथ्य और तर्क से काटने के बजाय उसकी नीयत पर सवाल उठा देना सबसे आसान लगता है। संवादी की नीयत खोटी हो भी सकती है, नहीं भी। ऐसे में नीयत पर सवाल उठाने के बजाय गुणावगुण के आधार पर उसके कथ्य का विश्लेषण करने पर खोटी नीयत के चलते मेरिट पर भी उसमें झोल दिख जायेगा। बस उसी पर ज़ोर देने से स्वस्थ बहस जारी रह सकती है।

जनतंत्र में न वर्ग संघर्ष के लिए कोई स्पेस है, न धर्मयुद्ध के लिए। जनतंत्र का आधार ही यही है कि सामान्य अवस्था में बहस-मुबाहसे से अल्पमत बहुमत में और बहुमत अल्पमत में अंतरित होता रहता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# साइकिल चोरी की गुमशुदा खबर



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है।

हाल ही में 3 जून को विश्व साइकिल दिवस था। हो सकता है कि इस ओर आपका ध्यान न गया हो। वैसे तो आमतौर पर मेरा भी ध्यान इस प्रकार से मनाए जाने वाले दिवसों पर नहीं जाता मगर न जाने क्यों उस रोज चला गया। अखबार से साइकिल दिवस की जानकारी मिलते ही सबसे पहले तो यही सवाल मन में कौंधा कि दशकों हो गए किसी अखबार में साइकिल चोरी की कोई खबर क्यों नहीं पढ़ी? बीस तीस साल पहले तो लगभग रोज ही एक सिंगल कॉलम अथवा संक्षिप्त खबर साइकिल चोरी की मिल ही जाया करती थी। क्या देश में अब साइकिलें खत्म हो गई हैं अथवा बदमाशों ने अब साइकिल चोरी करना बंद कर दिया है? बस फिर क्या था, कई घंटे मशक्कत कर पूरे प्रदेश के आंकड़े टटोल डाले तो ले देकर केवल तीन मामले सामने आए। पहला सीतापुर का था जहां एक ऐसा चोर पकड़ा गया जो केवल साइकिलें चोरी करता था और उसने ढाई सौ से अधिक साइकिलें चोरी करने की बात कबूली थी। दूसरा मामला बस्ती जिले का था जहां साइकिल चोरी की बात इसलिए प्रकाश में आई कि चोर की उम्र मात्र आठ साल थी। तीसरा मामला एक पर्वतारोही की विदेशी साइकिल चोरी होने का निकला जाहिर है ये मामले भी तब दर्ज हुए होंगे जब चोर पकड़े गए होंगे अन्यथा साइकिल जैसी मामूली चीज की चोरी की रपट लिखवाने हेतु थाने में घुसने की हिम्मत भी भला कोई कैसे कर सकता है? क्या अब भी इस बात पर और चर्चा करने की जरूरत है कि कथित विकास के इस शोर में मुल्क के करोड़ों साइकिल सवारों की आवाज अब कहीं गुम हो चुकी है?

साल 2011 की जनगणना के अनुरूप देश में बारह करोड़ घरों में साइकिल थी। ग्रामीण क्षेत्रों में तो 68 फीसदी घरों में साइकिल पाई गई। सरल, किफायती और विश्वसनीय होने के कारण लोग साइकिल से प्रेम करते देखे गए। साइकिल सवारों की तादाद अब कितनी घटी अथवा बढ़ी है, यह तो आगामी जनगणना से ही पता चलेगा। मगर यह ट्रेंड तो साफ दिख रहा है कि आम आदमी साइकिल को गरीब की सवारी मान कर अब इससे पल्ला छुड़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरह शिक्षित और संपन्न आदमी पर्यावरण की सुरक्षा और अच्छी सेहत की गरज से साइकिल का दीवाना हो रहा है। पिछले पांच छह सालों से लगभग हर साल दो करोड़ साइकिलें देश में बिक रही हैं और कोरोना काल में इसका ग्राफ सर्वाधिक तेजी से बढ़ा था। हालांकि मूल रूप से अभी भी साइकिल गरीब आदमी की ही सवारी है और यही कारण है कि इस मुल्क में साइकिल सवार की अब कोई अलग से श्रेणी भी नहीं बची है। देश में पिछले साल हुई 1 लाख 73 हजार सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 4 लाख 22 हजार और घायल 4 लाख 28 हजार लोगों ने से कितने लोग साइकिल सवार थे, साइकिल चोरी की तरह इसे भी कहीं अलग से दर्ज नहीं किया गया। देश की तमाम सड़कें मोटर वाहनों के हिसाब से ही डिजाइन की जाती हैं और साइकिल सवार की हैसियत अछूत सरीखी है। राजमार्गों तो साइकिल सवारों के चढ़ने की भी मनाही है। आंकड़े चुगली करते हैं कि देश की एक फीसदी सड़कें भी साइकिल सवारों के हिसाब से नहीं बनाई गईं जबकि उनकी तादाद किसी भी अन्य श्रेणी के वाहन चालकों से ज्यादा है। तो क्या क्या इस देश में साइकिल सवारों का कोई वाली वारिस नहीं है? क्यों कोई राजनीतिक दल साइकिल सवारों की सुध नहीं लेता? क्या ये साइकिल वाले वोट नहीं देते अथवा इनके वोट के लेने देने में उनकी साइकिल की कोई भूमिका नहीं है ?

बहुत याद करें तो उत्तर प्रदेश में साल 2012 में बनी समाजवादी पार्टी की सरकार थोड़ी बहुत याद आती है। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल को भुनाने के लिए सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर साइकिल सवारों के लिए सड़कों पर अलग से ट्रैक बनाने की मुहीम शुरू की थी। यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था। लखनऊ, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद में ऐसे इक्का दुक्का टूटे फूटे ट्रैक अब भी नजर आते हैं मगर उनकी सरकार के कार्यकाल में ही ये ट्रैक भ्रष्टाचार, अवैध कब्जों और गलत डिजाइन के चलते बेमानी हो गए थे। रही सही कसर अगली सरकार ने पूरी कर दी और सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर इन ट्रैक्स को बहुतायत में तोड़ दिया। इसके अतिरिक्त तो देश भर में साइकिल सवारों की सुध लेता कोई नेता नजर नहीं आता। तो क्या रोशनी की कोई किरण नहीं है? है, अवश्य है। यदि देश का संपन्न आदमी यूरोप और चीन की तरह फैशन अथवा सेहत जैसे किसी कारण से साइकिल को अपना ले तो बात बन सकती है। पैसे वाले की आवाज में तो दम होता ही है और उसे तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने को तो शासन प्रशासन और सरकारें एक लाइन में खड़ी हो जाएंगी। हां यह जरूर है कि जब तक यह नहीं होता तब तक तो मुझे और आपको साइकिल चोरी की खबर अखबारों में ढूंढे से भी दिखाई नहीं पड़ेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### शादी से लौट रहे युवक पर हमला, पुलिस को तहरीर

**राठ।** चिकासी क्षेत्र के विरहट निवासी राजेश ने तहरीर में बताया कि वह दो दोस्तों के साथ अमगांव शादी में गया था। सोमवार सुबह चार बजे घर लौट रहा था। बहगांव के देवेंद्र और उसके साथियों ने उसे रोककर मारापीटा। बताया कि उसका रिश्ता एक साल पूर्व बहगांव की नेहा के साथ तय हुआ है। आरोपी उसकी होने वाली पत्नी को भी परेशान करने की धमकियां देता रहता है। कोतवाल रामासरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बहू ने मारपीट कर सास के हाथ तोड़े, हमीरपुर रेफर

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बा निवासी आमना खातून को उसकी बहू ने गालीगलौज कर जमकर पीटा, जिससे उसके दोनों हाथों में फैक्चर हो गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सदर अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि उन्हें तहरीर नहीं मिली है।

### सुमेरपुर के युवक की अयोध्या में हुई मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 4 धर्मेश्वरबाबा निवासी रामप्रताप ने बताया कि उसका पुत्र अवधेश साहू (38) ऑटो चलाता था। रविवार शाम वह ऑटो लेकर अयोध्या गया था। वहां सोमवार को हादसे में उसकी मौत हो गई। पत्नी की मौत पहले हो चुकी है। मौत की खबर से मां शिवदेवी, पिता रामप्रताप उर्फ पंजाबी, भाई आशीष बिलख पड़े। परिजन अयोध्या रवाना हो गए हैं।

### हादसों में आधा दर्जन घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल हो गए। नौगांव (छतरपुर) निवासी राजाराम (32), मुंडेरा निवासी वीरेंद्र (25), कस्बा निवासी श्यामा (55), मौदहा की अनीता (35), परहेटा के रामबाबू (45), पंधरी की सीता (25) मार्ग दुर्घटना में घायल होने पर अस्पताल लाए गए। इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर सभी को घर भेज दिया गया।

### ट्रक की टक्कर से बैंक के कैशियर और पुत्री घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 8 निवासी बैंक कैशियर विमल सोनकर बाइक में पुत्री के साथ सब्जी लेने आए थे, तभी हाईवे पर सब्जी मंडी चौराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे पिता-पुत्री घायल हो गए और बाइक चकनाचूर हो गई। पत्नी पुष्पा सोनकर के मुताबिक बैंक कैशियर को कानपुर भेजा गया है।

### कबीर जयंती पर आश्रम में आज होगा विशाल भंडारा

**मौदहा।** कस्बे के फत्तेपुर स्थित सदगुरु कबीर आश्रम में सदगुरु कबीर आश्रम बौद्धिक चेतना समिति की ओर से संत कबीर की जयंती पर 10 जून को संत समागम एवं देवाहन होगा। 11 जून को प्रातः 8 बजे से कन्या भोज और 10 बजे से संतों का भंडारा, संत कबीर वाणी व सांस्कृतिक भंडारा होगा। दिन में 1 बजे से 6 बजे तक कबीरी भजनों के साथ भंडारे का आयोजन होगा।

### जिला पंचायत सदस्य के मुनीम के साथ मारपीट

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के करहया के राजकुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह जिला पंचायत सदस्य विपिन पाण्डेय का मुनीम है। रविवार को वह करहिया के बड़ा तालाब में मजदूरों से काम करा रहा था, तभी गांव के प्रदुम्न सिंह, पप्पू सिंह, यज्ञेश विश्वकर्मा, संतराम सोनी गालीगलौज कर काम बंद कराने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। उसने यूपी 112 में सूचना दी। पुलिस के समझाने-बुझाने पर मामला ठंडा हो गया। दो घंटे बाद फिर आ गए और मारपीट करने लगे। जेब से 15 हजार रुपये भी गिर गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, तीन लोग घायल

**कुरारा।** हमीरपुर-कालपी हाईवे पर मंडी के पास सोमवार को चालक को झपकी आने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे राजपाल (30) निवासी बदनपुर, सुशील (39) निवासी कुतुबपुर, दुलिया (42) निवासी खरौंज गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। राजपाल और सुशीला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### महिला के साथ मारपीट, 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**बिवांर।** क्षेत्र के मवईजार गांव निवासी गोमती पत्नी रामकरण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि खेत खरीदने की रंजिश में गांव के रमेश, दिनेश और ज्ञानपत शराब के नशे में कई दिन से दरवाजे में आकर अभद्रता करते हैं। सोमवार को पति के मजदूरी में जाने के बाद तीनों युवक पिता मैकू के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर मारपीट की। उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर पुत्री के बीच बचाव के करने पर उसे भी मारापीटा। पड़ोसियों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सूरज की तपिश में झुलस गए बदन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- भीषण गर्मी में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त, लोग बेहाल
- गर्मी के बीच बिजली की भीषण कटौती बनी कोढ़ में खाज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी ने आम जन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। सुबह से लेकर रात तक तपिश से राहत नहीं मिली, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा।

सोमवार सुबह छह बजे से ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह 11 बजे के बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। जो लोग निकले, वे सिर और मुंह कपड़ों से ढंके नजर आए। कुछ देर के लिए बादल छाए जरूर, लेकिन राहत की आस जल्द ही तेज धूप ने छीन ली। दिन चढ़ते ही गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने के रस, बेल का शरबत, शिकंजी और प्याऊ की ओर दौड़ते दिखे। दीवारों में सूरज की गर्मी समा जाने से कमरों के हालात भट्ठी जैसे हो गए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी अगले चार-पांच दिन तापमान में और वृद्धि की संभावना है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों औसत से ऊपर हैं। वहीं इस भीषण गर्मी में विद्युत विभाग की अघोषित कटौती से लोगों को बेहाल कर दिया। कई कई घंटे अघोषित कटौती से उमस भरी भीषण गर्मी में जीना दुश्वार हो रहा है।


धूप से बचाव के लिए दुपट्टे से चेहरा ढककर निकलीं युवतियां। अमृत विचार

**44** डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**31** डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

### भाजपा के महामंत्री ने फंदा लगा दी जान

**राठ।** पुलिस द्वारा चोरी की घटना में कार्रवाई न होने से आहत भाजपा के सरीला मंडल महामंत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जलालपुर थाने के बीलपुर गांव निवासी शिवेंद्र द्विवेदी भाजपा सरीला मंडल महामंत्री थे। पिता शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि उनके घर के बाहर लगे सबमर्सिबल पंप की पाइप और टंकी शनिवार रात चोरी हो गई थी। इस में गांव के छत्रपाल अनुरागी, पंकज, सुशील समेत दो अज्ञात युवकों पर संदेह जताया गया था। न्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी थी, लेकिन जलालपुर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे आहत होकर शिवेंद्र (32) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी बृजमोहन ने बताया कि पिता की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# माफिया को लोकेशन देने वालों पर मुकदमा

संवाददाता, मौदहा

- खनन अधिकारी का रोक रहे थे रास्ता, फिर कार छोड़ भागे

**अमृत विचार।** जनपद में लगातार हो रहे अवैध खनन, ओवर लोडिंग के चलते प्रवर्तन निदेशालय के निर्देश पर गठित जांच दल की गाड़ी के आगे पीछे गाड़ी लगाकर काम में बाधा उत्पन्न करने और अधिकारियों की लोकेशन वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दूसरी जगह पहुंचाने सहित एक गाड़ी में अलग अलग नम्बर की नम्बर प्लेट और फास्ट टैग रखे होने का मामला खनन अधिकारी ने दर्ज कराया है।

बिवांर थाना क्षेत्र में खनन अधिकारी उमाकांत जब क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे थे तो कुछ लोकेटर अपनी गाड़ियों को अधिकारी की गाड़ियों के आगे-पीछे तिरछी-आड़ी गाड़ी लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर रहे थे। खनन अधिकारी ने बिवांर पुलिस के सहयोग से गाड़ी का पीछा किया तो वे लोग गाड़ी आबादी की ओर जल्ला गांव में छोड़कर भाग गए, जिसमें दो गाड़ियों की नम्बर प्लेट और फास्ट टैग के साथ कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। मोबाइल की छानबीन से पता चला कि रास्ता रोकने वाले लोग अधिकारियों की लोकेशन वाट्सएप से माफिया को पहुंचा रहे थे। खनन अधिकारी ने मोबाइल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर जिन 20 फोन नंबरों पर लोगों सूचना दी जा रही थी, उनके साथ 10 से अधिक अज्ञात गाड़ियों के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है।

# युवती की मौत का रहस्य बरकरार

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं, जांच के लिए बिसरा हुआ सुरक्षित, स्लाइड भी बनाई गई

**फॉलोअप**

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचारः** तीन दिन पहले बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड के किनारे नहर में मिली युवती की लाश से तो पर्दा उठ गया है, मगर मौत का रहस्य गहरा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। रासायनिक परीक्षण के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है और स्लाइड भी तैयार की गई है, ताकि इस बात का पता चल सके कि कहीं अगवा करने के बाद युवती के साथ कोई अनैतिक कार्य तो नहीं हुआ।

राठ कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन पहले यानी 7 जून को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर वीरा गांव के पास नहर में अज्ञात युवती की लाश मिली थी, जिसे शिनाख्त के लिए मर्च्युरी में रखवा दिया गया था। दूसरे दिन 8 जून (रविवार) को युवती की शिनाख्त मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव निवासी मलखान प्रजापति की 22 वर्षीया पुत्री शिवानी प्रजापति के रूप में हुई थी।


शिवानी प्रजापति।

युवती की शिनाख्त हो जाने के बाद रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम में युवती की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। उसके शरीर में न तो चोट के कोई निशान मिले हैं और न ही गर्दन के पास ऐसे कोई सबूत मिले हैं, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने का अनुमान लगाया जा सके। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर ने मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए बिसरा सुरक्षित किया है। इसके साथ ही डॉक्टर ने युवती के साथ दुष्कर्म के संदेह को लेकर स्लाइड भी बनाई है।

हालांकि सरीला सीओ राजकुमार पांडेय का कहना है कि अभी उनके पास पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उनका कहना है कि सभी बिंदुओं पर बारीकी से तहकीकात की जाएगी। पुलिस का सारा ध्यान पहले आरोपियों को गिरफ्तार करना है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले का रहस्य सुलझ सकेगा।

### कहीं जहर खिलाकर तो नहीं मारा गया?

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं होने से हर किसी के जहन में अब एक ही सवाल कौंध रहा है कि कहीं शिवानी को जहर खिलाकर तो नहीं मारा गया। डॉक्टर ने भी इसी आशंका के आधार पर बिसरा सुरक्षित किया है। बिसरा की रासायनिक जांच होने और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के रहस्य से पर्दा उठ सकेगा। बिसरा के रासायनिक परीक्षण में आंतरिक अंगों के नमूनों की जांच होती है, जिसमें जहर से मौत का पता लगाया जा सकता है। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री में बिसरा नमूने की जांच में 2-3 दिन लग सकते हैं।

### पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

नहर में शिवानी की लाश मिलने के बाद उसके पिता मलखान प्रजापति की तहरीर पर जरिया थाने की पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ हत्या की नामजद एफआईआर दर्ज की है। जिन लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज हुई है, उनमें बिहूनी खुर्द गांव के ही महेश और उसका पुत्र मनोज आरोपी हैं। इन दोनों पर शिवानी को 14 मई को अगवा करने और फिर हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप लगाया गया है। मामले का खुलासा होने के बाद दोनों पिता-पुत्र फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक मयंक चंदेल का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### मऊरानीपुर थाने की पुलिस पर उठे सवाल

युवती की शिनाख्त होने के बाद झांसी जिले की मऊरानीपुर थाने की पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। पिता मलखान प्रजापित की मानें तो दबंग बाप-बेटे की धमकी से परेशान होकर उसने बेटी को उसकी ननिहाल मऊरानीपुर भेजा था। 13 मई को आरोपियों ने बेटी का अपहरण किया था। 14 मई को उसने मऊरानीपुर में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगर मऊरानीपुर पुलिस अपहरण की सूचना पर गंभीरता से कदम उठाती तो शिवानी को जिंदा बरामद किया जा सकता था।

# तमंचे से पत्नी को मारी गोली, गंभीर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पेट के आर-पार हुई गोली बांदा से कानपुर रेफर

**अमृत विचार।** सोमवार दोपहर पति ने तमंचे से पत्नी को गोली मार दी। गोली पत्नी के पेट के आर-पार हो गया, जिसे गंभीर हालत में बांदा से कानपुर रेफर किया गया है। आरोपी पति फरार है।


आरोपी संग्राम सिंह

कोतवाली क्षेत्र के टिकरी गांव का संग्राम सिंह पुत्र नत्थू सिंह गुजरात के अहमदाबाद में नौकरी करता है। रविवार को ही वह गांव लौटा था। उसका पत्नी पूनम सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिस पर उसने पूनम सिंह को तमंचे से गोली मार दी। गोली पूनम सिंह के पेट के पार हो गई। उसे गंभीर हालत में बांदा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपी के पिता नत्थू सिंह के हवाले से पुलिस ने बताया कि उनका लड़का मानसिक विक्षिप्त रहा है। जिसका पहले इलाज चलता था और इस दौरान वह अहमदाबाद में नौकरी करने लगा। रविवार को ही गांव लौटा था। उसका पत्नी से किस बात को लेकर झगड़ा हुआ उन्हें जानकारी नहीं है। आरोपी के एक बारह साल की लड़की और एक दस साल का लड़का है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी विनीत पहल ने बताया कि घटना को लेकर कोतवाली पुलिस और फील्ड यूनिट जांच कर रही हैं। आरोपी की तलाश की जा रही है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोग अलग-अलग बातें कर रहे हैं।


घटना के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# दुल्हन के साथ लौट रही युवती की हादसे में मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- 15 दिन पहले ही हुई थी सगाई दुल्हन और सहेली घायल

**अमृत विचार।** ब्यूटी पार्लर से मेकअप कराकर कार से गांव लौट रही दुल्हन की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार से पलटने से उसमें सवार एक युवती की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घालयों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


मनीषा पाल।

कस्बे के सिकंदरपुरा की मनीषा पाल (22) की बुआ की ननद रामदेवी की रविवार को शादी थी। मनीषा पाल ब्यूटी पार्लर में दुल्हन रामदेवी का मेकअप कराकर कार से कोतवाली क्षेत्र के बदनपुरा गांव लौट रही थी। रात में रामदेवी की शादी होनी थी। राठ-चरखारी रोड पर गोहानी गांव के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार से पलटने से उसमें सवार मनीषा पाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार पर सवार दुल्हन रामदेवी और गुंदेला गांव की रहने वाली रिश्तेदार मोहिनी पाल को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि दुल्हन और उसकी सहेली को शादी समारोह में ले जाया गया। परिजनों के मुताबिक मनीषा का 15 दिन पहले ही रिश्ता तय हुआ था। वह ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। इसी लिहाज से वह दुल्हन का मेकअप कराने गई थी।

**संपूर्ण समाधान दिवस** मौदहा तहसील में 80 शिकायतें पहुंची, मगर सिर्फ चार का ही मौके पर हो सका निस्तारण

# दर्द लेकर पहुंचे फरियादी मायूस होकर लौटे

संवाददाता, मौदहा

- मौदहा तहसील में डीएम ने जनता की सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार।** नगर में तहसील परिसर में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए छः दर्जन से अधिक मामलों में केवल चार ही मामलों का निस्तारण मौके पर हो सका जिससे अधिकांश फरियादियों के चेहरों पर मायूसी दिखाई दी।

नगर के तहसील सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने की। इस मौके पर कुल 80 फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रख उनके निदान की मांग की। लेकिन केवल चार ही फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक मामले पानी, बिजली, किसान सम्मान निधि व राशन कार्ड से संबंधित रहे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने नगर की पेयजल की समस्या को देखते हुए जिला अधिकारी से नगर में नवनिर्मित तीन नलकूपों में अविलंब विद्युत कनेक्शन करने की मांग की। इस मामले में एसडीओ विद्युत विमल श्रीवास्तव ने बताया कि मीरा तालाब व पावर हाउस के समीप बने नलकूपों में विद्युत कनेक्शन कर दिया गया है और शत्ती माता के समीप वाले नलकूप पर कार्य प्रगति पर है। वहीं रीवन, करहिया गांव निवासी श्रीराम मिश्रा, कैलाश, लालू आदि ने अवगत कराया कि नमामि गंगे परियोजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। पानी न मिलने से ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले वाली शिकायतों त्वरित जांच पड़ताल कर समय रहते उनका निस्तारण करें। हालांकि अधिकांश फरियादियों के मामलों का निस्तारण न होने से उनके चेहरे में मायूसी दिखाई दी। इस मौके पर सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एसडीएम राजकुमार गुप्ता व पुलिस क्षेत्राधिकारी विनीता पहल समेत जिले व क्षेत्र के आलाधिकारी मौजूद रहे।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम घनश्याम मीणा। अमृत विचार

### युवकों से मारपीट में 3 लोग नामजद

**सुमेरपुर।** बांदा रोड पर शनिवार रात टेढ़ा बस स्टैंड के समीप बाइक सवारों से मारपीट में घायल जितेंद्र के भाई की तहरीर पर तीन नामजद सहित 15 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है।

कस्बे के वार्ड नंबर 13 निवासी महेंद्र कुमार ने तहरीर में बताया कि भाई जितेंद्र 7 जून को बांदा के सिंहपुर शादी में गया था। वह साथी अजय गुप्ता के साथ बाइक से लौट रहा था। जसपुरा में राजेश साहू को साथ ले लिया। टेढ़ा गांव में पचखुरा बस स्टैंड के पास लाठी-डंडों लैस लोगों ने तीनों को बेरहमी से पीट कर मरणासन्न कर दिया। ग्रामीणों के आने पर भागने लगे। तभी ग्रामीणों ने जनपद जालौन के माडरी निवासी वीर सिंह, सुमेरपुर के लखनापुरवा निवासी प्रशांत वर्मा एवं थाना कुरारा के चकोठी निवासी सोनू को मौके में दबोचकर पुलिस के सुपुर्द किया।

## सार-संक्षेप


गोष्ठी को संबोधित करते संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

### सच्चे और जुझारू देश भक्त थे बिरसा मुंडा

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था की ओर से आदिवासी सूरमा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने कहा कि बिरसा मुंडा युवा देशभक्त थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 12 नवम्बर 1875 को बंगाल प्रेसीडेंसी के रांची जिले के उलीहातू गांव में सुगना मुंडा और कर्मी मुंडा के घर हुआ था। बिरसा मुंडा ने धार्मिक संगठन खड़ा कर अंग्रेजों का विरोध किया। आदिवासियों के संरक्षण के लिए संघर्ष किया। उन्हें रांची जेल में बंद किया गया, जहां उनकी मृत्यु के भ्रमित कारण बताए गए। फिर पता चला कि जहर देने से 9 जून 1900 को 24 वर्ष की उम्र में दुनिया छोड़ गये। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, दिलीप अवस्थी, प्रेम, प्रिन्स, सागर, संतोष, रिचा, आशुतोष, विकास आदि रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते किसान संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### किसान संघ ने प्रदर्शन कर आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**हमीरपुर।** किसानों की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे पर धरना दिया। इसके बाद डीएम के नाम अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। किसान संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीष पालीवाल, जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, केशव प्रसाद मिश्रा, वीरसिंह यादव, जिला मंत्री राहुल कुमार, संतोष पालीवाल आदि पदाधिकारियों ने ग्रामीण अंचलों में बिजली की ट्रिपिंग रोकने, सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया खाद व बीज उपलब्ध कराने, निराश्रित जानवरों को गौशाला में बंद करने, व्यक्तिगत जानवरों को छुट्टा छोड़ने पर कार्रवाई करने, उर्वरक आपूर्ति के लिए सुमेरपुर में रैक प्वाइंट बनाने, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम का बीज विधायन संयंत्र जनपद में स्थापित करने की मांग की। मंडी समितियों में किसानों का शोषण रोकने और ठंडा पानी, मंडी की सफाई, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था कराने के साथ दालों एवं खाद्य तेल का विदेशों से आयात बंद करने तथा मटर का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जाने की मांग की।


छात्राओं ने आकर्षक सामग्री तैयार कर दिखाया हुनर। अमृत विचार

### छात्राओं को सिखाया गया लोक गायन एवं लोक संगीत

**सुमेरपुर।** पारा रैपुरा स्थिति राजकीय हाईस्कूल में प्रधानाध्यापिका रंजना रघुवंशी की देखरेख में स्थानीय लोक संगीत एवं लोक गायन विषय पर प्रकाश डाला गया। जिसके अंतर्गत योगाभ्यास के साथ-साथ छात्रों को स्थानीय स्तर पर लोक नृत्य, वाद्य यंत्र एवं लोक गायन की सिखाया गया। नोडल शिक्षिका प्रियंका देवी ने छात्राओं से लोक गायन, समूह गायन एवं राष्ट्रीय गीत का गायन करवाया। क्राफ्ट कला के अंतर्गत विविध प्रकार के आकर्षक सामग्री तैयार कर छात्राओं ने अपने हुनर दिखाए।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे एआरपी अभ्यर्थी। अमृत विचार

### एआरपी चयन और ब्लाक आवंटन में जांच की मांग

**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के लिए एआरपी की चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए एआरपी अभ्यर्थियों ने सदर विधायक मनोज प्रजापति को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की है। एआरपी मुख्तार अहमद खां, कालीदीन, वर्षा सिंह, नीलम देवी, पुनीत त्रिवेदी आदि ने ज्ञापन में बताया कि जिले में एआरपी चयन प्रक्रिया में अनियमितता की गई है। अधिक अंक वाले शिक्षकों को दरकिनार कर नियुक्ति तिथि को वरिष्ठता का आधार बनाकर कम अंक वाले कई शिक्षकों को मनचाहा ब्लॉक आवंटित कर दिया गया है, जबकि पड़ोसी जनपदों में मेरिट लिस्ट से एआरपी को ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। उन्होंने चयन समिति के अध्यक्ष पर गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। मामले में अभ्यर्थियों ने गहन निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार मेरिट सूची के आधार पर एआरपी ब्लॉक आवंटन प्रक्रिया संपन्न करवाने की मांग की। वहीं सदर विधायक मनोज प्रजापति ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की सक्षम अधिकारियों की समिति बनाकर एक निश्चित समय में जांच करा कर मेरिट के आधार पर ही ब्लॉक आवंटन करने के निर्देश दिए हैं।

# 94 शिकायतों में से एक ही मौके पर निस्तारित

संवाददाता कुलपहाड़, महोबा


फरियादी की समस्या सुनतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुलपहाड़ में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। जहां पर तेज धूप और तपिश के बाद भी फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त हुईं 94 शिकायतों में मात्र एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नहीं बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी किया जाए।

- संपूर्ण समाधान दिवस पर तेज धूप के बाद भी जुटी भीड़

कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएं, डुग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने क्षेत्र के एसडीएम को अवगत कराएं।

### महोबा, चरखारी में 10 शिकायतों का निस्तारण

**महोबा।** सोमवार को तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहां पर आई 39 शिकायतों में आठ शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी तरह तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में फरियादियों की शिकायतें सुनी गई। तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस पर प्राप्त हुई 20 में से दो शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## जमीनी विवाद को लेकर भाई-भतीजे ने पीटा

**जैतपुर।** थाना अजनर के ग्राम गुंड में जमीनी विवाद को लेकर भाई और भतीजे ने मिलकर युवक को लाठी डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने थाना अजनर में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम गुंड निवासी बसंता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके भाई से जमीन के बटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर रविवार की रात्रि उसका भाई अपने पुत्रों के साथ घर के बाहर आया और गाली गलौज करने लगा। शोर शराबा सुन बाहर निकलने पर मैने गाली गलौज करने से मना किया तो भाई और भतीजे ने मुझपर लाठी डंडों से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# बिजली-पानी की समस्या किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता जैतपुर

**अमृत विचार।** जैतपुर क्षेत्र बिजली और पेयजल संकट को लेकर बुन्देलखण्ड किसान यूनियन ने सोमवार को कस्बे में रैली निकालकर प्रदर्शन किया, बाद में जिलाधिकारी महोबा को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार पंकज गौतम को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जैतपुर सहित आसपास के गांवों में बिजली पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है।

बताया कि विकासखंड जैतपुर के ग्राम थुरट के तलैयापुरा मोहल्ले में लोगों को भीषण पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है। ग्राम कुटरा व महेवा में बीते 15 दिनों से टंकी की डीपी खराब होने से जलापूर्ति पूरी तरह से ठप है। ग्राम बछेछर खुर्द के कारकदेव मोहल्ले और जैतपुर कस्बे के दमक मोहल्ले में 6 माह से खराब पड़े हैंडपंप के चलते करीब 200 परिवारों को दो किमी दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

विद्युत व्यवस्था को लेकर बताया कि ग्राम मगरोलकला में अनिल राजपूत के मकान के पास ट्रांसफार्मर 10 दिनों से खराब पड़ा है, वहीं राज कुशवाहा के घर के पास डीपी खराब है। स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर 500 रुपये की अवैध वसूली हो रही है। ज्ञापन देंने में डॉ. पंकज तिवारी, अखिलेश रावत राष्ट्रीय सचिव, किरन पाठक प्रदेश अध्यक्ष, उदेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

# तालाबों को गहरा कराने में रुचि नहीं ले रहे बीडीओ

## धीमी प्रगति से नाराज डीएम ने चार बीडीओ के वेतन रोकने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा


तालाबों की खुदाई का कार्य करती मशीन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के तालाबों को संरक्षित और अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने श्रमदान से तालाबों की खुदाई कराना शुरू कराया। ताकि इससे तालाबों में जल भंडारण क्षमता बढ़ जाए और कुओं और हैंडपंप रिचार्ज हों। इस काम में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जिले के खंड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए है।

विकास खंड कबरई, चरखारी, जैतपुर, पनवाड़ी के तालाबों की बारिश से पहले ही खुदाई का कार्य शुरू करा दिया है। डीएम ने तालाब खुदाई का कार्य तेजी से कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे बरिश से पहले ही तालाबों की खुदाई का कार्य निपट सके। तालाबों की खुदाई होने से इनमें जल भंडारण की क्षमता बढेग़ी, बारिश के बर्बाद होने वाले पानी को भी इन तालाबों में डाला जाएगा। इससे बारिश के दौरान तालाबों जल को बड़ी मात्रा में संरक्षित किया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने तालाबों की खुदाई का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति जानी। कार्यों में धीमी प्रगति को लेकर डीएम ने नाराजगी जताते हुए चरखारी, पनवाड़ी, कबरई और जैतपुर के खंड विकास अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश जारी दिए हैं। इससे जिले के चारों ब्लाक के खंड विकास अधिकारियों में हड़कंप मचा है। जिले में वर्ष 2016 में तलाबों की खुदाई कराई गई थी। तालाब खुदाई में सरकार ने अच्छा खासा पैसा भी खर्च किया था, लेकिन इस साल जिला प्रशासन ने श्रमदान से तालाबों की खुदाई का कार्य शुरू कराया है। जिसके चलते गांव कस्बों के तालाबों की खुदाई करके मिट्टी हटवाई जा रही है। इससे तालाबों का भूभाग बढ़ जाने और गहरीकरण हो जाने से तालाबों में जल भंडारण की क्षमता बढेग़ी।

- डीएम की पहल से जिले में हो रही तालाबों की खुदाई

### खेती के लिए भी मिलेगा पानी

तालाबों के गहरा होने से इनकी जलभराव क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। इससे पेयजल आपूर्ति का संकट भी खत्म हो जाएगा। तालाब खुदाई से जल संरक्षण की स्थाई व्यवस्था होगी। साथ ही इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा, जिले में तालाब खुदाई का यह मॉडल अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बनेगा।

## पुलिस ने दबिश देकर सात जुआरियों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों से पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के पास से 6120 रुपये मालफड़ और जामा तलाशी से बरामद किए है। सभी जुआरियों के खिलाफ थाना महोबकंठ में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की।

एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए जिले में संचालित अवैध जुआ व सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने टूडर ग्राम से पहले स्थित पहाड़ी में जुआ खेल रहे कपिल राजपूत पुत्र पर्वत सिंह राजपूत निवासी ग्राम गुढ़ा थाना अजनर, नीरज अरजरिया पुत्र सुरेश चन्द्र अरजरिया निवासी ग्राम हसला व देवेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र बालादीन राजपूत निवासी ग्राम बुडौरा थाना पनवाड़ी को पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों की तलाशी लेने पर मालफड़ 2600 रुपये व जामातलाशी से 520 रूपये कुल 3120 रूपये के अलावा ताश के पत्ते बरामद किए गए। इसी प्रकार पुलिस टीम ने बम्हौरी कुर्मिन व थलौरा के समीप हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे विसन्द राजपूत पुत्र मईयादीन, ग्यासी राजपूत पुत्र भागीरथ, कमलापति राजपूत पुत्र पारीक्षत निवासीगण ग्राम दादरी थाना महोबकंठ व जगदीश कुशवाहा पुत्र हरदास निवासी घटेरा थाना महोबाकंठ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### पुलिस ने बरामद किया अज्ञात शव

**महोबा।** कबरई क्षेत्र में एक अज्ञात वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया। शव को कब्जे में लेकर कबरई पुलिस ने उसे जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया, लेकिन उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस अज्ञात शव का पता लगाने में जुटी हुई है।

# घटतौली के विरोध के बाद कार्रवाई नहीं होने से किसान नाराज, ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा


डीएम को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मंडी में पूर्व में हुई घटतौली की घटना के विरोध में सोमवार को हलधर किसान यूनियन ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। डीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि खरेला निवासी किसान दीपक की 21 मई को मटर तुलाई हुई थी जिसमें 31 क्विंटल 80 किलो मटर में भी 55 किलो मटर कम हो गई। जिस पर किसान ने अपनी फरियाद सचिव से लेकर जिलाधिकारी तक को सुनाई लेकिन कुछ नहीं हुआ।

घटतौली के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से नाराज भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा ईकाई ने भी इस मामले को लेकर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज से 28 मई को मुलाकात कर किसान की समस्या से अवगत कराया। इसके बाद भी मंडी में घटतौली करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से किसानों में खासा आक्रोश है। ज्ञापन में बताया कि मंडी में किसानों के माल के लिए डाक चबूतरे पर व्यापारी अवैध तरीके से कब्जा किये हुए हैं। बताया कि सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली योजनाओं पर किसी भी कर्मचारी अधिकारी ने गौर नहीं किया। इसी समस्या के कारण पिछले वर्ष एक किसान की क्विंटलों मुंगफली पानी में बह गई थी, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने उनकी मदद नहीं की। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रमुख महासचिव संतराम त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार शर्मा, शिशुपाल सिंह परिहार, अरविंद सिंह, वीर बहादुर सिंह, ठाकुर देवीसिंह, राजकिशोर गुप्ता, सहित दर्जनों किसान थे।

- भारतीय हलधर किसान यूनियन ने जिलाधिकारी से की शिकायत

## हवन-पूजन के बाद भंडारा

**कुलपहाड़।** मां बाघबिराजन धाम मंदिर में श्री शतचंडी दुर्गा महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ व 18 पुराण कार्यक्रम के उपरांत माताजी के प्रांगण में दसवाननी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर भारी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटी। कार्यक्रम के उपरांत भक्तों को प्रसाद भी ग्रहण कराया गया।

यज्ञ के मुख्य यजमान सुनील मिश्रा सपत्नीक तथा श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान अवधेश सोनी सपत्नीक के द्वारा संपन्न कराया गया। इसमें मंदिर के पुजारी तथा उक्त कार्यक्रम के संयोजक पंडित नरेंद्र दुबे महाराज द्वारा यज्ञशाला में श्री सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण कराई गई।

# घर-घर जाकर सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों को बताएंगे पेंशनर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान महोबा की सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशन भवन में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने की। बैठक में केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों में वित्त विधेयक के माध्यम से किए गए संशोधनों पर चर्चा की गई। केंद्र व राज्य सरकार के विरुद्ध नाराजगी जताते हुए संस्थान द्वारा 10 से 30 जून तक प्रदेश में घर-घर चलो कार्यक्रम के तहत सम्पर्क कर सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों के बारे में पेंशनरों को अवगत करने का निर्णय लिया गया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि सरकार के नवीन संशोधनों से न केवल केंद्र सरकार के पेंशनर प्रभावित होंगे बल्कि राज्य सरकार के लाखों बुजुर्ग पेंशन भोगियों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ेगा। यहां तक कि 2025 के पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू न होने पर उन्हें डीआर बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता भी नहीं मिलेगा। संस्थान के उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद तिवारी ने कहा कि मुद्रास्फीति के बढ़ने और जीवन यापन की लागत के असहनीय होने के साथ यह कदम सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और दशकों से देश सेवा करने वालों को परेशान करने वाला है।

कालका प्रसाद गुप्ता एवं महेन्द गुप्ता ने कहा कि यह नीतिगत फैसला पाकिस्तान के हाल ही के पेंशन सुधारों से मिलता जुलता है। जहां आर्थिक अस्थिरता के कारण सेवानिवृत्त लोगों को आधी पेंशन स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। सुनील शर्मा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 जून को हिंद टायर की गली में, 11 जून को पस्तौर वाली गली गांधीनगर में पेंशनर घर घर जाकर पेंशनरों को अवगत करने का काम करेंगे।

सीखे गुर | रामकथा मार्ग स्थित बुंदेलखंड फिल्म एकेडमी में आयोजित किया कार्यक्रम

# नए कलाकारों को सिखाईं रंगमंच की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, महोबा


नाटक अभिनय के गुर सिखाते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतेंदु नाट्य एकेडमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं संदीप द आर्ट ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में शहर के रामकथा मार्ग स्थित बुंदेलखंड फिल्म एकेडमी में आयोजित किए गए सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का सोमवार को समापन किया गया। कार्यशाला में तीन दर्जन से अधिक नए कलाकारों को प्रशिक्षक द्वारा नाटक अभिनय के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिले के तमाम समाजसेवी और संगीतज्ञ शामिल रहे।

भारतेंदु नाट्य एकेडमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं संदीप द आर्ट ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रंगमंच कार्यशाला के सातवें दिन भी लगभग 40 बच्चों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के अंतिम दिन भारतेंदु नाट्य एकेडमी से आए प्रशिक्षक अंकित कश्यप ने जल ही जीवन है नाटक के माध्यम से नव कलाकारों को अभिनय की बारीकियों से रूबरू कराया। संगीतज्ञ अबोध सोनी ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क था और जो कुछ बच्चों ने सीखा उसे अंतिम दिन आए हुए सभी अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समय समय में ऐसी कार्यशाला होती रहेंगी तो बच्चों को आगे पहुंचाने में मदद मिलेगी। समाज सेवी विनोद पुरवार ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भारतेंदु नाट्य एकेडमी से आए हुए प्रशिक्षक अंकित कश्यप ने बताया कि महोबा के बच्चों के अंदर बहुत हुनर है बस समय समय से बच्चों को अभिनय के प्रति मार्ग दर्शन देने की आवश्यकता है। कार्यशाला का आखिरी दिन विद्या मंदिर कॉलेज के संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी, अभिनय के क्षेत्र से जुड़े जगदीश शिवहरे, रंजन श्रीवास्तव, अंचल सोनी, कल्पना सोनी, बुंदेलखंड फिल्म एकेडमी के संस्थापक श्याम कुशवाहा शामिल रहे। ये जिले में हो रही पहली बार रंगमंच की कार्यशाला में जुड़ने के लिए अंकित कश्यप और संदीप द आर्ट ग्रुप के संचालक संदीप चंदेल ने जिले भर के बच्चों को आमंत्रित किया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हथेई विकास खण्ड पतारा जनपद कानपुर नगर**

पंत्राक: मेमो निविदा/मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त — दिनांक 09–06–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हथेई विकासखण्ड पतारा में केन्द्र वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / मनरेगा / स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 2025–26 में ग्राम पंचायत हथेई द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित किये जाने हेतु आइटम रेट/ सम्रागी आपूर्ति पर मुहरबन्द निविदा दिनांक 10.06.2025 से प्रात: 11 बजे से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं 18.06.2025 को सांय 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को धरोहर राशि के रूप राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी.आर. / जो कि ग्राम पंचायत सचिव हथेई कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक हो जमा करनी होगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 100/– रू के नान जूडिशियल स्टैम्प व 1/– रू का रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी मे निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | नग/ संख्या | अनुमानित लागत | कार्य का अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एम0 सूर्यघर योजना का कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 2 | विघासागर संखवार के घर से गंगाप्रसाद सचान के घर तक नाली व इंटरलाकिग 7 निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 3 | सुधीर सचान के घर से नरेश सचान के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत के प्रा0 वि0/ उ0प्र0वि0 में कायाकल्प कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 5 | मिलन केन्द्र की बाउडीवाल निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 6 | सन्तराम मास्टर से तालाब तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 7 | सचिव आवास की बाउडीवाल निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 8 | द्विजेन्द्र अवस्थी के घर से शैलेन्द्र पाल तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 9 | नातेदार के घर से लक्ष्मी यादव के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 10 | गेन्दालाल के घर पुतिया तक इंटरलाकिग निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 11 | महेन्द्र के घर से दीपू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 12 | मुकेंश के घर से जगदीश के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 13 | आशू सविता के घर से रामबाबू सविता के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 14 | सुभाष अवस्थी के घर से छुटकाव शुक्ला के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 15 | गोविन्द्र द्विवेदी के घर से शिव सागर के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 16 | शैलन्द्र पाल के घर से राजेश सेंगर के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 17 | बलबीर के घर से ब्रजकिशोर के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 18 | आंगनवाडी मरम्मत कार्य महमदपुर में। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 19 | मम्हमदपुर मे प्रा0 वि0 में शौचालय निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 20 | सर्वेश के घर से मंगल पाल के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 21 | पप्पू तिवारी के घर से राम प्रसाद के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 22 | दिनेश के घर से पतरावल के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 23 | आम की बगिया से भारत सिंह के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 24 | कल्लू के घर से गंगाराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 25 | आंगनवाडी निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 26 | पंचायत भवन का सुन्दरीकरण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 27 | राम विष्णु अवस्थी के घर से गुलाब सिंह के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 28 | शिवकरन सिंह के घर से सूरज सिह के घर तक इंटरलॉकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 29 | कछवाहिनपुर पुलिया से तोमर के घर तक मिट्टी पुराई व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 30 | रविन्द्र सिंह की पुलिया से गगांप्रसाद मिश्रा तक नाली व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 31 | संतोष तिवारी के घर से विजेन्द्र अवस्थी के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 32 | विनोद पाल के घर से गोले पाल तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 33 | वीरू पंडित के घर से छुन्नी तिवारी के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 34 | प्रा0 वि0 हथेई से सीताराम संखवार के घर तक इंटरलांकिग व नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 35 | छिद्दू के घर से तालाब तक मिट्टी पुराई व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 36 | छोटे मिस्त्री के घर से बम्बी तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 37 | शमसूदीन के घर से दिवान के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 38 | प्रताप यादव से अतर सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 39 | रामबाबू सचान की बम्बी से अभिमन्यू यादव के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 40 | जगत की दुकान से बलबीर के घर तक इंटरलाकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 41 | कल्लू के घर से गंगाप्रसाद के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 42 | सुधीर के घर से गोविन्द के घर तक इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |
| 43 | रमेश तिवारी के घर से धमेन्द्र पाण्डेय के घर तक नाली मरम्मत व इंटरलांकिग कार्य। | 1 | प्राक्कलन अनुसार | 1 माह |

नियम व शर्ते (1) उक्त कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। (2.) निविदा कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। (3.) निविदा दाताओं की जीएसटी / पैन / फर्म का रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति संलम्न कर देना होगा। (4.) निविदा की स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार गठित समिति का होगा। (5.) सामग्री घट बढ़ सकती है। प्राक्कलन के अनुसार व भुगतान वास्तविक एमबी के अनुसार होगा। (6.) आइटम रेट प्राक्कलन कि दशा में 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर/बैकडाफट् / चेक के रूप में ग्राम पंचायत के पास बन्धक होगी। व निविदा स्वीकृत के पश्चात सिक्योरिटी धनराशि 10 प्रतिशत भी ग्राम पंचायत के पास बंधक होगी। (7.) प्रत्येक कार्य के लिये अलग से आवेदन करना होगा। (8.) यदि किसी कारणवश निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस मे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हथेई
कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
(सचिव) ग्राम पंचायत हथेई
कानपुर नगर

## एक नजर

### बिरसा मुंडा का स्मृति दिवस मनाया

बरगढ़ (चित्रकूट)। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में सोमवार को बरगढ़ सुचेता कालोनी में महान स्वाधीनता सेनानी बिरसा मुंडा का स्मृति दिवस मनाया गया। जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को बिहार के उलिहातू गांव (रांची) में हुआ था। उन्होंने हिंदू और ईसाई दोनों धर्मों की शिक्षा ली थी। बिरसा हमेशा अपनी संस्कृति और धर्म को बचाए रखना चाहते थे। इस मौके पर भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम, राधेश्याम प्रजापति, रामनाथ वर्मा, सुनील अंबेडकर, पुष्पराज वर्मा, संतलाल आदिवासी, देवकुमार आदिवासी, संतोष कुमार आदिवासी, कविता सेन आदि आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

### डीएम, एसपी ने तुलसी स्मारक के सुंदरीकरण को देखा

राजापुर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराए जा रहे तुलसी स्मारक के सुंदरीकरण काम का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि मैनपॉवर बढ़ाकर काम में प्रगति कराएं। कार्य शासन की मंशानुरूप व गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी आरआर रमन, अध्यक्ष नगर पंचायत संजीव मिश्रा, सहायक अभियंता यूपीपीसीएल सुनील कुमार कनौजिया, थाना प्रभारी प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

### करंट लगने से युवक की चली गई जान

सीतापुर (चित्रकूट)। चौकी अंतर्गत अमानपुर में रविवार की रात पंखा ठीक करते समय 28 वर्षीय शिवशरण पुत्र रामभवन की करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मजदूर के घर में आग से गृहस्थी का सामान जला

चित्रकूट। कोतवाली थानांतर्गत कंठीपुर गांव में रविवार रात श्रमिक रामकिशुन के घर अचानक आग लगी गई। उसने बताया कि गर्मी की वजह से बाहर सो रहे थे। लगभग 12 बजे किसी कारण से आग लग गई। जब तक जानकारी हुई तब तक आग फैल गई। किसी तरह सबमर्सिबल पंप से आग पर काबू पाया गया। उसने बताया कि वह परिवार पालने के लिए आजीविका चलाने के लिए मजदूरी करता है। सारा सामान जलकर राख हो गया।

# सीएमओ सहित कई अधिकारियों का कटेगा एक दिन का वेतन

## संपूर्ण समाधान दिवस में गैरहाजिर होने पर डीएम ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)



संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और एसपी अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर नदारद रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताई और बिना किसी पूर्व सूचना अथवा अवकाश स्वीकृति अनुपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक अभियंता/अवर अभियंता जल निगम, सहायक अभियंता / अवर अभियंता नलकूप, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, सहायक विकास अधिकारी रामनगर, सहायक विकास अधिकारी सहकारी समिति, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) पहाड़ी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) पहाड़ी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) रामनगर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से कहा कि प्राथमिकता के साथ लोगों की शिकायतों का निस्तारण करें। नाली, चकरोड व तालाब पर अतिक्रमण को हटवाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करें।

इस दौरान 67 आवेदन आए। इनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्युष कटिहार, एसडीएम आरआर रमन, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओपी मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

### पेयजल समस्या को लेकर की शिकायत

समाधान दिवस में नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र निवासी भैयालाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि जल संस्थान राजापुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही से पूरे मोहल्ले में पेयजलापूर्ति ठप है। इससे भीषण गर्मी में लोग एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। कई बार तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ।



सीएचसी का मुआयना करते मंडलायुक्त अजीत कुमार।


थाना मऊ में मुआयना करते डीआईजी राजेश एस।

# समयबद्ध और पारदर्शिता से करें शिकायतों का निस्तारण : कमिश्नर

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। मंडलायुक्त अजीत कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधीनस्थ अधिकारियों को इनके समयबद्ध और पारदर्शितापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। बाद में डीआईजी ने थाना मऊ का निरीक्षण किया।

कमिश्नर ने समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं के निस्तारण के बाद संबंधित व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। भूमि संबंधित मामलों में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कब्जामुक्त कराया जाए। इसके बाद डीआईजी ने थाना मऊ का निरीक्षण किया। थाना परिसर की सफाई कराने, मालखाना में रखे शस्त्रों को समय-समय पर साफ कराने, महिला हेल्प डेस्क में प्रार्थनापत्रों का शत-प्रतिशत समय से निस्तारण कराने, रजिस्टरों का उचित रखरखाव व हवालात की प्रतिदिन सफाई कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह को निर्देशित किया। इस दौरान एएसपी सत्यपाल सिंह, सीओ यामीन अहमद आदि मौजूद रहे। उधर, मंडलायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को मरीजों के गुणवत्तापूर्ण उपचार, ससमय बच्चों को टीका लगाने, महिलाओं को कैल्शियम की दवा वितरण, मरीजों एवं तीमारदारों से अच्छा व्यवहार करने, दिव्यांगों के लिए रैंप व ट्राइसाइकिल की व्यवस्था तथा सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं के निर्देश दिए।

- डीआईजी ने किया थाना मऊ का मुआयना

# ढाबों-होटलों में चोरी छिपे परोसा जा रहा मांस-अंडा

संजय साहू, चित्रकूट

अमृत विचार। तीर्थक्षेत्र, जिला मुख्यालय और अन्य जगहों पर खुले होटल और ढाबों में मानकों की अनदेखी की जा रही है। और तो और, सामान्य या शाकाहारी भोजन का बोर्ड लगाकर अंदर अंडे और मांसाहार परोसा जा रहा है। जांच के नाम पर खानापूरी से इनके संचालकों के हौसले बुलंद हैं। एक ही रसोई में शाकाहार और मांसाहार बनने से भी लोगों की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है।

तीर्थक्षेत्र में कई जगहों पर मांसाहार और अंडे की बिक्री और होटलों में इनसे बने खाद्य पदार्थों पर रोक है। इसके बाद भी अक्सर जानकारी आती हैं, जो इस पर सवालिया निशान लगाती हैं। इसके साथ ही ढाबों और होटलों में शाकाहारी भोजन का बोर्ड लगाकर अंदर मांसाहार और अंडा धड़ल्ले से परोसा जाता है। जबकि जानकारी के अनुसार, मांसाहार संबंधी भोजन के ढाबे या होटल में बोर्ड पर यह साफ साफ लिखा होना चाहिए। इसके अलावा दोनों आहारों की रसोई भी अलग अलग होनी चाहिए। ढाबों में सुरक्षा और सफाई जैसे मानकों का भी ध्यान शायद ही कोई संचालक रख रहा हो। बस स्टैंड से बेड़ी पुलिया तक खुले कई ढाबों और होटलों में मानकों को लेकर अनदेखी की शिकायतें हैं। बेड़ी पुलिया के पास एक पुराने और प्रसिद्ध ढाबे में धड़ल्ले से अंडा करी परोसी जा रही थी। हालांकि होटल और ढाबे के लोग इस बात का ध्यान रखते हैं कि किसी अनजान को न तो मांसाहार दिया जाए और न अंडा। अंडे के लिए इस ढाबे में गोलू शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। जब अंडा बिक्री को लेकर सवाल किया गया तो संचालक का कहना था कि डाक्टर भी अंडे को शाकाहारी मानते हैं। यह मांसाहारी कैसे हुआ। जब उससे कहा गया कि बेचना है तो बोर्ड में लिखवाए और अपने मेन्यू कार्ड में मेंशन करें। ढाबे को शाकाहारी कहकर आस्थावानों के साथ धोखा तो न करें।

- शाकाहारी कहकर आस्था से खिलवाड़

### चिह्नित किए जाएंगे होटल, ढाबे : खाद्य अभिहित अधिकारी

खाद्य अभिहित अधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि शाकाहारी भोजनालय में अंडा, मांस बेचना सख्त मना है। यह नियमों के खिलाफ है। ऐसे ढाबों और होटलों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। यह प्रभु श्रीराम की तपोस्थली है। लाखों श्रद्धालु शाकाहार की तलाश में होटलों-ढाबों पर जाते हैं। अगर मांसाहार बनाना है तो उसकी अलग रसोई होनी चाहिए। आस्था के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। होटलों और ढाबों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी। अगर ऐसा पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मांस-अंडा बेचना है तो बोर्ड में लिखें : पर्यटन अधिकारी

उधर जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने जब इस मामले को सुना तो वह एकबारगी चौंक गए। उन्होंने बताया कि बेड़ी पुलिया से पूरे तीर्थ क्षेत्र में मांस-अंडा बिक्री होटलों और ढाबों में बिल्कुल मना है लेकिन अगर कोई ऐसा कर रहा है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यहां आने वाले दर्शनार्थियों के साथ शुद्ध शाकाहारी खाने के साथ अंडा करी और मांस निर्मित खाद्य नहीं बेंचा जा सकता। अगर बेचना है तो शुद्ध रूप से अपने बोर्ड या बैनर में उसका उल्लेख करें। अगर यात्री का मन होगा तो खाएगा अन्यथा नहीं। श्रद्धालुओं के साथ ऐसा व्यवहार करने वाले होटलों-ढाबों के खिलाफ अभियान तेज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


ट्रैक्टर पलटने से हुई युवक की मौत के बाद अस्पताल में लोगों की भीड़।

### सड़क हादसों में दो लोगों की गई जान

चित्रकूट। सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। ट्रैक्टर पलटने से एक ग्रामीण की जान चली गई तो मार्निंग वाक कर रहे वृद्ध को किसी वाहन ने रौंद दिया। रामनगर संवाददाता के अनुसार, राजेश कुमार (27) पुत्र सुग्गी लाल निवासी बरिया पत्नी सुनीता (25), पुत्री प्रतिभा (10) पुत्र अंचित (5) के साथ लोधौरा में अपनी ससुराल शादी समारोह में शामिल होने गया था। सोमवार को सभी लोग गांव लौट रहे थे। ट्रैक्टर राजेश चला रहा था। अरछा बरेठी गांव की गौशाला के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गया। इससे राजेश की मौके पर मौत हो गई। अन्य परिवारीजन भी घायल हुए, जिनको जिला अस्पताल भेजा गया। सीओ मऊ यामीन अहमद व पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, मऊ संवाददाता के अनुसार, कस्बा के आनंदीनगर निवासी श्याम द्विवेदी (75) को सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे मॉर्निंग वाक के दौरान किसी वाहन ने कुचल दिया। उनकी मौके पर मौत हो गई। मृतक की जेब से मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### माध्यमिक शिक्षकों ने शिक्षा निदेशक से बताई समस्या

चित्रकूट। स्थानांतरण संबंधी आवेदन निरस्त होने पर आक्रोशित शिक्षकों ने अपर शिक्षा निदेशक से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री सत्यशंकर मिश्र की अगुवाई में कालेजों के शिक्षक अधिकारी से मिले और आरोप लगाया कि उनके आवेदनों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बिना किसी कारण अस्वीकृत कर दिया। शिक्षकों ने बताया कि इस संबंध में उन लोगों ने अपना ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा था और शासनादेश के अनुसार फार्मों को अग्रसारित करने का अनुरोध किया था। इसके बाद भी सभी आवेदन रिजेक्ट कर दिए। इस पर उन लोगों ने अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय), शिक्षा निदेशक व महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र भेजकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जिलाध्यक्ष रामकेश कुशवाहा ने बताया कि संघ के पदाधिकारियों के साथ लखनऊ में अपर शिक्षा निदेशक से मिलकर उन्होंने अपनी बात कही। बताया कि इस पर अपर शिक्षा निदेशक ने तत्काल जिला विद्यालय निरीक्षक से बात की और शासनादेश के अनुसार नियमत: ऑनलाइन ट्रांसफर आवेदनों को अग्रसारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कौशल कुमार, भूरे सिंह, मनश्याम वर्मा, रवेंद्र सिंह, शुभम पांडेय, रमेश यादव, शैलेश यादव, सोनम, अमृत लाल सरोज, गुंजन सिंह, गुड़िया देवी, सुबास चंद, प्रमोद कुमार पाल, राकेश कुमार, विनय कुमार विश्वकर्मा, विमल यादव, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

# युवक की मौत पर पिता ने दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। शराब पार्टी के दौरान चली गोली से युवक की मौत मामले में मृतक के पिता ने उसके एक दोस्त के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, इस हत्याकांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि सात जून की रात पारस वर्मा (25) पुत्र प्रेमशंकर निवासी मुलायमनगर की उस समय गोली लगने से मौत हो गई थी, जब वह अपने दोस्तों के साथ खेत में पार्टी कर रहा था। इस संबंध में मृतक के पिता ने मैकू निषाद उर्फ मैकू दादा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया है कि उसके बेटे पारस उर्फ प्रवीण कुमार को इसने लाठी से मारा था, जिससे उसका दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया था। सात जून की रात पारस बनकट हाउस के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा था कि मैकू वहां आ गया। आरोप है कि मैकू ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए तमंचे उसके पुत्र को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, पुलिस ने एमपी यूपी की सीमा से एक आरोपी थोपू को गिरफ्तार करने का दावा किया।

# खाद-बीज उपलब्धता नहीं, किसानों को दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को ब्लॉक परिसर कर्वी एवं पहाड़ी में किसान पंचायत लगाई। बाद में सहायक विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने फसल बोने का समय आने के बाद भी खाद-बीज उपलब्ध न होने पर नाराजगी जताई।

सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि समितियों में खाद की उपलब्धता नहीं है, बीज गोदाम में बीज नहीं है। इससे फसल बोने में देरी हो रही है। बताया कि मंडी समिति के कर्मचारियों की मिलीभगत से अभी तक गल्ला मंडी परिसर में नीलामी चबूतरों को खाली नहीं कराया गया। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि मंडी परिसर में गंदगी का अंबार है। सफाई के नाम पर बार-बार एक ही व्यक्ति को ठेका दिया जाता है। टेंडर अप्रैल माह में हो जाना चाहिए था लेकिन अभी तक नहीं कराया। पहाड़ी में ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चौहान की अगुवाई में किसानों से संबंधित ज्ञापन दिया गया। बताया बरसात शुरू होते ही गौशालाओं को संचालित कराते हुए जानवरों को संरक्षित करने की तैयारी कर ली जाए। किसानों ने बछरन, सगवारा, दीनदयाल शोध संस्थान गनीवां के पास तेरा बुजुर्ग में खराब हैंडपंप को ठीक कराने की मांग की। रामेश्वर सिंह ने कोआपरेटिव कर्वी सचिव पर आरोप लगाया कि वह किसानों को खाद नहीं देते और अभद्रता करते हैं। बैठकों में जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री सिद्धार्थ सिंह, जयनारायण सिंह, विजय त्रिपाठी, श्रीकेशन राजपूत, जयनारायण मिश्रा, रामप्यारे, बबलू, छेदीलाल, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**उपेक्षा** राजापुर में नहीं है परिवहन निगम का कार्यालय

# फिर उठी तुलसीतीर्थ में रोडवेज बस अड्डे की मांग



बस अड्डे के अभाव में जहां-तहां खड़ी होती हैं रोडवेज और निजी बसें। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। तुलसीतीर्थ को लंबे अरसे से रोडवेज बस अड्डे की दरकार है। आयेदिन यहां के लोग इसकी मांग उठाते हैं पर कोई सुनवाई नहीं होती। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है पर किसी को चिंता नहीं। एक बार फिर स्थानीय निवासियों, समाजसेवियों ने परिवहन निगम के बस अड्डे की मांग उठाई है।

प्रदेश सरकार अनेकों योजनाएं लागू कर रही है पर उसका ध्यान राजापुर में रोडवेज बस अड्डे की स्थापना की ओर पता नहीं क्यों नहीं जाता। राजापुर में श्रद्धालुओं के लिए कोई सुविधा नहीं है। जबकि दूरदराज से साधु-संत विद्वान, श्रद्धालु आते रहते हैं। नियमित बसों का संचालन न होने से लोगों को निजी बसों और डग्गामार वाहनों, टेंपो-टैक्सी और जीपों के संचालकों के शोषण का शिकार होना पड़ता है। ये मनमानी सवारी बैठाकर मनमाना किराया वसूलते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मस्थली में उनकी हस्तलिखित श्रीरामचरितमानस है। प्राचीन हनुमान मंदिर व तुलसी स्मारक के दर्शन के लिए श्रद्धालु आते रहते हैं। जुगराज केशरवानी, सुभाषचंद्र अग्रवाल, शंकरदयाल जायसवाल, दीपक जायसवाल, राजेश केशरवानी, , विकास मिश्रा, लल्लू मोदनवाल, समीर विश्वकर्मा, गोपाल साहू, भरतलाल जायसवाल, अशोक द्विवेदी, सुरेश जायसवाल, राकेश नामदेव, सोमनाथ अग्रवाल आदि लोगों ने मुख्यमंत्री से एक बार फिर मांग की है कि राजापुर में बुकिंग ऑफिस, बस अड्डा की स्थापना की जाए।

### सन् 2002 तक चला यहां रोडवेज बस अड्डा



समाजसेवी सुनील मिश्रा ने बताया कि सन् 1970 में तत्कालीन सरकार के मंत्री राधाकृष्ण गोस्वामी ने राजापुर में परिवहन निगम के बुकिंग ऑफिस एवं बस अड्डे की स्थापना कराई थी। 2002 के बाद शासन, प्रशासन व निगम की अनदेखी और उपेक्षा से इनको समाप्त कर दिया गया। राजापुर ने जहां विश्व को भक्ति ज्ञान उपलब्ध कराया, वहीं विकास से कोसों दूर है।

### कई बार किया गया पत्राचार



नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने धर्मस्थलों को परिवहन से जोड़ने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं लेकिन यह धर्मक्षेत्र आज भी रोडवेज बसों के यातायात से वंचित है। राजापुर से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज व अन्य जिलों की रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा था। कई बार परिवहन मंत्री को रोडवेज बस अड्डा स्थापित करने के लिए पत्राचार किया गया है पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### बसों के रुकने का कोई स्थान नहीं



समाजसेवी राधेश्याम सोनी ने बताया कि यहां से रोडवेज की बसों की आवाजाही तो होती है पर उनके ठहरने के लिए कोई निश्चित स्थान व आनेजाने का समय नहीं है। इस क्षेत्र के यात्रियों को यह पता नहीं चलता कि लखनऊ, बांदा, प्रयागराज, राठ, हमीरपुर आदि की रोडवेज बसें कब और कहां से आती जाती हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ राजापुर को विकसित करने के लिए घोषणाएं भी कर चुके हैं पर अभी तक उनको लागू नहीं किया गया।

# बिना पक्ष सुने ही बंद कर दिया अस्थायी रोडवेज बस अड्डा!

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। तो क्या परिवहन विभाग के अधिकारियों की बात को नहीं सुना गया और बिना उनको विश्वास में लिए अस्थायी रोडवेज बस अड्डा बंद कर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार अग्रवाल के जिलाधिकारी को भेजे पत्र से तो ऐसा ही लगता है।

गौरतलब है कि शुक्रवार शाम ट्रैफिक चौराहे के पास स्थित रोडवेज बस अड्डे को बैरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया। इसके साथ ही प्रशासन ने बेड़ी पुलिया के पास नवीन बस स्टैंड से बसों के संचालन का फरमान जारी कर दिया। आननफानन में उठाए गए इस कदम की मिली जुली प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। इनमें विरोध के स्वर ज्यादा हैं। विपक्ष के साथ सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने भी इसकी आलोचना की है। उधर, एक जानकारी और सामने आई है, जिससे लगता है कि प्रशासन ने यह निर्णय बहुत जल्दबाजी में लिया और परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी विश्वास में नहीं लिया। बताया जाता है कि इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूट धाम क्षेत्र संदीप कुमार अग्रवाल ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अपनी बात कहने की कोशिश की है।

इसमें बताया गया है कि सन् 1972 में आम आदमी की सुविधा को देखते हुए बस स्टैंड की स्थापना का नगरपालिका कर्वी ने रोडवेज से अनुबंध किया था। समय समय पर पालिका के बढ़ाए गए किराये का भी भुगतान किया गया। बताया कि अनावश्यक बढ़ाए गए किराये को कम करने के लिए एडीएम कोर्ट में परिवहन निगम बनाम नगर पालिका का मुकदमा भी विचाराधीन है। किराये पर दो बड़े कमरे, एक बड़ा हाल और मैदान दिया गया था, जबकि एक ही कमरा फिलहाल उपलब्ध था। बताया कि छह जून को अधिशासी अधिकारी लालजी, उप जिलाधिकारी पूजा साहू और पुलिस प्रशासन ने बस स्टेशन पहुंचकर पूछताछ कक्ष में जबरन ताला लगवा दिया और बोर्ड लगा दिया। अब वहां परिवहन निगम की बसें खड़ी करने के लिए कोई स्थान शेष नहीं है। बताया कि ईओ ने तीन जून को उप्र परिवहन निगम के जनसंपर्क कार्यालय में अवगत कराते हुए सात दिन में इसे खाली कराने की नोटिस दी थी। नोटिस कार्यालय को छह जून को मिली। बिना परिवहन निगम का पक्ष सुने मनमाने ढंग से एकतरफा कार्रवाई कर दी गई। इससे डग्गामार वाहनों, निजी बस संचालकों को प्रोत्साहन मिलेगा और राजस्व की क्षति होगी। उन्होंने कई और बातों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जिलाधिकारी से कर्वी में यात्रियों को चढ़ाने, उतारने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने, कर्वी फेयर स्टापेज समाप्त कराने के लिए समुचित स्तर से एक प्रशासनिक आदेश जारी कराने, जिससे मुख्यालय को अवगत कराया जा सके, का अनुरोध किया है।

- क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूट धाम क्षेत्र ने भेजा डीएम को पत्र


# सरकार को 8,076.84 करोड़ का दिया लाभांश

## एसबीआई के चेयरमैन ने वित्त मंत्री को सौंपा चेक

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश का चेक दिया।

इस मौके पर वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू और वित्त सचिव अजय सेठ भी थे। वित्त मंत्री के कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, निर्मला सीतारमण को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8076.84 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मिला। एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.90 रुपये प्रति शेयर का लाभांश घोषित किया था। बैंक ने पिछले साल सरकार को 6,959.29 करोड़ रुपये का लाभांश दिया था। एसबीआई ने 2024-25 के दौरान 70,901 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इससे पिछले साल यह आंकड़ा 61,077 करोड़ रुपये था।



## सीतारमण ने एसपीएमसीआईएल को जल्द नवरत्न का दर्जा मिलने की जताई उम्मीद

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को भारतीय प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह जल्द ही नवरत्न कंपनी बन जाएगी। एसपीएमसीआईएल इस समय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है और इसे भारत सरकार की अनुसूची 'ए' के तहत मिनीरत्न श्रेणी-1 कंपनी का दर्जा मिला हुआ है। सरकार कुछ पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। इसमें लाभ का पिछला रिकॉर्ड और कुल संपत्ति जैसे वित्तीय मानक शामिल हैं। वित्त मंत्री ने एसपीएमसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उसके प्रदर्शन की सराहना की। सार्वजनिक उपक्रम मुद्रा नोटों की छपाई, प्रचलन के लिए सिक्कों की ढलाई और स्मारक सिक्के की ढलाई का काम करता है। इस अवसर पर सीतारमण ने उम्मीद जताई कि एसपीएमसीआईएल अपने वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर नवरत्न का दर्जा भी हासिल करेगी। सीतारमण ने कहा कि 2015 में अपनी पूंजी पुनर्गठन के बाद कंपनी ने 2016-17 तक ब्याज सहित अपना पूरा ऋण चुका दिया और मजबूत प्रतिफल देना जारी रखा। वित्त वर्ष 2023-24 में इसने 364 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जबकि पिछले साल इसने 534 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था। वित्त मंत्री ने कहा कि निगम ने सीमा शुल्क विभाग द्वारा जब्त किए गए सोने से लगभग 3 .4 टन परिष्कृत सोना भारतीय रिजर्व बैंक को दिया।

# चीन का अमेरिका को निर्यात 35% घटा, अर्थव्यवस्था पर बढ़ा दबाव

बीजिंग, एजेंसी

चीन का अमेरिका को निर्यात मई माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 35 प्रतिशत घटा है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका से व्यापार वार्ता का नया दौर सोमवार को लंदन में शुरू होने वाला है।

पिछले महीने चीन के कुल निर्यात में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उम्मीद से कम है। अप्रैल में सालाना आधार पर चीन का निर्यात 8.1 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का आयात 3.4 प्रतिशत घट गया। इससे चीन का व्यापार अधिशेष 103.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। चीन ने मई में



- सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों से मिली जानकारी, उम्मीद से कम हुई निर्यात वृद्धि

अमेरिका को 28.8 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 44 अरब अमेरिकी डॉलर था। सीमा शुल्क विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका से इसका आयात घटकर 10.8 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। इसके बावजूद दक्षिण-पूर्व एशिया और यूरोपीय संघ को निर्यात मजबूत रहा, और इसमें सालाना आधार पर क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। थाइलैंड, वियतनाम और इंडोनेशिया को निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई। जर्मनी को निर्यात 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया।

आईएनजी इकनॉमिक्स की लिन सॉन्ग ने एक टिप्पणी में कहा, अन्य अर्थव्यवस्थाओं को निर्यात में तेजी ने व्यापार युद्ध के बावजूद चीन के निर्यात को अपेक्षाकृत तेजी से बढ़ने में मदद की है। कई कंपनियों ने ऊंचे शुल्क से बचने के लिए साल की शुरुआत में ऑर्डर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क में भारी बढ़ोतरी को टालने के लिए चीन के साथ एक समझौता किया है।

# बैंक शेयरों में बढ़त से सेंसेक्स 256 अंक मजबूत, निफ्टी 100 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 256 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 100 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती के बाद निवेशकों की धारणा में सुधार से बाजार बढ़त में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 256.22 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 अंक पर बंद हुआ। मुख्य रूप से बैंक



- स्थानीय शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी

शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबार के दौरान एक समय यह 480.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 100.15 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 अंक पर बंद हुआ। चार दिन की तेजी से निफ्टी 560 अंक यानी 2.27 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि सेंसेक्स 1,707 अंक मजबूत हुआ है। अमेरिका और चीन के बीच एक और दौर की व्यापार वार्ता को लेकर भी बाजार में धारणा सकारात्मक रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सप्ताह आरबीआई के नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया है। इससे अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों में तेजी आई है। ऊर्जा, आईटी और वित्तीय क्षेत्र प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वित्तीय शेयरों में तेजी जारी रही। इसका कारण आरबीआई की नीतिगत दर और सीआरआर में कटौती है।

## चार यूरोपीय देशों के समूह से व्यापार समझौता सितंबर तक

**बर्न।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच एफटीए इस साल सितंबर से लागू होने की संभावना है। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।




इसके तहत भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति होगी। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिश्टेंसटाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते पर कहा, यह सितंबर तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते को सभी चार देशों की संसदों से मंजूरी मिल गई है। हालांकि स्विट्जरलैंड में इस पर 10 जुलाई तक आपत्ति की जा सकती है।

# सुपर बिल्ट अप व कार्पेट एरिया में बढ़ा फासला

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख शहरों की आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है जिससे पिछले कुछ वर्षों में फ्लैट के भीतर इस्तेमाल लायक जगह काफी कम हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। किसी आवासीय परियोजना में साझा सुविधाओं के लिए इस्तेमाल हुई जमीन को भी जोड़कर फ्लैट की बिक्री की जाती है।

इस संपूर्ण क्षेत्रफल को सुपर बिल्टअप एरिया कहा जाता है जबकि फ्लैट के भीतर की जगह कार्पेट एरिया कही जाती है। इन दोनों के बीच के अंतर पर लोडिंग अनुपात कहा जाता है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक के मुताबिक, वर्ष 2019 में औसत लोडिंग अनुपात 31 प्रतिशत था लेकिन जनवरी-मार्च 2025 की



- आवासीय परियोजनाओं में साझा सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर बिल्डरों ने औसत लोडिंग को 40%तक पहुंचाया

तिमाही में यह बढ़कर 40 प्रतिशत पर पहुंच गया। फ्लैट मालिकों को अब रहने लायक कम जगह मिल रही है और वे साझा सुविधाओं के नाम पर अधिक पैसे चुका रहे हैं। ग्रुप के क्षेत्रीय निदेशक व प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा, हालांकि नियामक रेरा के तहत अब डेवलपरों के लिए घर खरीदने वालों को दिए जाने वाले कुल कार्पेट एरिया का उल्लेख करना जरूरी है लेकिन कानून में परियोजनाओं के लोडिंग फैक्टर को सीमित नहीं किया गया है।

## लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल

**लंदन।** सोमवार को शुरू हुए लंदन टेक वीक में 350 से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियां शामिल हुईं, जो इस आयोजन में देश का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल है। इन कंपनियों में द ब्लैक बॉक्स, डिजी ऑस्मोसिस, बहवान साइबरटेक, आर्य डॉट एआई, एमफैसिस, हेलिओस बैटरीज, फाइंड, हाइपररेडी, मनीहॉप और सियाम कंप्यूटिंग शामिल हैं। लंदन के मेयर कार्यालय ने भारतीय भागीदारी में वृद्धि को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हाल ही में हस्ताक्षर किए जाने के बाद दोनों देशों के तकनीकी परिवेश के बीच मजबूती का उदाहरण बताया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन टेक वीक में 'एक्सट्रैक्ट' को पेश करने की घोषणा की थी।

## राष्ट्रीय

# मशाल जुलूस निकाल सरकारी इमारत फूंकी

## मणिपुर में प्रदर्शनकारियों का विरोध प्रदर्शन जारी, सुरक्षाबलों से हुई झड़प, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

मणिपुर, एजेंसी

मणिपुर में मेइती संगठन के एक नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात को प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल जुलूस निकाले, एक सरकारी इमारत में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनकी झड़प हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के क्वाकेइथेल और सिंगजमै क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के याइरीपोक तुलिहाल स्थित उप-विभागीय कलेक्टर (एसडीसी) कार्यालय में आग लगा दी गई, जिससे इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा और आधिकारिक दस्तावेज जल गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आगजनी करने वालों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में कोई और अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों की आवाजाही को रोकने के लिए इंफाल पश्चिम जिले के सेकमई और कोइरेंगी क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी के ढेर लगा दिए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई, याइरीपोक और खुरई में सड़कों के बीच टायर जलाए और सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई जिसके बाद उन्हें तितर-बितर



प्रदर्शनकारियों के उपद्रव के बाद इंफाल में तैनात किया गया सुरक्षाबल।

करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। सोमवार सुबह इंफाल के कई इलाकों में सड़कों पर जले हुए टायर और धुआं उठता देखा गया। स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रदर्शनकारी कई सड़कों को बांस की बल्लियों से बंद कर रहे हैं।

हालांकि, सुरक्षा बलों ने कई अवरोधों को, विशेष रूप से इंफाल हवाई अड्डे की ओर जाने वाली तिद्दिम रोड पर लगे अवरोधकों को हटा दिया है। महिला समूहों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और खुरई में मशाल जुलूस निकालकर राज्य में सरकार के तत्काल गठन की मांग की। मणिपुर में अभी राष्ट्रपति शासन लागू है। मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार से मणिपुर में प्रदर्शन जारी है।

### पूर्व हेड कांस्टेबल कानन को मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था : पुलिस

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने कहा कि सीबीआई द्वारा एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया अशेम कानन सिंह राज्य पुलिस में हेड कांस्टेबल था और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उसे मार्च में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। सीबीआई ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के सदस्य कानन सिंह को गिरफ्तार किया है। अशेम कानन सिंह (46) को सीबीआई ने इंफाल में गिरफ्तार किया।

# पिछले 11 साल देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक तानेबाने पर हुआ हमला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पिछले 11 साल में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 सालों में संविधान के हर पन्ने पर सिर्फ तानाशाही की स्याही पोती है। उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर किया है व उनकी स्वायत्तता पर हमला किया है।

कहा कि चाहे जनमत के खिलाफ जाकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या जबरन एक दलीय



तानाशाही लागू करना हो, इस दौरान राज्यों के अधिकारों की अनदेखी की गई है और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार घृणा, धमकी व भय का माहौल फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। उन्हें आरक्षण और समान अधिकारों से वंचित करने

- कहा-सरकार ने संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही पोती

की साजिश जारी है। मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है।

कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा-आरएसएस ने देश की जीडीपी वृद्धि दर को 5-6 प्रतिशत पर बनाए रखने की आदत बना ली है, जो संप्रग के दौरान औसतन 8 प्रतिशत होती थी। उन्होंने कहा, सालाना 2 करोड़ नौकरियों के वादे को पूरा करने के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीन ली गईं। मुद्रास्फीति के कारण सार्वजनिक बचत 50 वर्षों में सबसे कम हो गई है और आर्थिक असमानता 100 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है।

### सबसे बड़ा जहाज



दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज एमएससी इरिना को केरल के तिरुवनंतपुरम में विझिनजाम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) पर पहुंचने पर पानी की बौछारों से सलामी दी गई।

### एक नजर

#### पटना में महिला और उसकी पुत्री की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी में एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की सेवानिवृत्त नर्स महालक्ष्मी और उनकी बेटी संथाली के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति धनंजय भी गोलीबारी में घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

#### असम से 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने या रहने वाले बंगलादेशी नागरिकों पर कड़ा रुख दोहराते हुए कहा है कि लगभग 330 अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया है और उनमें से कोई भी वापस नहीं आया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, उनके लिए वापस लौटना संभव नहीं है और हम इसके लिए दृढ़ हैं और उनकी वापसी में तेज़ी लायी जाएगी।

## व्यवसायी से रिश्वत लेने के आरोप में आईएएस अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता अधिकारियों ने 2021 बैच के आईएएस अधिकारी धर्मगढ़ के उप-कलेक्टर धीमान चकमा को एक स्थानीय व्यवसायी से कथित तौर पर दस लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आईएएस अधिकारी को रविवार को 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। यह राशि कुल 20 लाख रुपये की रिश्वत मांग की एक किस्त थी। चकमा ने व्यवसायी को धमकी दी थी कि अगर उसे रिश्वत नहीं मिली तो वह उसके व्यवसाय के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

## जासूसी मामला: पंजाब के यूट्यूबर जसबीर को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की एक अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के यूट्यूबर जसबीर सिंह को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दो दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया था।

चार जून को गिरफ्तारी के बाद उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था जिसे बाद में दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। सिंह के वकील मोहित धूपर ने कहा कि उसे 23 जून को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। रूपनगर जिले के महलान गांव का रहने वाला जसबीर सिंह उर्फ जान महल (41) एक यूट्यूब चैनल जान महल वीडियो चलाता था जिसके 11 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हैं। वह यात्रा और खाना पकाने के वीडियो ब्लॉग पोस्ट करता था। सिंह पर पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में न्यायिक हिरासत में भेजी गयी हरियाणा की इंफ्लुएंसर ज्योति मल्होत्रा के साथ निकट संपर्क में होने का आरोप है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर आरसीबी अधिकारी ने कोर्ट में दावा किया, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई गिरफ्तारी

- हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल को नहीं दी अंतरिम राहत, आज फिर होगी सुनवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत नहीं दी तथा मामले की सुनवाई मंगलवार के लिए स्थगित कर दी। सोसले को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ के सिलसिले में 6 जून को गिरफ्तार किया गया था।

हाईकोर्ट ने पुलिस को आरसीबी और इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों के खिलाफ 12 जून तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया और मामले की अगली सुनवाई उसी दिन तय कर दी। अपनी याचिका में सोसले ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। आरसीबी और डीएनए ने चार जून को आरसीबी के आईपीएल जीतने के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

### अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ सरकार को चेतावनी

न्यायाधीश ने राज्य सरकार को अनावश्यक गिरफ्तारियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा, यह भद्र लोगों में आम समझ है - जब तक हम मामले को अपने हाथ में नहीं ले लेते, तब तक कुछ भी मत कीजिए। सोमवार को सोसले के वकील ने अदालत के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारियों ने आरसीबी अधिकारी को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। आरसीबी के अधिकारी को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह दुबई जा रहे थे।

## निर्वाचन आयोग हरियाणा-महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ा डेटा कब तक सौंपेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़े डेटा साझा करने संबंधी निर्वाचन आयोग के कथित फैसले की सोमवार को सराहना करते हुए इसे पहला अच्छा कदम करार दिया। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वह उस तारीख का ऐलान करे, जब डिजिटल और 'मशीन द्वारा पठनीय' प्रारूप में डेटा सौंपा जाएगा।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया की एक खबर का 'स्क्रीनशॉट' साझा किया, जिसमें दावा किया गया है कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 से 2024 तक हरियाणा और महाराष्ट्र के लिए मतदाता सूची का डेटा साझा करने का रास्ता साफ कर दिया है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने इससे पहले इस साल की शुरुआत में दिल्ली उच्च न्यायालय को इस संबंध में आश्वासन दिया था।

# क्रिश्चियन मिशेल की सुरक्षा रिपोर्ट लापता अदालत ने कहा- गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद अगस्ता वेस्टलैंड मामले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की सुरक्षा पहलू से जुड़ी जांच फाइल का गायब होना गंभीर चिंता का विषय है। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को फाइल ढूंढने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश संजय जिंदल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को 7 जुलाई तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि उन्हें बताया गया कि अदालत द्वारा मांगी गई मूल रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद भी नहीं मिल सकी है।

अदालत ने कहा, अभियुक्तों द्वारा उठाए गए मुद्दों की गंभीरता और जेम्स की शिकायत पर हाल की सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड पर आए

- तिहाड़ जेल प्रशासन को रिपोर्ट पेश करने का आदेश, मिशेल ने जान से मारने की साजिश का आरोप लगाया

तथ्यों को देखते हुए, यह गंभीर चिंता का विषय है कि जांच की केस फाइल, जिसके आधार पर 29 अगस्त, 2019 की रिपोर्ट दी गई थी, का पता नहीं चल पा रहा है। न्यायाधीश ने कहा, तिहाड़ जेल के महानिदेशक (कारागार) को उपरोक्त जांच फाइल का पता लगाने और उसे पेश करने के लिए कहा जाए और यदि केस फाइल का अब भी पता नहीं लगता है, तो अगली सुनवाई की तारीख पर जांच फाइल के पता न चलने के तथ्यों और परिस्थितियों के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि जेम्स की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे।

## खेल डायरी

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो :** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, "यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है। पैराग्वे, 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 24 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जो चौथे स्थान पर मौजूद ब्राजील से दो अंक आगे है। शीर्ष छह टीमें अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में अगले साल होने वाले विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी।

### दिल्ली ओपन में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली :** शीर्ष वरीयता प्राप्त एस एल नारायणन की अगुवाई में भारत के ग्रैंड मास्टर नॉर्म प्राप्त खिलाड़ियों का दिल्ली अंतरराष्ट्रीय जीएम ओपन शतरंज में सोमवार को चौथे दौर में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। नारायणन ने वियतनाम के ग्रैंड मास्टर गुयेन डुक होआ को हराया, जबकि दिप्तायन घोष और दो अन्य घरेलू ग्रैंड मास्टर ने भी शानदार जीत दर्ज कर तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिनेश शर्मा और अंतरराष्ट्रीय मास्टर हर्ष सुरेश ने भी अपने अपने मुकाबले में जीत के साथ दबदबा कायम किया है। ग्रैंड मास्टर आदित्य एस सामंत ने भी लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा है। दिल्ली जीएम ओपन एशिया के सबसे बड़े क्लासिकल प्रारूप के ओपन शतरंज टूर्नामेंट के रूप में वैश्विक ध्यान आकर्षित कर रहा है। इस टूर्नामेंट में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है। इसकी पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये है।

### डीडीसीए की पहली महिला टी20 लीग शुरू

**नई दिल्ली :** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की पहली महिला टी20 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में आर पी क्रिकेट अकादमी ने एन के खन्ना क्लब को 44 रन से हराया। इस लीग में डीडीसीए से पंजीकृत 41 क्लबों की टीमें भाग ले रही हैं और मॉडर्न स्कूल में पहला मुकाबला खेला गया। डीडीसीए उपाध्यक्ष शिखा कुमार ने इस अवसर पर कहा यह टूर्नामेंट महिला क्रिकेटरों के लिये बेहतरीन अवसर है । उम्मीद है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ महिला प्रीमियर लीग में खेलने का मौका मिलेगा। मुख्य अतिथि संगीता जेटली ने कहा यह ऐसा मंच है जहां परिश्रम और आत्मबल की वास्तविक परख होगी । मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्षों तक यह प्रेरणा और उत्साह का प्रतीक बना रहेगा।

### भारतीय निशानेबाजी लीग से भारत को बढ़ावा मिलेगा

**नयी दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मैरी टकर का मानना है कि भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) भारत और दुनिया भर में इस खेल को विकसित करने का बड़ा अवसर प्रदान करेगी। तोक्यो ओलंपिक 2020 में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली इस 23 साल की इस निशानेबाज ने कहा कि उन्हें टीम प्रारूप वाले टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा करना पसंद है। उन्होंने एनसीएए (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन, अमेरिका) प्रतियोगिताओं में केंटुकी विश्वविद्यालय और वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के साथ जर्मनी की बुंडेसलीगा में साल्टेंडोर्फ टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है। टकर ने कहा मुझे लीग बहुत पसंद है।

### दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर

**लंदन :** वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है।

### हम अतीत के दिग्गजों का सम्मान करना चाहते हैं : महाराज

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज बुधवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ग्रीम स्मिथ और उनकी टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन रही टीम के साथी खिलाड़ियों का अनुसरण करना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका ने 13 साल पहले लॉडर्स पर ही टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। उस टीम में स्मिथ, जाक कैलिस, डेल स्टेन जैसे खिलाड़ी थे जिन्होंने इंग्लैंड को मात दी थी। महाराज ने कहा मुझे वह पल याद हैं जब उन्होंने गदा को उठाया था। हम अपने लिये जीतना तो चाहते ही हैं लेकिन अतीत के दिग्गजों को भी सम्मानित करना चाहते हैं । उम्मीद है कि यह खिताब जीतकर हम भी उनकी जमात में शामिल हो सकेंगे। दक्षिण अफ्रीका लगातार सात टेस्ट जीतकर लंदन पहुंची है । उसे आखिरी बार फरवरी 2024 में टेस्ट मैच में पराजय मिली थी।

# भारत को इंग्लैंड में हालात के अनुकूल ढलना होगा

## पूर्व क्रिकेटरों ने टेस्ट सीरीज में अच्छे प्रदर्शन के लिए दी सलाह, रोहित व विराट के संन्यास के बाद शुभमन पर बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटरों ने सोमवार को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इंग्लैंड में कामयाबी के लिए हालात के अनुकूल ढलने की सलाह दी। वहीं माइकल वॉन का मानना है कि पांच टेस्ट मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए 'कुछ खास' की शुरुआत हो सकती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी इस दौरे के लिए नहीं चुने गए हैं।

चेतेश्वर पुजारा ने कहा भारत को इंग्लैंड के हालात के अनुरूप तुरंत ढलना होगा। इंग्लैंड के हालात और टीम संयोजन को समझने के कारण मैं कह सकता हूं कि अनुशासन, संयम और एक दूसरे का सहयोग अहम होगा। उन्होंने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक सोनी स्पोटर्स से कहा हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा और चुनौती का सम्मान करना होगा । मुझे यकीन है कि हर खिलाड़ी के विकास और सफलता के लिये यह बड़ा मौका होगा।

पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा इंग्लैंड दौरा हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मजेदार भी रहता है। हालात के अनुकूल ढलना अहम होगा और मुझे यकीन है कि खिलाड़ी ऐसा कर सकेंगे। गेंदबाजी में हमारे पास अनुभव और स्थिरता है।



शुभमन गिल



चेतेश्वर पुजारा



आशीष नेहरा



इरफान पठान।

पूर्व हरफनमौला इरफान पठान ने कहा भारत की नयी टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है लेकिन एक हरफनमौला होने के नाते मैं कह सकता हूं कि हालात के अनुरूप ढलना अहम होगा। गिल की कप्तानी, पंत की ऊर्जा और भारत के युवा खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने कहा कि 25 वर्ष के गिल को टेस्ट कप्तान बनाना साहसिक फैसला है और यह निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा शुभमन गिल भारतीय टेस्ट क्रिकेट का नया चेहरा है। इंग्लैंड श्रृंखला के लिये उसे कप्तान बनाने का फैसला साहसिक है। उसे बहुत कुछ साबित करना होगा लेकिन उसने दिखा दिया है कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है।

ऋषभ पंत उपकप्तान है और यह टीम खुद को साबित करने के लिये बेताब है। इंग्लैंड का दौरा भारत की अगली पीढ़ी के लिए किसी खास का आगाज हो सकता है।

### ऑफ साइड के बाहर की गेंद पर जूझने के कारण कोहली ने संन्यास लिया : पनेसर

**नई दिल्ली :** पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बार-बार जूझने की समस्या का संभवत: समाधान नहीं मिलने के कारण विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले और 2012 में भारत में अपनी टीम को टेस्ट सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले पनेसर का मानना है कि कोहली को इंग्लैंड के अपने पिछले दौरों की तुलना में ऑफ स्टंप के आसपास घूमती गेंदों से निपटना अधिक कठिन लगता। कोहली ने 2014 के खराब दौरे के बाद 2018 में इंग्लैंड में वापसी की। वर्ष 2014 में जेम्स एंडरसन ने इस दिग्गज बल्लेबाज को काफी परेशान किया। पनेसर ने पीटीआई से कहा कोहली के साथ जो हुआ है वह यह है कि ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद, पांचवें स्टंप की लाइन, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया में तेज उछाल वाली पिचों पर वह संघर्ष कर रहे थे।

## भारत ए की बढ़त 400 रन के पार

**नॉर्थम्पटन :** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल कंबोज (नाबाद 51) के अर्धशतक से भारत ए ने सोमवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में सात विकेट पर 417 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 438 रन तक पहुंचाई। कोटियान ने अब तक 108 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके मारे हैं। उन्होंने और कंबोज ने दूसरे सत्र में इंग्लैंड लॉयन्स के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। दोनों अब तक आठवें विकेट के लिए 149 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

कंबोज ने भी मेजबान टीम के थके हुए गेंदबाजों का फायदा उठाते हुए उम्दा पारी खेली। मेजबान टीम को विकेट की तलाश में कामचलाऊ गेंदबाजों को भी आजमाना पड़ा लेकिन सफलता नहीं मिली। कोटियान ने 74वें ओवर में बेन मैकिनी की गेंद को थर्ड मैन पर चार रन के लिए खेलकर अपना 16वां प्रथम श्रेणी अर्धशतक पूरा किया। कंबोज ने 91वें ओवर में तीन रन के साथ अपना पहला अर्धशतक जड़ा।

## एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड से लगातार दूसरा मैच हारा भारत

**एम्सटेलवीन :** नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब सोमवार को नीदरलैंड ने उसे 3-2 से हराया। सात जून को पहले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी । भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया । भारत के लिये पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था जो अपना 100वां मैच खेल रहे थे। नीदरलैंड के लिये थीज वैन डैम ने 24वें, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे । भारत ने मुकाबले में तेज शुरुआत की और पहले क्वार्टर में नौ बार विरोधी टीम के सर्कल में प्रवेश किया लेकिन टीम गोल नहीं कर सकी। भारत को पहला मौका छठे मिनट में मिला लेकिन अभिषेक का शॉट गोल से दूर रहा। शिलानंद लाकड़ा भी इसके बाद मिडफील्ड से गेंद को अपने कब्जे में लेकर आगे बढ़े लेकिन गोल करने में नाकाम रहे।

# यानिक सिनर शीर्ष पर बरकरार

- डब्ल्यूटीए रैंकिंग में बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं।


फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं, लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता।



यानिक सिनर। ● एजेंसी

डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एरिना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इटली के सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।



फ्रेंच ओपन विजेता कार्लोस अल्कारेज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। ● एजेंसी

# अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीद

**आईएसएसएफ विश्व कप**

**म्यूनिख, एजेंसी**

दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को यहां आईएसएसएफ ( अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होगी। क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पर्धाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालीफिकेशन शुरू होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूर्नामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेंगी। भारत पहले दिन दो पदक स्पर्धाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे।



इलावेनिल वालारिवन। ● एजेंसी

भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरुआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पर्धाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी। भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है। भारत ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरुआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी।

## मैच में अश्विन के अशिष्ट व्यवहार ने ध्यान खींचा

**कोयंबटूर :** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में डिंडीगुल ड्रैगन्स और आईड्रीम तिरुप्पुर तमिलियंस के बीच मैच के दौरान विवादास्पद तरीके से आउट होने के बाद मैदान पर अचानक गुस्से में आ गए।

ड्रैगन्स की अगुआई कर रहे अश्विन पारी की शुरुआत करने आए और पांचवें ओवर में अश्विन स्पिनर आर साई किशोर की गेंद पर पगबाधा आउट करार दिए गए। अश्विन ने पांचवें ओवर में पैडल स्वीप खेलने की कोशिश की पर गेंद उनके पैड पर लगी। अंपायर वेंकटेशन कृतिका ने गेंदबाज की अपील पर अपनी उंगली उठाई क्योंकि अश्विन तेजी से एक लेने के लिए दौड़ रहे थे। रीप्ले से यह स्पष्ट था कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। अश्विन डीआरएस नहीं ले सके क्योंकि उन्होंने और जोड़ीदार शिवम सिंह डीआरए ले चुके थे।

# कोलकाता व दिल्ली के टेस्ट मैचों में बदलाव

- विंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने हैं मुकाबले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुताबिक कोलकाता के ईडन गार्डन्स और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के आगामी घरेलू सत्र के दौरान क्रमशः वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने आवंटित टेस्ट मैचों की अदला-बदली करेंगे। दिल्ली को पहले 14 से 18 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट की मेजबानी करनी थी, लेकिन अब वह 10 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई की ओर से स्थल परिवर्तन का कारण नहीं बताया गया है, लेकिन समझा जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नवंबर के मध्य में वायु प्रदूषण के स्तर के खतरनाक होने के कारण यह फैसला लिया गया है। कुछ साल पहले भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस मैच के दौरान श्रीलंकाई क्षेत्ररक्षकों ने मास्क पहने हुए थे और कुछ को कथित तौर पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

समझा जाता है कि बीसीसीआई की क्रिकेट संचालन टीम ने पिछले कुछ वर्षों के एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) डेटा को एकत्रित किया और निर्णय लिया कि स्थल परिवर्तन एक व्यवहार्य विकल्प है। भारत का घरेलू सत्र वेस्टइंडीज के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाने वाले दो टेस्ट मैचों से शुरू होगा। इसकी शुरुआत दो अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी।

# पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

- शूटआउट में स्पेन को हराकर दूसरी बार हासिल की ट्रॉफी

**म्यूनिख, एजेंसी**

पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया।




जर्मनी के म्यूनिख में पुर्तगाल की टीम ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतरराष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डो का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पायी। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुये शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किये। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

## एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से चुनौती

**कोवलून (हांगकांग) :** टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम एएफसी एशियाई कप फुटबॉल 2027 के तीसरे दौर के क्वालीफायर मैच में मंगलवार को हांगकांग से खेलेगी तो यह चुनौती भी उसके लिए आसान नहीं होगी।

स्थानीय मीडिया रपटों के अनुसार मैच के 50 हजार टिकट बिक चुके हैं जो हांगकांग फुटबॉल में एक नया रिकॉर्ड है। मनोलो मार्केज की टीम का सामना ऐसी हांगकांग टीम से है जिसके मैनेजर एशले वेस्टवुड हैं और जो भारतीय फुटबॉल के बारे में काफी कुछ जानते हैं । वह 2013 से 2016 तक बेंगलुरू एफसी के कोच रहे जिसके बाद एटीके और राउंडग्लास पंजाब एफसी के भी कोच रहे। विश्व रैंकिंग में 127वें स्थान पर काबिज भारत ने मार्च में बांग्लादेश से ड्रॉ खेला था।

